


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 317 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन कृ.10, 2082 गुरुवार, 12 फरवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## 'मेरी बात मानी होती तो वहां नहीं बैठे होते'

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बुधवार को राहुल गांधी ने लोकसभा में बजट पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने अमेरिका संग ट्रेड डील को लेकर मोदी सरकार पर भारत के हितों का ध्यान न रखने का आरोप लगाया। भाषण के दौरान हंगामे वाली स्थिति के समय चेयर पर बैठे जगदंबिका पाल ने राहुल गांधी को कुछ दिशा निर्देश दिए तो लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें कुछ निर्देश दिए। इस पर राहुल गांधी ने उनकी बात मानते हुए उन्हें 'पुराना कांग्रेसी' कहा। राहुल गांधी ने कहा कि आप हमारी पार्टी के पूर्व सदस्य है। राहुल गांधी द्वारा यह टिप्पणी किए जाते ही जगदंबिका पाल ने कहा, अगर मेरी बात मानी होती तो वहां नहीं बैठे होते।

### > रिजिजू का विपक्ष पर आरोप

# 'कांग्रेस के सांसद ओम बिरला के कक्ष में गए और गालियां दीं'

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई सांसद स्पीकर के कक्ष में गए और उनके साथ गाली गलौज की। रिजिजू के अनुसार, इस घटना से स्पीकर ओम बिरला बहुत आहत हैं। पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि उन्होंने खुद इस विषय पर लोकसभा अध्यक्ष से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि करीब 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के कक्ष में पहुंचे और उनके साथ गाली गलौज की। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि जब यह हो रहा था कि उस समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी वहां मौजूद थे और इसका विरोध करने के जगह अपने सांसदों को और उकसा रहे थे।

> कांग्रेस के करीब 20-25 सांसद लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में पहुंचे और उनके साथ गाली गलौज की। जब ये हो रहा था उस समय प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी वहां कक्ष में मौजूद थे और सांसदों को उकसा रहे थे। इस घटना से ओम बिरला बहुत आहत हैं।
>
> - किरेन रिजिजू, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री



**सदन में बोलने को लेकर विवाद पर क्या बोले रिजिजू**

रिजिजू ने सदन में बोलने को लेकर हुए विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्पीकर ने एक फैसला दिया था, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। उनके मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है और वे अपनी इच्छा से बोलेंगे। इस पर रिजिजू ने कहा कि संसद में नियम बहुत साफ हैं, बिना अध्यक्ष की अनुमति कोई भी सदस्य नहीं बोल सकता। उन्होंने यह भी कहा कि यहां तक कि प्रधानमंत्री भी तभी बोलते हैं जब अध्यक्ष अनुमति देते हैं। हर सदस्य को नियमों का पालन करना होता है। उन्होंने कहा कि स्पीकर का स्वभाव बहुत शांत है, वरना इस तरह की घटना पर सख्त कार्रवाई हो सकती थी।

**लोकसभा अध्यक्ष को हटाने पर कांग्रेस का प्रस्ताव**

बता दें कि यह पूरा विवाद उस समय सामने आया है जब कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर चर्चा बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन यानी 9 मार्च को हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि विपक्ष द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में कुछ कमियां पाई गई हैं। बताया जा रहा है कि नोटिस में फरवरी 2025 की घटनाओं का चार बार उल्लेख किया गया है, जो नियमों के अनुसार तकनीकी आपत्ति का कारण बन सकता था। हालांकि, स्पीकर ने लोकसभा सचिवालय को निर्देश दिया है कि नोटिस में जो भी कमियां हैं, उन्हें ठीक कराया जाए और आगे की प्रक्रिया पूरी की जाए।

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में एक और आरोपी को जमानत

### > 90 दिन में आरोप पत्र दाखिल न होने पर मिली राहत

तिरुवनंतपुरम, 11 फरवरी (एजेंसियां)। केरल के कोल्लम की एक विजिलेंस कोर्ट ने बुधवार को त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्ष और कमिश्नर एन. वासु को सबरीमाला सोने की हेराफेरी मामले में जमानत दे दी। यह राहत उन्हें इसलिए मिली क्योंकि विशेष जांच टीम (एसआईटी) उनकी गिरफ्तारी के 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करने में नाकाम रही। कानून के मुताबिक, अगर तय समय में चार्जशीट पेश नहीं होती, तो आरोपी को जमानत का हक मिल जाता है।

**एक और आरोपी हुआ रिहा**

एन. वासु को 11 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। वह सोने की प्लेटों में हुई गड़बड़ी के मामले में तीसरे आरोपी हैं और जमानत पाने वाले पांचवें आरोपी बन गए हैं। इससे पहले मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी और मुरारी बाबू को भी कोर्ट से राहत मिल गई थी। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद वासु को जेल से रिहा कर दिया जाएगा। वह (सीपीआई-एम) के नेता भी हैं।

यह पूरा मामला मंदिर के सोने की प्लेटों से जुड़ा है। आरोप है कि जब वासु देवस्वोम कमिश्नर थे, तब सोने की प्लेटों को रिकॉर्ड में तांबे की प्लेट बताया गया था। एसआईटी का कहना है कि यह मंदिर की संपत्ति के साथ बड़ी धोखाधड़ी थी। हालांकि, वैज्ञानिक जांच की रिपोर्ट आने में देरी हुई, जिस वजह से जांच टीम समय पर अपनी रिपोर्ट पूरी नहीं कर पाई। गिरफ्तारी के बाद से ही वासु की तबीयत खराब है। वह पूजापुरा सेंट्रल जेल के अस्पताल में भर्ती हैं। पिछली बार जब उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था, तब उन्हें हथकड़ी पहनाई गई थी। इस बात पर काफी विवाद भी हुआ था। दूसरी तरफ, कोर्ट ने बुधवार को मामले के अन्य आरोपियों पंकज भंडारी, गोवर्धन और के.एस. बैजू की रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। जांच टीम ने एक पुराने पत्र का भी हवाला दिया है। इसमें मुख्य आरोपी पोट्टी ने तत्कालीन बोर्ड अध्यक्ष से सोने का इस्तेमाल एक लड़की की शादी के लिए करने की इजाजत मांगी थी। एसआईटी के मुताबिक, वासु को पता था कि पोट्टी के पास जरूरत से ज्यादा सोना है, फिर भी उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। वासु ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

# 'हम सोनम वांगचुक को रिहा नहीं कर सकते'

## केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा-वह पूरी तरह फिट हैं

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह लद्दाख के क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को रिहा नहीं कर सकती। वांगचुक को पिछले साल लेह में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) के तहत अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। इस हिंसक प्रदर्शन में चार लोग मारे गए थे और 150 से ज़्यादा लोग घायल हुए थे।

भारत के सॉलिसिटर जनरल (एसजीआई) तुषार मेहता ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच के सामने यह बात कही। यह बात सुप्रीम कोर्ट के पहले के सवाल के जवाब में कही गई थी। जिसमें अधिकारियों से वांगचुक की बिगड़ती सेहत को देखते हुए मेडिकल आधार पर उनकी रिहाई पर विचार करने को कहा गया था। एसजी मेहता ने कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से उनकी समय-समय पर करीब 24 बार जांच की गई है। वह पूरी तरह फिट हैं। उन्हें पाचन की समस्या थी, इन्फेक्शन था। मेहता ने कहा कि अगर हम (उन्हें रिहा करने के लिए) ऐसे अपवाद बनाना शुरू करते हैं, तो इसका कोई अच्छा नतीजा नहीं निकलेगा। जिन आधारों पर हिरासत का आदेश दिया गया था, वे जारी रहेंगे।

### > लोकसभा में राहुल के आक्रामक तेवर

# हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता है

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। संसद में लंबे गतिरोध के बाद आज लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी।

उन्होंने आम बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है।'



> दुनिया के पास डाटा के दो पूल हैं- भारत का डाटा पूल (1.4 अरब लोगों का) और चीन (वहां भी इतनी ही जनसंख्या है)। यानी हम डाटा के मामले में ताकतवर हैं। हमारी दूसरी ताकत हैं हमारे किसान, जो खाना देते हैं।
>
> राहुल गांधी, लोकसभा में नेता विपक्ष


राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है।

### मैटेरनिटी लीव ठुकरा कर चर्चित हुईं आईएएस

# श्रृजना गुमल्ला अब साइबराबाद की पहली नगर आयुक्त बन रचा इतिहास

हैदराबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना सरकार ने आधिकारिक तौर पर ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) को तीन अलग-अलग नगर निकायों में विभाजित कर दिया है। जीएचएमसी के साथ-साथ सरकार ने साइबराबाद नगर निगम (सीएमसी) और मलकाजगिरि नगर निगम (एमएमसी) का गठन किया है। तेलंगाना सरकार ने साइबराबाद नगर निगम का गठन कर दिया। सीनियर आईएएस अफसर श्रृजना गुमल्ला को नवगठित साइबरबाद नगर निगम का आयुक्त नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही सृजना का नाम तेलंगाना के इतिहास में दर्ज हो जाएगा क्योंकि वह साइबराबाद नगर निगम की पहली कमिश्नर हैं। साइबराबाद नगर निगम के प्रथम आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्रृजना ने अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने कहा कि हम मिलकर एक सुदृढ़, उत्तरदायी और संवेदनशील संगठन का निर्माण करेंगे जो अपने नागरिकों को सर्वोत्तम सार्वजनिक सेवा प्रदान करने का वादा करता है।



श्रृजना एक ऐसी महिला अफसर हैं, जो अपने काम के प्रति बेहद समर्पित हैं। वह अपनी ड्यूटी को पहले रखती हैं। श्रृजना 2020 में उस समय चर्चा में आईं, जब वह अपने महज 20 दिन के बच्चे को लेकर ऑफिस में काम करने पहुंच गई थीं। जब देश कोविड से जूझ रहा था और हर कोई पब्लिक डीलिंग से बच रहा था, तब श्रृजना ने अपनी मैटेरनिटी लीव कैंसल कर काम पर पहुंच गई थीं।

श्रृजना से जब पूछा गया कि वह 20 दिन के बच्चे को लेकर काम पर क्यों आईं, जबकि उन्हें 6 महीने की मैटरनिटी लीव मिली थी तो उन्होंने कहा था कि देश में कोरोना वायरस महामारी के चलते कर्तव्य का पालन करते हुए उन्होंने जल्द से जल्द काम पर लौटने का फैसला किया। महिला अफसर की तस्वीरें कार्यालय में बच्चे को गोद में लेकर काम करते हुए सामने आईं तो उन्होंने सोशल मीडिया पर खूब प्रशंसा बटोरी। श्रृजना का जन्म 24 अप्रैल 1985 को हैदराबाद में ही हुआ था।

## अनुराग ठाकुर ने बजट को बताया 'डेवलपमेंट एक्सप्रेस'

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद ने इसे देश के विकास और समावेशन को लेकर नया संदेश बताया। ठाकुर ने इसे 'डेवलपमेंट एक्सप्रेस' बताते हुए कहा कि यह सिर्फ आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और समाज के हर वर्ग के कल्याण की व्यापक दृष्टि है। उन्होंने केंद्रीय बजट को देश के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह बजट सबका जिक्र और सबकी फिक्र के सिद्धांत पर आधारित है और यह केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने की व्यापक योजना है।

# सीजेआई सूर्यकांत ने खारिज कर दी चंद्रचूड़ की जेंडर हैंडबुक!

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में एक जेंडर हैंडबुक प्रकाशित की थी। इसमें महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों और प्रचलित स्टीरियोटाइप सोच से निपटने के लिए कुछ नए शब्दों के इस्तेमाल की बात कही गई थी। इसका मकसद जजों और वकीलों को जेंडर आधारित भेदभावपूर्ण और अपमानजनक शब्दों के बारे में संवेदनशील बनाना और उनकी मदद करना था। मगर, अब देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की पीठ ने तकरीबन खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हैंडबुक कुछ ज्यादा ही तकनीकी और हार्वर्ड ओरिएंटेड है, जो रेप पीड़िता और आम लोगों के लिए मददगार नहीं है।

**सीजेआई बोले-हैंडबुक नहीं समझ सकती रेप पीड़िता**



टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मंगलवार को हार्वर्ड से शिक्षित मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की पहल पर 2023 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रकाशित 'लिंग संबंधी रूढ़ियों से निपटने पर हैंडबुक' को करीब-करीब खारिज कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस एनवी अंजारी की पीठ ने कहा कि हैंडबुक में यौन उत्पीड़न के कई पहलुओं को फोरेंसिक अर्थ दिए गए हैं, जिन्हें रेप पीड़िता, उसके रिश्तेदार या आम लोग नहीं समझ सकते। नीचे दिए ग्राफिक से समझ सकते हैं कि इस हैंडबुक में स्टीरियोटाइप शब्दों की जगह किन शब्दों का इस्तेमाल करने की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले की असंवेदनशीलता पर स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें यह फैसला सुनाया गया था कि 'ब्रेस्ट पकड़ना' और 'पायजामा की डोरी ढीली करना' रेप का प्रयास नहीं माना जाता।

# भाजपा विधायक बसवराज की अंतरिम जमानत रद्द, कभी भी हो सकते हैं गिरफ्तार

बेंगलूरु, 11 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने हिस्ट्रीशीटर हत्याकांड मामले में आरोपी भाजपा विधायक बिरथी बसवराज को पुलिस के सामने सरेंडर करने के लिए कहा है। मंगलवार को हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को खारिज कर दिया था। इससे पहले, कोर्ट ने बसवराज को गिरफ्तारी से अंतरिम छूट दी थी।



> हिस्ट्रीशीटर की हत्या के आरोपी भाजपा विधायक बिरथी बसवराज की जमानत याचिका खारिज

पत्रकारों ने जब परमेश्वर से सवाल किया कि बिरथी बसवराज को गिरफ्तार क्यों नहीं किया, तो उन्होंने कहा भाजपा विधायक बिरथी बसवराज के लिए पुलिस के सामने सरेंडर करना अच्छा है। कोर्ट ने मंगलवार को अपना ऑर्डर पास कर दिया था। अगर वह अपनी मर्ज़ी से सरेंडर करते हैं, तो अच्छा हैनहीं तो, पुलिस उन्हें ढूंढेगी। बिरथी बसवराज बेंगलुरु के केआर पुरम से भाजपा के विधायक हैं। वह हिस्ट्रीशीटर शिवप्रकाश उर्फ बिकलू शिवा के हत्या के मामले में आरोपी है। कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा मंगलवार को अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद वे जल्द ही गिरफ्तार हो सकते हैं।

कोर्ट के फैसले के बाद, सीआईडी अधिकारियों ने विधायक का पता लगाने के लिए जांच अभियान शुरू किया। सीआईडी सूत्रों ने बताया कि बसवराज फरार हो गया है, और पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उसे कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। बसवराज के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है, ताकि वे देश छोड़कर न भाग सके। अधिकारी दूसरे राज्यों की पुलिस के साथ भी संपर्क कर रही है। गिरफ्तारी के लिए कुछ विशेष टीमें बनाई गई है। हिस्ट्रीशीटर बिकलू शिवा की हत्या पिछले साल 15 जुलाई को बेंगलुरु के हलासुरु इलाके में हुई थी। उसे उसके घर के सामने चाकू मारा गया था। बसवराज को इस मामले में पांचवा आरोपी बनाया गया है। जांच में विधायक के खिलाफ सबूत मिले थे।

## सुप्रीम कोर्ट में असम सीएम हिमंत सरमा के खिलाफ एक और याचिका सूचीबद्ध

**नफरती भाषण देने का आरोप**

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के खिलाफ एक और याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है। चार लोगों ने यह याचिका दायर की है। याचिका में मुख्यमंत्री पर एक समुदाय के लोगों के खिलाफ कथित नफरत भरे भाषण देने का आरोप लगाया है। मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट ने एक अलग याचिका पर सुनवाई करने की बात कही थी। यह याचिका भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नेता एनी राजा ने दायर की थी। इसमें एक वायरल वीडियो का जिक्र है। वीडियो में कथित तौर पर मुख्यमंत्री को एक समुदाय की ओर राइफल से निशाना लगाते और गोली चलाते दिखाया गया है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा मामला : 'एपीए' पर फैसला करेगा कलकत्ता हाईकोर्ट'

## सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए को दिया बड़ा निर्देश

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में जांच की संवेदनशीलता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कहा कि वह यूएपीए कानून के तहत अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट कोलकाता हाईकोर्ट में दाखिल करे। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को भी निर्देश दिया गया कि अगर उन्हें एनआईए जांच पर कोई आपत्ति है, तो वे हाईकोर्ट में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस दौरान कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट केंद्र के निर्णय की वैधता भी देख सकती है।

कोर्ट ने कहा कि यह जांचना कलकत्ता हाईकोर्ट का काम है कि इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तरफ से गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून यानी यूएपीए लगाना सही था या नहीं। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्र सरकार को एनआईए जांच सौंपने की छूट दी गई थी। इसके बाद गृह मंत्रालय ने 28 जनवरी को एनआईए को जांच सौंप दी थी।




**सुप्रीम कोर्ट ने एनआईए को क्या निर्देश दिए**

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका खारिज करते हुए एनआईए को निर्देश दिया कि वह अपनी स्टेटस रिपोर्ट (जांच की स्थिति) सीलबंद लिफाफे में कलकत्ता हाईकोर्ट में जमा करे। रिपोर्ट में यह बताया जाए कि अब तक जुटाए गए सबूतों के आधार पर यूएपीए की धाराएं लगाना पहली नजर में सही था या नहीं। कोर्ट ने साफ कहा कि वह इस मामले के गुण-दोष पर कोई राय नहीं दे रहा है। साथ ही निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्तियों पर कलकत्ता हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली खंडपीठ सुनवाई करे, जहां पहले से संबंधित याचिका लंबित है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से सवाल उठाया कि एनआईए ने एफआईआर दर्ज करते समय यूएपीए की धारा 15 (आतंकवादी कृत्य) किस आधार पर लगाई।

कोर्ट ने कहा कि बिना दस्तावेज देखे कैसे कहा जा सकता है कि यूएपीए की धारा सही है? केस डायरी भी सामने नहीं थी।

## सुनील जाखड़ का आरोप- 'मोगा में प्रवासी मजदूरों को साजिश के तहत टारगेट किया गया'

चंडीगढ़, 11 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने मोगा जिले में प्रवासी मजदूरों पर हुए हमले की घटना की निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोगा में बाहर से आए मजदूरों को साजिश के तहत टारगेट किया गया। पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पहले पंजाब में बिजनेसमैन को टारगेट किया जा रहा था, जिसकी वजह से यहां कोई नई इंडस्ट्री आने को तैयार नहीं हो रही थी। अब मोगा में बाहर से आए मजदूरों को साजिश के तहत टारगेट करने की घटना हुई है। यह बहुत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग पिछले कुछ समय से इस विषय पर समाज में जहर फैला रहे हैं।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव: कांग्रेस के दबाव के बाद डीएमके का बड़ा एलान

# सीट-शेयरिंग समिति बनाने की तारीख घोषित की

चेन्नई, 11 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत में गर्माहट बढ़ गई है। चुनावी रण में राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। इसी बीच तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके ने शीट शेयरिंग को लेकर बड़ी घोषणा की है।

पार्टी ने कहा कि वह सीट-शेयरिंग वार्ता शुरू करने के लिए एक समिति बनाएगी। यह समिति 22 फरवरी से अपने काम की शुरुआत करेगी।

बता दें कि इससे पहले डीएमके का प्रमुख सहयोगी कांग्रेस ने इस बात पर चिंता जताई थी कि चुनाव से पहले सीटों के बंटवारे पर बातचीत शुरू नहीं हुई है।

कांग्रेस का कहना था कि उसने बातचीत शुरू करने की पहल की थी, लेकिन डीएमके की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। कांग्रेस के टीएनसीसी और एआईसीसी इन-चार्ज नेता गिरीश चोडंकर ने कहा कि वह दिसंबर 2025 में डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन से मिलकर बातचीत करने के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई थी। लेकिन डीएमके की ओर से अब तक कोई समिति गठित नहीं की गई।



### अब समझिए चुनावी घोषणा पत्र और बजट

गौरतलब है कि डीएमके ने चुनावी घोषणापत्र तैयार करने के लिए एक समिति बनाई है जो तमिलनाडु का दौरा कर रही है और लोगों की जरूरतों और सुझावों को जमा कर रही है। अब तक 75,000 सुझाव और अनुरोध प्राप्त हो चुके हैं। पार्टी के बयान के अनुसार तमिलनाडु का अंतरिम बजट 17 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा, और इसके बाद इसका चर्चा सत्र होगा।

### कांग्रेस नेता ने बताया दुखद

गिरीश चोडंकर ने इस पूरे मामले को लेकर कहा कि यह दुखद है क्योंकि सीटों और उम्मीदवारों के बंटवारे की जल्दी तय करना जरूरी था, ताकि चुनावी तैयारी समय पर हो सके। वहीं टीएनसीसी प्रमुख के सेल्वापेरुंथागई ने भी कहा कि बातचीत जल्दी शुरू करना जरूरी है, और अंतिम समय में सीटें तय करना चुनावी तैयारी को प्रभावित कर सकता है।

### डीएमके ने क्या कहा

वहीं इस मामले में डीएमके पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अपडेट पूरा हो चुका है। पार्टी के जिला सचिव, सांसद, विधायक और अन्य पदाधिकारी लगातार सदस्यता अभियान, बूथ एजेंट प्रशिक्षण और अन्य चुनावी गतिविधियों में लगे हैं। पार्टी ने यह भी कहा कि महिला विंग के सदस्य जल्द ही डोर-टू-डोर अभियान शुरू करेंगे।

## लापरवाही पड़ी भारी, सफारी में नियम तोड़ने पर 17 चालक गाइडों को नोटिस

भोपाल, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली जोन में सफारी के दौरान नियमों की अनदेखी करना 17 वाहन चालकों और गाइडों को महंगा पड़ गया। पर्यटन अधिकारी ने सभी संबंधित चालकों और गाइडों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। कार्रवाई तब हुई जब सफारी के दौरान पर्यटकों को वाहन से नीचे उतरकर मोबाइल फोन का उपयोग करते देखा गया और कई वाहनों की गति निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद मोबाइल फोन के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लागू है। इसका उद्देश्य वन्यजीवों की सुरक्षा, पर्यावरण की शांति और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## नाबालिग से रेप केस में गोवा के मंत्री अतानासियो मोनसेरेट बरी



गोवा, 11 फरवरी (एजेंसियां)। गोवा की एक विशेष अदालत ने आज भाजपा के विधायक और मंत्री अतानासियो मोनसेरेट के एक रेप केस में बरी कर दिया है। उन पर लगभग एक दशक पहले रेप का केस दर्ज हुआ था। मोनसेरेट पास राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है। उन पर 2016 में एक नाबालिग के साथ कथित तौर पर रेप करने का केस दर्ज किया गया था। विशेष जज इरशाद आगा ने मंत्री को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। गोवा पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, एक नाबालिग लड़की ने आरोप लगाया था कि उसे सेंट क्रूज़ के तत्कालीन विधायक मोनसेरेट को बेच दिया गया था, जिन्होंने उसे नशीला पदार्थ देकर रेप किया। शुरुआत में, मंत्री के खिलाफ गोवा चिल्ड्रन्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

बाद में, ऑसिफिकेशन टेस्ट से पता चला कि उसकी उम्र 16 साल से ज़्यादा थी, जिसके बाद चार्ज हटा दिया गया और इंडियन पीनल कोड के तहत धाराएं लगाई गईं। पुलिस ने उनके खिलाफ 250 पेज की चार्जशीट फाइल की, जिसके बाद केस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में चला। ट्रायल के दौरान कुल 40 गवाहों से पूछताछ की गई। 2022 में मोनसेरेट भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतक विधानसभा पहुंचे थे।

## दरगाह में महाशिवरात्रि पूजा रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

# धार्मिक स्वरूप बदलने की दी दलील



कलबुर्गी , 11 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के कलबुर्गी के लाडले मशायक दरगाह में महाशिवरात्रि की पूजा रोकने के लिए दरगाह कमेटी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। कमेटी ने मांग की है कि परिसर में पूजा की अनुमति न दी जाए। उसका कहना है कि इसके जरिए दरगाह के धार्मिक स्वरूप को बदलने की कोशिश की जा रही है। बुधवार (11 फरवरी, 2025) को मामला चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने रखा गया। उन्होंने कहा कि इसे सुनवाई के लिए लगाया जाएगा।

### याचिका की मुख्य दलीलें

याचिकाकर्ता का तर्क है कि पिछले कुछ सालों में हाई कोर्ट के आदेश से वहां शिवरात्रि पर पूजा हो रही है। इसके अलावा भी सुनियोजित तरीके से जगह का धार्मिक चरित्र बदलने की कोशिश हो रही है। इसके लिए कोर्ट से अलग-अलग अंतरिम आदेश हासिल किए जा रहे हैं। याचिकाकर्ता के लिए पेश वरिष्ठ वकील विभा दत्त मखीजा ने 15 फरवरी को होने वाली महाशिवरात्रि से पहले इस मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्य कांत ने हर मामला सीधे सुप्रीम कोर्ट आने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'आजकल हर मामला सीधे अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट क्यों आ रहा है? इससे ऐसा संदेश जाता है जैसे उच्च न्यायालय निष्क्रिय हो गए हैं।' हालांकि, चीफ जस्टिस ने याचिका पर विचार करने और जल्द सुनवाई की संभावना तलाशने की बात कही है। फिलहाल पूजा पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।

### क्या है विवाद?

अलंद दरगाह भी कही जाने वाली यह जगह 14वीं सदी की के सूफी संत हजरत शेख अलाउद्दीन अंसारी से जुड़ी बताई जाती है। वहीं, हिंदू पक्ष इसे 15वीं सदी के संत राघव चैतन्य से जुड़ा बताते हैं। परिसर में एक शिवलिंग भी है जिसे राघव चैतन्य शिवलिंग कहा जाता है। साल 2022 में यहां पूजा के अधिकार को लेकर सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। 2025 में कर्नाटक हाई कोर्ट ने कड़ी सुरक्षा के बीच 15 लोगों को दोपहर 2 से 6 बजे तक पूजा की अनुमति दी थी।

## अवैध नशे के कारोबार को लेकर चाकूबाजी

इंदौर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। द्वारकापुरी क्षेत्र में हुए विवाद का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। घटना में सात लड़कों ने मिलकर एक नाबालिग पर हमला कर दिया। बाद में घायल नाबालिग ने आरोपियों से चाकू छीनकर एक अन्य लड़के पर वार किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष के लड़के अवैध नशे के कारोबार से जुड़े हैं। इसी को लेकर विवाद होने की बात सामने आ रही है। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, दो पक्षों के नाबालिगों के बीच विवाद हुआ था। पहले साहिल के साथ आए उसके नाबालिग साथियों ने सामने वाले पक्ष के एक नाबालिग को चाकू मार दिया। इसके बाद घायल नाबालिग ने आरोपियों से चाकू छीनकर उनके एक अन्य नाबालिग साथी विक्की पर हमला कर दिया।

## संघ के समारोह में सलमान खान का जाना अबू आजमी को नहीं आया रास, बोले- जरूर दबाव में होंगे



मुंबई, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान हाल ही में मुंबई में आयोजित हुए आरएसएस के शताब्दी समारोह में नजर आए थे। जिस पर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। इस कड़ी में अब समाजवादी पार्टी नेता अबू आसिम आजमी का बयान भी आया है। उन्होंने दावा किया कि संघ के कार्यक्रम में जाने के पीछे अभिनेता सरकार के दबाव में होंगे। दरअसल, सलमान खान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 2 दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला 'संघ की 100 वर्ष की यात्रा' में शामिल हुए। जिस पर मुंबई में मीडिया से बात करते हुए अबू आसिम आजमी ने कहा, 'मैं समझता हूं कि सलमान खान एक अभिनेता हैं और उन्हें देश में सम्मान के साथ रहना है। अगर सत्ता पक्ष के लोग कोई बात कहते हैं, तो मैं नहीं समझता कि सलमान खान में इतनी हिम्मत है कि वे उस बात को मना कर सकते हैं।

सरकार के दबाव में वे वहां गए होंगे।' बता दें कि संघ का शताब्दी समारोह दो दिनों तक 7 और 8 फरवरी को मुंबई में मनाया गया था। इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को आरएसएस कार्यक्रम की आलोचना करने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों को निमंत्रण नहीं मिला, वे ही आपत्ति जता रहे हैं। गौरतलब है कि राज ठाकरे कहा था कि मुंबई में शताब्दी समारोह में लोग प्रेम के कारण नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी सरकार के 'डर' के कारण शामिल हुए थे।

## जाली डिग्री देने के आरोपी की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की

### देशभर की अदालतों को बताया कि जमानत आदेश में किन बातों का उल्लेख जरूरी है

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। वकालत की जाली डिग्री देने के आरोपी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से मिली जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी है। मजहर खान नाम के आरोपी के मामले को गंभीर बताते हुए कोर्ट ने कहा है कि यह सिर्फ फर्जीवाड़े का नहीं, न्याय व्यवस्था पर गलत असर डालने का भी मामला है। इसके साथ ही कोर्ट ने देश की सभी अदालतों को निर्देश जारी कर बताया है कि उन्हें जमानत के आदेश में किन बातों का उल्लेख जरूर करना चाहिए।

मजहर खान पर खुद भी फर्जी एलएलबी डिग्री हासिल करने का आरोप है। उसने अपने विजिटिंग कार्ड पर एलएलबी, एलएलएम और पीएचडी जैसी डिग्रियां छपवा रखी थीं। साथ ही वह जाली डिग्रियां सप्लाई करने का एक संगठित गिरोह चला रहा था। मजहर के खिलाफ जेबा खान नाम की वकील ने शिकायत दर्ज करवाई थी।मजहर को महाराष्ट्र में दर्ज केस के लिए बंगलुरू से गिरफ्तार किया गया था। बाद में पता चला कि उस पर उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भी केस दर्ज है। जौनपुर में दर्ज केस में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उसे जमानत दे दी। इसके खिलाफ जेबा खान सुप्रीम कोर्ट पहुंची। उन्होंने मजहर के अपराध की गंभीरता के बारे में कोर्ट को बताया। उनकी तरफ से यह भी बताया गया कि जेल से बाहर आने के बाद मजहर उन्हें धमकी दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और आर महादेवन की बेंच ने सभी तथ्यों पर संज्ञान लेते हुए आरोपी को फिर से हिरासत में लेने का आदेश दिया।



जजों ने कहा कि आरोपी लंबे समय से फर्जी शैक्षणिक डिग्रियां, खासकर कानून की डिग्री, तैयार करने और उनका इस्तेमाल करवाने में शामिल रहा है। यह मामला सिर्फ एक जालसाजी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कानूनी पेशे की विश्वसनीयता से जुड़ा गंभीर विषय है। इसके साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिया कि जमानत मामलों में पारित होने वाले आदेशों में सामान्य रूप से निम्नलिखित विवरण जरूर दर्ज होने चाहिए

## और कितनी जानें लेंगे ये मौत के गड्ढे आखिर कब जागेगी सरकार'; रोहिणी हादसे पर फूटा केजरीवाल का गुस्सा

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। रोहिणी के सेक्टर-32 में मंगलवार शाम को खुले मैनहोल में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रेखा गुप्ता सरकार पर तीखा हमला बोला है। आप संयोजक ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बीजेपी ने सिर्फ 1 साल में ही पूरी दिल्ली का सत्यानाश कर दिया है। इन्हें जनता की जान की भी कोई परवाह नहीं है।

आखिर और कितनी जानें लेकर होश में आएगी ये लापरवाह सरकार? उल्लेखनीय है कि दिल्ली-एनसीआर में बीते कुछ दिनों में प्रशासन की लापरवाही से कई लोगों की जान गई है। हाल ही में नोएडा में बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से युवराज की मौत हुई थी, इसके बाद दिल्ली के जनकपुरी में जल बोर्ड की तरफ से सीवर के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने युवक कमल ध्यानी की जान गई और अब मंगलवार शाम रोहिणी सेक्टर-32 में डीडीए के खुले नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई।

जनकपुरी में सीवर के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से युवक की मौत के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) हरकत में आया है। विभाग ने दुर्घटना संभावित सभी स्थानों के निरीक्षण के निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने अधिकारियों को शहर के फ्लाईओवर, अंडरपास, सड़क किनारे बने नालों और स्ट्रीट लाइटों की जांच करने को कहा है।

## रेप केस के दोषी ने महात्मा गांधी पर लिखा निबंध, बॉम्बे हाई कोर्ट ने कम कर दी सजा



मुंबई, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की से रेप के दोषी एक आदमी की उम्रकैद की सजा घटाकर 12 साल कर दी है।

कोर्ट ने उसकी कम उम्र, लंबे समय तक जेल में रहने और जेल में सुधार की कोशिशों को ध्यान में रखते हुए यह सजा दी है। सुधार की कोशिशों में महात्मा गांधी पर एक निबंध प्रोग्राम में हिस्सा लेना भी शामिल है। जस्टिस सारंग कोटवाल और जस्टिस संदेश पाटिल की बेंच ने 2 फरवरी के अपने आदेश में 2016 के जुर्म में आदमी की सजा को बरकरार रखा, लेकिन कहा कि उसे दी गई उम्रकैद की सजा कम की जानी चाहिए। बेंच ने यह आदेश दोषी की अपील पर दिया, जिसमें उसने स्पेशल पोक्सो कोर्ट द्वारा दी गई उम्रकैद की सजा को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि अपराध के समय दोषी की उम्र 20 साल थी, उसका कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था, वह दिसंबर 2016 से हिरासत में था और उसे कोविड-19 महामारी के दौरान भी रिहा नहीं किया गया था। बेंच ने जेल की पढ़ाई-लिखाई की एक्टिविटीज में उसके हिस्सा लेने वाले सर्टिफिकेट पर भी विचार किया, जिसमें एक निबंध कॉम्पिटिशन और महात्मा गांधी के विचारों पर स्टडी करने वाला एक प्रोग्राम शामिल था। 'इंसाफ के लिए 12 साल की सजा काफी होगी' जुर्म की गंभीरता के हिसाब से इन सुधार वाले फैक्टर्स को ध्यान में रखते हुए, बेंच ने कहा, हमारी राय में 12 साल की सजा इंसाफ के लिए सही होगी। इसमें आगे कहा गया कि दोषी ने जो समय पहले ही जेल में बिताया है, उसे कम की गई सजा में समायोजित कर दिया जाएगा।

## विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक के लिए स्थायी समिति के सदस्यों के नाम का ऐलान, 31 सदस्य शामिल



नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 की गहन समीक्षा के लिए एक संयुक्त समिति का गठन कर दिया गया है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, इस समिति की अध्यक्षता लोकसभा सांसद डॉ डी पुरंदेश्वरी को सौंपी गई है। समिति में लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के कुल 31 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनका दायित्व विधेयक के प्रावधानों की विस्तार से जांच कर संसद को रिपोर्ट देना होगा।

### सांसद पुरंदेश्वरी भी शामिल

लोकसभा से समिति में शामिल प्रमुख सदस्यों में डॉ। संबित पात्रा, तेजस्वी सूर्या, अनुराग सिंह ठाकुर, बांसुरी स्वराज, हेमांग जोशी, ललित वर्मा, प्रो। सौगत राय, टी।आर। बालू और अन्य सांसद शामिल हैं। वहीं राज्यसभा से सुधांशु त्रिवेदी, दिग्विजय सिंह, सागरिका घोष, सस्मित पात्रा, संजय कुमार झा और प्रो। रामगोपाल यादव जैसे सदस्य नामित किए गए हैं। समिति विभिन्न दलों के प्रतिनिधित्व के साथ विधेयक पर व्यापक विचार-विमर्श करेगी।

### विधेयक का मकसद

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 का उद्देश्य देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए एक एकीकृत नियामक ढांचा तैयार करना है। प्रस्तावित कानून के तहत वर्तमान नियामक संस्थाओं जैसे यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई की जगह एक केंद्रीय निकाय "विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान" स्थापित किया जाएगा। इसके अंतर्गत नियमन, मान्यता और शैक्षणिक मानकों के लिए अलग-अलग परिषदें गठित होंगी।

### कई नए प्रावधान

विधेयक में सिंगल-विंडो डिजिटल अनुमति प्रणाली, संस्थानों को ग्रेडेड स्वायत्तता, पारदर्शी मूल्यांकन व्यवस्था और विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस स्थापित करने के प्रावधान शामिल हैं। नियमों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान प्रस्तावित है। सरकार का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा को अधिक आधुनिक, जवाबदेह और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार है।

## अमेरिका जा रहे भारतीय कपल अजरबैजान में अगवा, 24 घंटे के अंदर बचाया गया

अहमदाबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के आनंद जिले के एक कपल को गैरकानूनी रास्ते से अमेरिका जाते हुए, बीच में ही अजरबैजान में किडनैप कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने उनकी रिहाई के लिए फिरौती की मांग की। इस बात की खबर परिवार ने अपने जिले के सांसद को दी, भारत के विदेश मंत्रालय और स्थानीय सांसद की तुरंत कार्रवाई के चलते दोनों को सुरक्षित बचा लिया गया है। गुजरात के सांसद मितेश पटेल ने एक वीडियो बयान जारी कर बताया कि अजरबैजान में किडनैप किए कपल को 24 घंटो के अंदर एमईए की मदद से रिहा करा लिया गया है। ध्रुव पटेल और उनकी पत्नी दीपिका एजेंट्स की मदद से अमेरिका जाने का रास्ता तलाश रहे थे, जहां बीच में ही उन्हें किडनैप कर लिया गया। परिवार ने सांसद मितेश पटेल से मदद मांगी, सांसद ने तुरंत विदेश मंत्रालय से उच्च स्तर पर बात की और विदेश मंत्री एस।

जयशंकर से मुलाकात की। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने अज़रबैजान में भारतीय दूतावास को तुरंत एक्शन में लगाया। 24 घंटे के अंदर ही दोनों को बचाकर राजधानी बाकू में भारतीय दूतावास लाया गया। दोनों अब सुरक्षित हैं। सांसद मितेश पटेल ने युवाओं से अपील की कि वे इस तरह के एजेंट्स पर भरोसा कर विदेश जाने की कोशिश न करें, बल्कि देश और गुजरात में ही मौजूद अवसरों का फायदा उठाएं। उन्होंने विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

## दिल्ली-एनसीआर में लोगों के लापता होने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया




नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी संख्या में लोगों के लापता होने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस और एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। हाईकोर्ट में एक पीआईएल फाइल की गई, जिसमें 2026 के पहले 15 दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में 800 से ज्यादा लोगों के गायब होने पर कार्रवाई की मांग की गई। बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि लापता लोगों को लेकर दो तरह के नैरेटिव मीडिया में चल रहे हैं। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस, भारत सरकार, दिल्ली सरकार और एनसीआरबी से मामले में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या इसी तरह का कोई मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। पिछले दिनों एक रिपोर्ट में राजधानी दिल्ली में सिर्फ 15 दिनों में 800 से ज्यादा लोग गायब होने का दावा किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 191 नाबालिग और 616 वयस्क शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार अब तक 235 लोगों का पता लगाया जा चुका है, जबकि 572 लोग अभी भी लापता बताए गए हैं।

विपक्षी दल आम आदमी पार्टी ने भी इस दावे का समर्थन किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, देश की राजधानी दिल्ली में पिछले 15 दिनों में 800 से अधिक लोग गायब हो गए हैं, इसमें से ज्यादातर बच्चियां हैं। आपके बच्चों की सुरक्षा करने में सरकार के चारों इंजन फेल हो गए हैं, इसलिए अपना और अपने बच्चों का ध्यान रखें।

आपके बच्चों की सुरक्षा करने में सरकार के चारों इंजन फेल हो गए हैं, इसलिए अपना और अपने बच्चों का ध्यान रखें। 6 फरवरी को दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि आंकड़ों को गलत तरीके से पेश कर लोगों में डर फैलाया जा रहा है। पुलिस ने चेतावनी दी थी कि जो लोग जानबूझकर भ्रामक जानकारी फैलाकर दहशत का माहौल बना रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, 9 फरवरी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था। एनएचआरसी ने कहा कि अगर यह रिपोर्ट सही है, तो यह गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला बनता है।

इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो हफ्तों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

गुरुवार, 12 फरवरी, 2026 3

सुविचार

मरहम जैसे होते है कुछ लोग शब्द बोलते ही हर दर्द गायब हो जाता है!

# जिला कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। रंगारेड्डी जिले की 6 नगरपालिकाओं में हो रहे नगरपालिका चुनावों के दौरान जिला कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी ने बुधवार को चेवेल्ला मंडल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मतदान प्रबंधन और व्यवस्था की समीक्षा की और कर्मचारियों को उचित सुझाव दिए।

उन्होंने चुनाव लड़ रहे वार्ड सदस्यों की सूची का भी निरीक्षण किया और संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निर्धारित प्रारूप में मतदान प्रतिशत दर्ज करें। कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारियों को मतदाता सूची में मतदाताओं की क्रम संख्या जांचकर मतदान प्रक्रिया संचालित करने के निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया बिना किसी त्रुटि के सुचारू रूप से हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शाम 5 बजे से पहले मतदान के लिए कतार में लगे सभी मतदाता अपने वोट का प्रयोग कर सकें। साथ ही, कलेक्टर ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया कि शाम 5 बजे के बाद किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए और चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और नियमों के अनुसार संपन्न कराया जाए। कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी ने कहा कि वर्तमान मतदान प्रक्रिया सुधारपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से चल रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने दी जाएगी।

## चुनावी अवकाश के दिन स्कूल में आग, बड़ा हादसा टला

संगारेड्डी, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी नगरपालिका के पोथिरेड्डीपल्ली जंक्शन स्थित श्रद्धा प्राइवेट स्कूल में बुधवार को भीषण आग लगने से स्कूल की इमारत पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि नगरपालिका चुनावों के कारण घोषित अवकाश के चलते सैकड़ों छात्रों की जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10:30 बजे स्कूल परिसर से धुआं उठता दिखाई दिया। चौकीदार ने तत्काल स्कूल प्रबंधन को सूचना दी, जिसके बाद दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

## संगारेड्डी व जहीराबाद में सुबह धीमा मतदान

संगारेड्डी, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मेदक जिले की 19 नगरपालिकाओं में बुधवार को मतदान जारी रहा। इनमें सबसे बड़ी दो नगरपालिकाओं संगारेड्डी और जहीराबाद में शुरुआती घंटों में मतदान अपेक्षाकृत धीमा रहा। सुबह 11 बजे तक यहां करीब 25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि अन्य नगरपालिकाओं में 30 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। जहीराबाद नगरपालिका में 25.6 प्रतिशत और संगारेड्डी नगरपालिका में 26.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सिद्दिपेट जिले की चेरियल नगरपालिका में 40 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। वहीं संगारेड्डी जिले के गड्डापोथारम में 38.85 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अन्य नगरपालिकाओं में मतदान प्रतिशत 30 से 38 प्रतिशत के बीच रहा।

# नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस की लहर : महेश कुमार गौड़



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष एवं एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने राज्यभर में हुए नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत का भरोसा जताया है। राज्य की 116 नगरपालिकाओं और 7 नगर निगमों के मतदान रुझानों की समीक्षा के बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगभग 90 प्रतिशत सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। उनके अनुसार, शहरी मतदाताओं ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में लागू किए जा रहे विकास और कल्याणकारी कार्यक्रमों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि सरकार के त्वरित निर्णय, पारदर्शी शासन और सामाजिक न्याय के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता ने जनता के बीच कांग्रेस के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि परिणाम स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि राज्य सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों से लोग संतुष्ट हैं। महेश कुमार गौड़ ने बताया कि छह गारंटियों का प्रभावी क्रियान्वयन, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, किसानों के लिए फसल ऋण माफी, इंदिरम्मा आवास योजना और शहरी विकास के लिए विशेष निधियों के आवंटन ने जनता का दिल जीता है। उन्होंने कहा कि शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, सड़कों, ड्रेनेज व्यवस्था, पेयजल सुविधाओं और स्वच्छता सुधार जैसे कार्यों ने नगर क्षेत्रों में सकारात्मक माहौल बनाया है। जनादेश को बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन हमारी जवाबदेही बढ़ाता है।

हम पारदर्शी शासन सुनिश्चित करेंगे और प्रत्येक नगरपालिका एवं नगर निगम में जनभागीदारी के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। विपक्षी दलों पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने झूठे प्रचार को नकार दिया है। कांग्रेस सरकार अपने वादों पर कायम है और जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महेश कुमार गौड़ ने चुनावों में समर्पित प्रयास करने वाले पार्टी नेताओं, उम्मीदवारों और जमीनी कार्यकर्ताओं को बधाई दी तथा प्रत्येक कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए तेलंगाना के शहरों और कस्बों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। तेलंगाना के नगर निकाय चुनावों ने एक बार फिर राज्य में कांग्रेस की लहर को मजबूत किया है, जिसका श्रेय पार्टी नेतृत्व ने जन-केंद्रित शासन में जनता के विश्वास को दिया है।

# सीएम ने कोडंगल में मतदान किया



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। हैदराबाद स्थित एमसीएचआरडी से मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी हेलीकॉप्टर के जरिए कोडंगल के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने कोडंगल के जिला परिषद हाई स्कूल में अपना वोट डाला। नगरपालिका चुनाव के तहत मुख्यमंत्री अपने मताधिकार का प्रयोग किया उन्होंने कोडंगल नगर के जिला परिषद उच्च विद्यालय (बालक) में स्थापित मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान करने के बाद मुख्यमंत्री सीधे शमशाबाद हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान किया, जहां से वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# दुकानों और व्यापारिक परिसरों के मालिकों के साथ पुलिस ने की बैठक




हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। केपीएचबी पुलिस स्टेशन ने हाउसिंग बोर्ड कम्युनिटी हॉल में दुकानों और व्यापारिक परिसरों के मालिकों के साथ एक बैठक आयोजित की। इस अवसर पर इंस्पेक्टर राजशेखर रेड्डी ने व्यापारियों से कानून का पालन करने और सभी नियमों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी दुकानें और व्यापारिक परिसरों को जीएचएमसी अनुमति, ट्रेड लाइसेंस, जीएसटी पंजीकरण, श्रम लाइसेंस और फूड सेफ्टी लाइसेंस होना अनिवार्य है। व्यवसाय केवल अनुमत समय में ही संचालित किए जाने चाहिए। इंस्पेक्टर ने चेतावनी दी कि दुकानों या परिसरों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधियाँ या जुआ गतिविधियाँ होने पर कड़े कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रवेश और निकासी क्षेत्रों को कवर करने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और फुटपाथ या सड़कें व्यावसायिक उपयोग के लिए अवैध रूप से कब्ज़ा न की जाएं। नियमों का पालन न करने वाली दुकानों के लाइसेंस रद्द करने के लिए संबंधित विभागों को पत्र भेजे जाएंगे। बैठक में केपीएचबी पुलिस स्टेशन के अधिकारी और क्षेत्र की दुकानों व व्यापारिक परिसरों के मालिकों ने भाग लिया।

# हर महिला और बालिका की सुरक्षा करना ही शी टीम का संकल्प

## परिजनों की उपस्थिति में आरोपियों की काउंसिलिंग



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। मल्काजगिरी आयुक्तालय की पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) टी. उषा रानी ने कहा है कि लड़कियों और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे बिना किसी भय के आगे आकर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि शी टीम की टीमें सादे कपड़ों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, सब्जी बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर डिकॉय ऑपरेशन चला रही हैं। महिलाओं का पीछा करने या उत्पीड़न करने वालों को पुख्ता साक्ष्यों के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है तथा उनके परिजनों की उपस्थिति में काउंसलिंग भी कराई जा रही है। डीसीपी महिला सुरक्षा, मल्काजगिरी के पर्यवेक्षण में सीपी कैंप कार्यालय, एलबी नगर में ईव-टीज़िंग के आरोपियों की काउंसलिंग आयोजित की गई। 16 जनलरी से 31 जनवरी की अवधि के दौरान शी टीम ने महिलाओं और बालिकाओं के उत्पीड़न में शामिल कुल 81 आरोपियों (56 बालिग और 25 नाबालिग) को पकड़ा। परिजनों की उपस्थिति में पेशेवर काउंसलरों की सहायता से उनकी काउंसलिंग की गई।

पिछले माह 16 से 31 जनवरी के बीच कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुईं। शी टीम के अनुसार एक महिला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शी टीम ने एक निजी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। चालक ने टिकट बुकिंग के दौरान प्राप्त व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग करते हुए अश्लील संदेश भेजे और फोन कॉल कर उत्पीड़न किया। शिकायत मिलते ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एक युवती ने शिकायत दी कि परिचित युवक ने विवाह प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद फोन और संदेशों के माध्यम से परेशान करना शुरू कर दिया तथा निजी तस्वीरें परिवार को भेजने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। शी टीम ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति द्वारा लगातार उत्पीड़न की शिकायत की। आरोपी ने विश्वास हासिल

## बीआरएस उम्मीदवार की गिरफ्तारी पर हल्का तनाव

करीमनगर, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। किसाननगर के 28वें डिवीजन में बुधवार को पुलिस द्वारा बीआरएस उम्मीदवार कुर्रा तिरुपति की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में हल्का तनाव व्याप्त हो गया। पुलिस ने तिरुपति को उस समय हिरासत में लिया जब उन्होंने कथित तौर पर प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार को मतदाताओं को प्रभावित करने से रोकने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए उन्हें एहतियातन थाने ले जाया जा रहा था। इस बीच स्थानीय विधायक गंगुला कमलाकर मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। बातचीत के बाद तिरुपति को रिहा कर दिया गया। विधायक कमलाकर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी करीमनगर कस्बे में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रही है।

# खोई हुई बहनें सुरक्षित घर लौटीं, जीडीमेटला पुलिस की त्वरित कार्रवाई




हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। पिता के डराने-धमकाने के कारण घर से भाग गई बहनें (21 और 14 वर्ष) जीडीमेटला पुलिस की त्वरित कार्रवाई से सुरक्षित रूप से अपने माता-पिता के पास लौट गईं। इंस्पेक्टर गड्डम मल्लेश के अनुसार, रात लगभग एक बजे परिवार ने पुलिस को सूचना दी कि दोनों लड़कियां घर से गायब हैं।

पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तकनीकी सबूतों और आरटीसी बस विवरण के आधार पर तलाश शुरू की।

विजयवाड़ा के पास दोनों लड़कियों का पता लगाकर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके माता-पिता को सौंप दिया गया। लड़कियों को सुरक्षित घर वापस लाने पर उनके परिवार ने जीडीमेटला पुलिस की तत्परता और प्रयासों की सराहना की।

## कांग्रेस ने भारत बंद का समर्थन किया, श्रम सुधारों की आलोचना

नई दिल्ली, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 12 फरवरी को प्रस्तावित भारत बंद के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की है। यह बंद 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा बुलाया गया है और इसे विभिन्न किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस समितियों को पत्र लिखकर देशभर में पार्टी इकाइयों से इस बंद का पूर्ण समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने इसे बीजेपी केंद्र सरकार की श्रम सुधारों और आर्थिक नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक विरोध बताया। कांग्रेस का आरोप है कि नए श्रम संहिता कार्यस्थलों पर सुरक्षा घटा रही है, नौकरी की स्थिरता कम कर रही है, और नियोक्ताओं को कर्मचारियों की भर्ती व बर्खास्तगी में अधिक स्वतंत्रता दे रही है। किसान संगठनों ने भी व्यापक आर्थिक नीतियों के कारण रोजगार और आजीविका पर पड़ रहे प्रभावों को लेकर चिंता जताई है। कांग्रेस नेतृत्व ने राज्य इकाइयों से कामगारों और किसानों के साथ एकजुटता बनाए रखने और न्याय, सम्मान और निष्पक्ष आर्थिक नीतियों की वकालत करने का आह्वान किया है।

## ऑनलाइन लोन धोखाधड़ी के पांच आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन लोन धोखाधड़ी के मामले में पांच मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बोचू अरुण, गदाम भरत, समरल्ला तिरुपति, वेलपुगोंडा थरुण और चुक्का श्याम शामिल हैं। सभी आरोपी वारंगल, तेलंगाना के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने नकली ऑनलाइन लोन वेबसाइट और सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन और अन्य लोन दिलाने का झांसा देकर कुल 1,08,274 रुपये की ठगी की। घटना का खुलासा तब हुआ जब 36 वर्षीय महिला शिकायतकर्ता ने बताया कि इंस्टाग्राम पर लोन का विज्ञापन देखने के बाद अगले दिन उन्हें कॉल आया। आरोपी ने खुद को लोन अधिकारी बताकर बीमा शुल्क और टीडीएस के नाम पर लगातार पैसे की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी कोलकाता और दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर चलाकर लोगों को लोन दिलाने का झांसा देते थे और फिर विभिन्न शुल्कों के नाम पर पैसे ऐंठते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 मोबाइल फोन और 10 सिम कार्ड जब्त किए हैं। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर पी. शिवा चंद्रा ने बताया कि मामले में कई अन्य फरार आरोपी भी शामिल हैं और उनकी तलाश जारी है। साइबर क्राइम पुलिस ने जनता को चेतावनी दी है कि केवल आरबीआई पंजीकृत बैंक और एनबीएफसी से ही लोन लें और अज्ञात लिंक या ऐप पर क्लिक न करें।

# बीआरएस नेता का पोंगुलेटी पर हमला, फोन टैपिंग के आरोपों को बताया 'बेतुका'

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। पूर्व मंत्री और सूर्यापेट बीआरएस विधायक जगदीश रेड्डी ने बुधवार को मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी द्वारा बीआरएस नेताओं पर लगाए गए फोन टैपिंग के आरोपों की कड़ी आलोचना की। नगरपालिका चुनाव के दौरान मतदान करने के बाद मीडिया से बात करते हुए जगदीश रेड्डी ने इन आरोपों को बेतुका करार दिया और सवाल उठाया कि सत्ता में बैठे मंत्री खुद पर निगरानी का आरोप कैसे लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान कांग्रेस सरकार की कथित अक्षमता उजागर करते हैं और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मंत्री अपने कार्यकाल में ही दावा कर रहे हैं कि उनके फोन टैप किए जा रहे हैं, तो यह शासन में पूर्ण असफलता को दर्शाता है। जगदीश रेड्डी ने आरोप लगाया कि मंत्री अप्रत्यक्ष रूप से गृह मंत्रालय की विफलता स्वीकार कर रहे हैं और राज्य में पुलिसिंग कमजोर हो गई है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर पुलिस को पार्टी कार्यकर्ता बनाने का आरोप लगाया और कहा कि प्रणाली अपनी स्वतंत्रता खो चुकी है। बीआरएस नेता ने बीआरएस नेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों को मिथक बताया और कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ही विपक्षी नेताओं पर निगरानी कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी वर्तमान नगरपालिका चुनाव में फायदा उठाने के लिए साजिश कर रही है, और मंत्रियों द्वारा सरकारी कर्मचारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस इस बात का सबूत हैं कि जनता का समर्थन सरकार के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हमलों के बावजूद राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री के . चंद्रशेखर राव का नेतृत्व फिर से लौटेगा।

## मतदान दिवस पर मंत्री के प्रचार से विवाद

मंचेरियल, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चेन्नूर नगरपालिका चुनाव के दौरान मतदान दिवस पर कथित प्रचार को लेकर श्रम मंत्री डॉ. जी. विवेक को बुधवार को आलोचना का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों में मंत्री को दोपहर लगभग 12:15 बजे चेन्नूर कस्बे के एनपी वाडा स्थित मतदान केंद्र संख्या 4 और 5 के बाहर कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में मोटरसाइकिल रैली करते देखा गया। तस्वीरों के वायरल होने के बाद कई लोगों ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने मंत्री पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए चुनाव अधिकारियों से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारी विपक्षी दलों के प्रति सख्ती दिखा रहे हैं, जबकि सत्ताधारी दल के नेताओं के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं। इसी बीच, बीआरएस जिला अध्यक्ष बल्का सुमन ने चेन्नूर में सड़क पर धरना देकर मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पष्ट उल्लंघन के बावजूद प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है। एक अन्य घटना में, महिलाओं के एक समूह ने पेद्दिन्टी श्रीनिवास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए उन पर एक सरकारी स्कूल में मतदाताओं को नकद राशि बांटने का आरोप लगाया।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, N RAJAIAH, F/O: NK(CHEF) NARIVEDDI RAMESH, R/o: H.NO.1-55, V & P: LADNAPUR, TEH: RAMAGIRI, DISTT: PEDDAPALLI, TELANGANA - 505212 have changed my name from N RAJAIAH to NARIVEDDI RAJAIAH vide Affidavit dt.11-02-2026

I, NK(CHEF) NARIVEDDI RAMESH, F/O: SAI HRITHIK R/o: H.NO.1-55, V & P: LADNAPUR, TEH: RAMAGIRI, DISTT: PEDDAPALLI, TELANGANA - 505212 have changed my Son's name from SAI HRITHIK to NARIVEDDI SAI HRITHIK vide Affidavit dt.11-02-2026

I, Savitha. W/o, JC 774023H, Sub, Govind Raj R, R/o, Dist: Bangalore, Karnataka changed my name from Savita to N Savitha Govindaraju vide Affidavit No.BN 820931 dt. 11.02.2026, before Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

I, JC 767813P, Sub Maj Hony Capt, Venkata Ramana Reddy M, R/o, Dist: Prakasam, Andhra Pradesh, changed my Mother's name from M Narayamma to Mamilla Narayanamma vide Affidavit No 284631 dt. 11.02.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**EMPLOYMENT NOTICE**
**BASANTAR URC MEHDIPATNAM**

1. Basantar URC Mehdipatnam is desirous to employ following staff on contractual basis for eleven months:-

| S.No. | Trade | Vacancy |
|---|---|---|
| (a) | Labour | 02 |

2. Candidates may apply on plain paper giving full biodata and copies of educational certificate.
3. Qualification-Minimum 8th Pass.
4. Only persons meeting the qualification will be called for interview on a date which will be intimated separately.
5. Last date for submission of Application along with biodata is 24 February 2026.
6. Application should be sent to-Q Branch, HQ 47 INF BDE, PIN-908047, C/O 56 APO. **Ph:9912807506**

## नशा देकर युवक की बेहोशी की हालत में करा दी शादी

समस्तीपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के समस्तीपुर जिले में एक बार फिर पकड़ौआ विवाह का मामला सामने आया है। पूरी घटना जिले के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। यहां एक युवक को कुछ लोगों ने नशीला पदार्थ मिला दिया। इसके बाद युवक को लोगों ने किडनैप कर लिया। बेहोशी की हालत में ही युवक की जबरन शादी करा दी गई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। युवक ने एक वीडियो जारी कर मदद की गुहार लगा वायरल वीडियो शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के चकरांजली गांव का बताया जा रहा है। युवक ने एक वीडियो भी जारी किया है। वीडियो में युवक खुद को बंधक बताते हुए मदद की गुहार लगाता नजर आ रहा है।

## पेट के कीड़े मारने वाली दवा खाने से 150 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

फर्रुखाबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर पेट में कीड़े नष्ट करने की दवा एल्बेंडाजोल खाने से एक विद्यालय के 150 बच्चों की तबियत बिगड़ गई। बच्चों को उल्टी, चक्कर और पेट दर्द की शिकायत पर विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। 10 एंबुलेंसों से 33 बच्चों को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व 68 बच्चों को डा। राममनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। अन्य बच्चे स्कूल से ही घर चले गए।

इलाज के एक घंटे बाद अधिकांश बच्चे स्वस्थ हो गए। केवल सात बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं। जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल में बच्चों की स्थिति देखी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि उन्होंने खुद दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया था। दवा खाने के बाद चक्कर आना सामान्य बात है। इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले भर में पेट में कीड़े नष्ट करने के लिए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का अभियान चलाया गया।

# यूपी सरकार के बजट में चौतरफा विकास

## 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से हुए ऊपर; बढ़ी प्रति व्यक्ति आय

लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसियां)।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी दी कि कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण पर हमारा लक्ष्य है। यूपी में एग्री. एक्सपोर्ट हब बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग लाखों किसानों को फायदा पहुंचाया गया। हमारी सरकार ने रिकॉर्ड गन्ना भुगतान किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले और वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है, चाहे कानून व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हो, अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार हो, औद्योगिक निवेश हो, रोजगार सृजन हो, महिलाओं का सशक्तीकरण हो,




युवाओं का कौशल संवर्धन हो, किसानों की खुशहाली हो, गरीबी उन्मूलन हो। वर्ष 2024-2025 (त्वरित अनुमान) में प्रदेश की जीएसडीपी 30.25 लाख करोड रूपये आकलित हुयी है, जो गत वर्ष की तुलना में 13.4 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित करता है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,09,844 रूपये आकलित हुयी है जो वर्ष 2016-2017 में प्रति व्यक्ति आय 54,564 रूपये के दो गुने से अधिक है। वर्ष 2025-2026 में प्रति व्यक्ति आय 1,20,000 रूपये होने का अनुमान है। प्रदेश में हम लगभग 06 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में सफल हुये हैं। बेरोजगारी की दर 2.24 प्रतिशत रह गयी है।

विश्व बैंक सहायतित यू.पी.एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना करायी जायेगी।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धान्त के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगा जिसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेसिंग आदि कार्यवाहियों को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जायेगा।

### प्रदेश में डिजिटल इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जायेगा

जहाँ अर्थव्यवस्था में पूँजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है, वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिये सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

एसडीजी इंडिया इण्डेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गयी है।

राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया।

अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रूपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है।

इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रूपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 04 ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं।

उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।

भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयाँ प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड रूपये तक पहुंच गया है।

-यूपी का इस बार का बजट का आकार 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपए का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है।

## पिछले बजट की तुलना में इस बार 12 प्रतिशत बढ़ोत्तरी

-यूपी में अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है। अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 4 ग्राउंड ब्रेकिग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं।

-उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।

-भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाइयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

-उद्योग और तकनीक में निवेश के साथ ही प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में लीडर श्रेणी की रैंकिंग हासिल हुई है।

उद्योग और तकनीक में निवेश के साथ ही प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किये गये प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में ''लीडर श्रेणी'' की रैंकिंग हासिल हुई है।

## 'यूपी में देश का 65 फीसदी मोबाइल फोन प्रोडक्शन, 15 लाख करोड़ का आया निवेश'

लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधान चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है। वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया।

इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उद्योग और तकनीक में निवेश के साथ ही प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में 'लीडर श्रेणी' की रैंकिंग हासिल हुई है।




### कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी दी कि कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण पर हमारा लक्ष्य है। यूपी में एग्री एक्सपोर्ट हब बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग लाखों किसानों को फायदा पहुंचा गया। हमारी सरकार ने रिकॉर्ड गन्ना भुगतान किया है।

### योगी सरकार में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ -वित्त मंत्री

हमारी सरकार के पिछले और वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है, चाहे कानून व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण हो, अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार हो, औद्योगिक निवेश हो, रोजगार सृजन हो, महिलाओं का सशक्तीकरण हो, युवाओं का कौशल संवर्धन हो, किसानों की खुशहाली हो, गरीबी उन्मूलन हो।

## 35 साल की चाची को 15 साल के भतीजे से इश्क, घर छोड़कर भाग गए दोनों

गोरखपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। रिश्ते में मां जैसा स्थान रखने वाली चाची के साथ 9वीं क्लास छात्र फरार हो गया। 10 दिन से परिवार और पुलिस वाले दोनों को ढूंढ रहे थे। आखिरकार पुलिस को मामले में बड़ी सफलता मिली है। लोकेशन से पुलिस ने चाची-भतीजे को खोज लिया है।

घटना को लेकर इलाके में तरह की तरह की चर्चा हो रही है। जांच में पता चला है कि दोनों शादी करने की फिराक में थे। गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र में 10 दिन पहले फरार हुए सगी चाची और भतीजे को पुलिस ने ढूंढ लिया है। 15 वर्षीय छात्र घर में अपने माता-पिता और 35 वर्षीय चाची सहित अन्य लोग लोगों के साथ रहता था। चाचा बाहर रह कर काम करते हैं। इसके बाद परिजन उनके अपने साथ बिना कानूनी कार्रवाई की मांग किए अपने साथ ले गए। पूछताछ में छात्र ने बताया कि वह चाची के साथ शादी करना चाहता था और वो दोनों शादी की तैयारी कर रहे थे। चाचा ने भी भतीजे के साथ रहने के लिए हामी भरी थी, लेकिन दोनों को काफी समझाने वह शादी करने के बात से पीछे हट गए। परिवार वालों ने पुलिस से कोई भी कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही थी, जिसके बाद दोनों को उनके परिजनों को सौंप दिया।

## निकांत जैन को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

### एचसी ने भ्रष्टाचार और अवैध वसूली का मामला किया रद्द, कहा-'पहली नजर में कोई अपराध नहीं'

लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने कारोबारी निकांत जैन को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के पूरे आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि मामले में बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) और पीसी एक्ट (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम)के तहत पहली नजर में कोई अपराध बनता ही नहीं दिखता। यह फैसला एक प्रस्तावित सोलर पावर परियोजना से जुड़े आरोपों पर आधारित था, जहां जैन पर 5 प्रतिशत रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। जस्टिस राजीव सिंह की सिंगल बेंच ने निकांत जैन की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। कोर्ट ने न केवल एफआईआर और जांच को खारिज किया, बल्कि 15 मई 2025 को दाखिल चार्जशीट और 17 मई 2025 के तलबी आदेश को भी निरस्त कर दिया।

कोर्ट का मानना है कि शिकायत गलतफहमी पर आधारित थी और इसमें कोई ठोस सबूत नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक यह मामला लखनऊ के गोमतीनगर थाने से जुड़ा है, जहां 20 मार्च 2025 को एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत एक कंपनी के प्रतिनिधि बिज़नेसमैन विश्वजीत दत्ता द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई थी, जिसमें दावा किया गया कि सोलर मैन्युफैक्चरिंग परियोजना की मंजूरी के लिए परियोजना लागत के 5 प्रतिशत की रिश्वत मांगी गई। यह रकम कथित तौर पर एक करोड़ रुपए नकद के रूप में थी।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि निकांत जैन ने यह मांग की थी, जो परियोजना की मंजूरी से जुड़ी थी। हालांकि कोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता ने खुद स्वीकार किया है कि शिकायत गलतफहमी के आधार पर दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान न तो कोई नक्शा-नजरी तैयार किया गया और न ही कथित रिश्वत की कोई बरामदगी हुई।

## कुख्यात अपराधी सूर्या डॉन का एनकाउंटर, पुलिस ने मारी गोली

पटना, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बुधवार की सुबह पटना में कुख्यात अपराधी राजीव कुमार उर्फ सूर्या डॉन का पुलिस ने एनकाउंटर किया।

मामला गायघाट इलाके का है। अपराधी को पैर में गोली लगी है, जिसके बाद उसे इलाज के लिए एनएमसीएच में एडमिट कराया गया है। सूर्या डॉन पर डकैती, लूट, चोरी, अवैध हथियार रखने समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, एसटीएफ को सूचना मिली थी कि सूर्या डॉन गायघाट इलाके में छिपा है। सूचना पर ही एसटीएफ और पटना पुलिस ने उसे घेर लिया। इस दौरान लगभग तीन राउंड फायरिंग हुई। सूर्या डॉन के पैर में गोली लगी। सूर्या डॉन खाजेकला थाना इलाके का रहने वाला है। घटना के बाद पूरे इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया गया। सुबह-सुबह एनकाउंटर से आस-पास के लोगों के बीच दहशत का माहौल कायम हो गया है। पुलिस की ओर से मामले को लेकर बताया गया कि, कई आपराधिक मामले सूर्या डॉन पर दर्ज हैं। आलमगंज थाना को सूचना मिली थी कि गायघाट के पास सूर्या डॉन नाविक से रंगदारी वसूलने पहुंचा है। इस सूचना के बाद ही आलमगंज थाना की पुलिस और एसटीएफ मौके पर पहुंची।

## बुजुर्ग महिला को बाघ ने मार डाला



पीलीभीत, 11 फरवरी (एजेंसियां)। पीलीभीत में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बाघ ने मार डाला। महिला किसी काम के चलते जंगल में गई हुई थी। तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने हमला कर दिया। जबड़े में गला दबोचकर घने जंगल में लेकर चला गया। परिजनों को सुबह महिला का शव कॉलोनी से महज 200 मीटर दूर जंगल में पड़ा मिला। महिला के पेट और गले का मांस गायब था। गले की हड्डी को बाघ ने तोड़ दिया था। शरीर पर खरोंच के कई निशान थे। आसपास की झाड़ियां टूटी हुई थीं, जिससे स्पष्ट है कि महिला ने अपनी जान बचाने के लिए बाघ से संघर्ष किया। फिलहाल परिजनों की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीमें पहुंची हुई हैं। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वन विभाग का कहना है- फिलहाल आसपास अब तक बाघ के पंजों के निशान नहीं मिले हैं, पर किसी वन्य जीव के हमले से ही मौत हुई है। घटना जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर थाना न्यूरिया के महोफ वन रेंज की है।

## बसपा सुप्रीमो मायावती के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, लखनऊ में श्रेया यादव नाम की फेसबुक आईडी पर एफआईआर

लखनऊ, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां बसपा के कैंट विधानसभा अध्यक्ष गंगाराम वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी महिला की फेसबुक आईडी श्रेया यादव है। बसपा कार्यकर्ता गंगाराम वर्मा ने तहरीर में बताया कि 9 फरवरी को दोपहर करीब 4 बजे आलमबाग के दामोदर नगर में कैंट विधानसभा प्रभारी देवेश कुमार गौतम के आवास पर पार्टी की बैठक चल रही थी। इसी दौरान फेसबुक पर स्क्रॉल करते हुए श्रेया यादव की आईडी से पोस्ट की गई एक टिप्पणी उनकी नजर में आई।


तहरीर में आरोप लगाया गया है कि इस पोस्ट में मायावती के प्रति बहुत ही आपत्तिजनक, अभद्र और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भाषा का इस्तेमाल किया गया था, जो न केवल व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला था, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं में भी रोष पैदा कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद कृष्णा नगर पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर ली और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फेसबुक पोस्ट की स्क्रीनशॉट और अन्य सबूत जुटाने का काम शुरू किया है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि पोस्ट कब और किस संदर्भ में की गई थी, तथा क्या इससे किसी धारा के तहत सांप्रदायिक या सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास हुआ है या नहीं।

बसपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सोशल मीडिया पर बढ़ते ऐसे मामलों से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और खासकर दलित-बहुजन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, इसलिए ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जरूरी है।

## मुश्किल में फंसे राजपाल यादव तो खटाक से तेजप्रताप यादव ने दे दिया 11 लाख

पटना, 11 फरवरी (एजेंसियां)। लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने जाने-माने अभिनेता राजपाल यादव की मदद करते हुए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुश्किल में फंसे राजपाल की मदद कर तेज प्रताप ने बड़ा दिल दिखाया है। लेकिन लोगों के मन में सवाल आ रहे हैं कि तेजप्रताप ने एक झटके में इतनी बड़ी रकम दान कर दिया। आखिर उनके पास पैसा आता कहां है, उनकी आय का जरिया क्या है? लोगों यह भी जानना चाहते है कि वे कुल कितनी संपत्ति के मालिक है? दरअसल, मशहूर अभिनेता राजपाल यादव को 2010 की फिल्म 'अता पता लापता' के कर्ज और चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल भेजा गया है। इस कठिन समय में फिल्म इंडस्ट्री और राजनीतिक जगत के कई दिग्गज उनकी मदद के लिए आगे आए हैं। इसी कड़ी में बिहार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव ने भी दरियादिली दिखाई है। तेज प्रताप ने ट्वीट कर राजपाल यादव को आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। राजपाल यादव लंबे समय से कानूनी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं और अब प्रमुख हस्तियों के इस समर्थन से उन्हें बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। तेजप्रताप ने एक्स पर लिखा, 'मुझे अभी मेरे बड़े भाई राव इंदरजीत यादव जी की पोस्ट के माध्यम से माननीय राजपाल यादव जी के परिवार की पीड़ा के विषय में जानकारी प्राप्त हुई। इस अत्यंत कठिन समय में मैं और मेरा पूरा जेजेडी (जन शक्ति जनता दल) परिवार, उनके शोकाकुल परिवार के साथ पूरी संवेदना और मजबूती से खड़ा है। मानवीय करुणा एवं सहयोग की भावना से, मैं जेजेडी परिवार की ओर से 11,00,000 (ग्यारह लाख रुपये) की आर्थिक सहायता उनके परिवार को प्रदान कर रहा हूं।

## मेरठ में रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर और उनकी पत्नी ने की आत्महत्या



मेरठ, 11 फरवरी (एजेंसियां)। मेरठ के रक्षापुरम सेक्टर- 4 में यूपी पुलिस से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर लल्लू सिंह चौधरी ने अपनी पत्नी संतोष के साथ कमरे में फांसी लगा ली। दंपती रक्षापुरम में रहते थे, जबकि उनका इकलौता बेटा पास ही गंगाधाम कॉलोनी में रहता था। सुबह मेड काम के लिए पहुंची तो मामले का पता चला। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। रक्षापुरम में लल्लू सिंह और उनकी पत्नी रहती थी। बेटा पास ही स्थित गंगाधाम कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहता है। बुधवार सुबह घर में मेड आई तो दोनों के शव उनके कमरे में फंदे पर लटके मिले थे। मेड ने आसपास के लोगों को जानकारी दी।

इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने आकर जांच की और सबूत जुटाए। इसके बाद शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। गंगानगर थाना पुलिस का कहना है कि मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। दंपती ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जांच की जा रही है।

## बिहार विधानसभा में एनकाउंटर और पीएम आवास योजना को लेकर घमासान, मंत्री के जवाब पर बिफरी आरजेडी



पटना, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा के सातवें दिन कार्यवाही शुरू होते ही सदन के बाहर सियासी तापमान बढ़ गया। राजद विधायक भाई वीरेन्द्र ने हालिया पुलिस एनकाउंटर को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अपराध किसी एक जाति तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जाति में अपराधी मौजूद हैं। इसके बावजूद सरकार एक विशेष जाति और समुदाय को निशाना बना रही है। उनका आरोप था कि सत्ता में बैठे लोग खुद अपराधियों को संरक्षण देते हैं और फिर चुनिंदा कार्रवाई कर राजनीतिक संदेश देने की कोशिश करते हैं। इसी बीच पटना में एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में कुख्यात सूर्या डॉन के पैर में गोली लगने की घटना ने बहस को और तेज कर दिया। नई सरकार के गठन के बाद यह दसवां एनकाउंटर बताया जा रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार कानून-व्यवस्था सुधारने के बजाय दिखावटी कार्रवाई कर रही है, जबकि सत्ता पक्ष इसे अपराध के खिलाफ सख्त अभियान बता रहा है।पोर्टिको में नारेबाजी, सदन में तनाव बढ़ते अपराध के मुद्दे पर राजद विधायकों ने विधानसभा पोर्टिको में जोरदार नारेबाजी की। "भ्रष्टाचारियों की सरकार नहीं चलेगी" और "अपराधियों की सरकार नहीं चलेगी" जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा। इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में पहुंचे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार अपराध नियंत्रण में विफल रही है और प्रदेश में असुरक्षा का माहौल बन गया है। विधानसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना की रुकी हुई राशि का मुद्दा भी उठा। विधायक मंजीत सिंह के सवाल पर मंत्री श्रवण कुमार ने स्वीकार किया कि राज्य सरकार स्टेट नोडल अकाउंट समय पर नहीं बना पाई, जिसके कारण केंद्र ने राशि रोक दी थी। पहले 31 जनवरी तक की समय-सीमा थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च तक करने का अनुरोध किया गया है। सरकार ने केंद्र से दोबारा राशि निकासी का अधिकार देने की अपील की है। माले विधायक संदीप सौरभ ने नीट छात्रा से जुड़े मामले को उठाते हुए सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं गोरखपुर

गोरखपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 14 फरवरी को तीन दिवसीय प्रवास पर गोरखपुर आएंगे। वे संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। तीन दिवसीय दौरे के दौरान मोहन भागवत जिला, विभाग और प्रांत कार्यकारिणी के लोगों के साथ बैठक करेंगे। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा व योजना रचना पर चर्चा करेंगे। इस दौरान का कुटुंब प्रबोधन भी होगा।

तीन दिवसीय प्रवास के दौरान मोहन भागवत की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की भी संभावना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत तीन दिवसीय प्रवास पर 14 फरवरी की शाम गोरखपुर पहुंचेंगे। उनके प्रवास के दूसरे दिन 15 फरवरी रविवार को सुबह 9:30 बजे से सामाजिक सद्भाव



बैठक को संबोधित करेंगे, जिसमें पूरे प्रांत से विभिन्न जाति, वर्गों और सामाजिक सद्भाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख सामाजिक लोग सम्मिलित होंगे। इस दौरान मोहन भागवत लोगों से संवाद स्थापित कर सामाजिक समरसता के विषय पर विचार साझा करेंगे।

### 2024 को पांच दिन भ्रमण पर आए थे

संघ प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा को लेकर भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत 12 जून 2024 को पांच दिवसीय प्रवास पर गोरखपुर आए थे। उसे समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी मुलाकात की चर्चा खूब रही लेकिन योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में उपस्थिति के बावजूद भी सियासी गलियारों में हलचल के बीच उनकी मुलाकात नहीं हो पाई थी। इस बार संभावना जताई जा रही है कि 14 फरवरी को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर आने की संभावना है।

ऐसे में सरसंघचालक मोहन भागवत से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात होती है तो यह उत्तर प्रदेश की राजनीति की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण होगी।

### 15 फरवरी को जन गोष्ठी आयोजित

वे 15 फरवरी को दोपहर 3 बजे प्रमुख जन गोष्ठी के आयोजन में सम्मिलित होंगे, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख जन सम्मिलित होंगे उनको संबोधित करेंगे। प्रमुख जन गोष्ठी में विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों से प्रमुख जन की उपस्थिति रहेगी। संगोष्ठी में समाज के विविध घटकों के बीच पारस्परिक विश्वास, समन्वय और सहयोग को सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा होगी। प्रवास के तीसरे और अंतिम दिन 16 फरवरी 2026 को प्रातः 9:30 बजे से कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में शताब्दी वर्ष के अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा और आगे होने वाले कार्यक्रम की योजना रचना पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में जिला टोली, विभाग टोली और प्रांत कार्यकारिणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। 16 फरवरी को शाम 5 बजे सरसंघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरखपुर विभाग के द्वारा आयोजित कुटुंब स्नेह मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

गोरखपुर महानगर 20 नगरों चौरीचौरा, गोरखपुर ग्रामीण के जिला स्तरीय कार्यकर्ता व नगर, जिला, विभाग, प्रान्त कार्यकारिणी प्रवासी, उनके परिवार के लोग सम्मिलित होंगे। इस कुटुम्ब स्नेह मिलन कार्यक्रम को सरसंघचालक डॉ। मोहन भागवत संबोधित करेंगे और कुटुंब प्रबोधन का विषय कार्यकर्ताओं और उनके परिवार के बीच रखेंगे।

## एसजीएसआईटीएस कॉलेज के पास दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एसजीएसआईटीएस कॉलेज के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 10.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक इलाके में ब्राउन शुगर की सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर मंगलवार को क्राइम ब्रांच की टीम एसजीएसआईटीएस कॉलेज के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने पहुंची। यहां दो युवक संदिग्ध अवस्था में नजर आए। पुलिस टीम को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।

## भोपाल में प्रोफेसर ने घर में फांसी लगाकर सुसाइड किया

भोपाल, 11 फरवरी (एजेंसियां)। भोपाल के रातीबड़ इलाके में रहने वाले प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। बुधवार सुबह परिजनों ने बॉडी देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के कमरे से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने बीमारी के चलते जान देने की बात लिखी है। हालांकि परिजनों ने उसे किसी भी तरह की गंभीर बीमारी होने से इनकार किया है। पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है। एसआई गब्बर सिंह के मुताबिक 32 वर्षीय शैलेंद्र सिंह ठाकुर पुत्र महेंद्र सिंह ठाकुर गोल्डन सिटी रातीबड़ में किराए से रहते थे। वह मूल रूप से सीहोर जिले के आष्टा स्थित गोपालपुर गांव के रहने वाले थे। बीते 6 महीने से भोपाल में किराए का कमरा लेकर रहते थे और रातीबड़ के ही प्राइवेट कॉलेज में बतौर प्रोफेसर जॉब कर रहे थे।

## बीजेपी विधायक की पत्नी की गाड़ी पर हमला काली पूजा के कार्यक्रम में जाते समय हुई घटना

कोलकाता, 11 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के बनगांव में बीजेपी विधायक की पत्नी की गाड़ी पर हमले का सनसनीखेज आरोप सामने आया है। बनगांव उत्तर से बीजेपी विधायक अशोक कीर्तनियां की पत्नी मौमिता कीर्तनियां काली पूजा के कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं, तभी उनकी गाड़ी को गोपालनगर के बेलेडांगा इलाके में घेर लिया गया। बीजेपी विधायकों का आरोप है कि सशस्त्र लोगों के एक समूह ने लाठी, रॉड और बांस से गाड़ी पर हमला किया।

आरोप है कि हमलावरों ने लाठियों के सिरों पर आग लगाकर गाड़ी में आग लगाने की कोशिश की। इस घटना में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया, जिसके बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बनगांव दक्षिण से बीजेपी विधायक स्वप्न मजूमदार की सास रिंकू बैरागी ने आरोप लगाया कि करीब 50 से 60 लोग सड़क पर खड़े थे। उनके हाथों में रॉड और हथियार थे। लाठियों के सिरों पर आग लगी हुई थी और गाड़ी को जलाने की योजना थी। उन्होंने बताया कि गाड़ी पर बेरहमी से हमला किया गया और गालियां भी दी गईं। उनका दावा है कि यह एक बड़ी साजिश थी।

बनगांव दक्षिण बीजेपी विधायक स्वप्न मजूमदार ने कहा कि विधायक की गाड़ी को टारगेट कर तृणमूल के कुछ असामाजिक तत्वों ने बिना कुछ सुने ही शीशों पर ईंट और रॉड से हमला किया। वहीं, बनगांव उत्तर बीजेपी विधायक अशोक कीर्तनियां ने आरोप लगाया कि गाड़ी में बैठे दो लोगों को जिंदा जलाने की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने उचित व्यवस्था नहीं की तो इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की होगी।

इस पूरे मामले पर तृणमूल कांग्रेस ने हमले से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। तृणमूल बनगांव संगठनात्मक जिला अध्यक्ष विश्वजीत दास ने कहा कि कुछ दिन पहले इलाके में एक व्यक्ति ने आत्महत्या की थी, जिसके बाद विधायक वहां नहीं पहुंचे थे। स्थानीय लोग उनसे सवाल पूछने गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले विधायक के बेटे ने गाड़ी से उतरकर लोगों से मारपीट की, जिसके बाद स्थानीय लोग भड़क गए और स्थिति बिगड़ गई। तृणमूल का कहना है कि इस घटना में राजनीति का कोई संबंध नहीं है।

## भोपाल के अयोध्या बायपास चौड़ीकरण में टूटेगी झुग्गियां परिवारों को प्रशासन के नोटिस

भोपाल, 11 फरवरी (एजेंसियां)। भोपाल के अयोध्या बायपास को 10 लेन में बदला जा रहा है। इस परियोजना में कई दुकानें, मकान, धार्मिक स्थल और सरकारी भवन बाधा बन रहे हैं, जिन्हें हटाया जा रहा है। केसर बस्ती में भी करीब 90 झुग्गियों को हटाने की तैयारी है। प्रशासन ने परिवारों को नोटिस दिए हैं,

लेकिन विस्थापन की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में मांग उठ रही है कि बिना पुनर्वास के परिवारों को न हटाया जाए। नेशनल हाईवे-146 पर आशाराम तिराहा से रत्नागिरी तिराहे तक 16 किलोमीटर लंबी 10 लेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसी दौरान आनंद नगर में एक फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा। इसके लिए सड़क किनारे की 146 दुकानें हटाई जा चुकी हैं।

## गुजरात में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका



### किसान विंग के अध्यक्ष राजू करपड़ा ने दिया इस्तीफा

अहमदाबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की किसान विंग के अध्यक्ष राजू करपड़ा ने आप से इस्तीफा दे दिया है। राजू करपड़ा पिछले काफी समय से गोपाल इटालिया से नाराज चल रहे थे। करपड़ा ने इस्तीफे से सौराष्ट्र क्षेत्र में पार्टी के फैलाव पर ब्रेक लग सकता है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में राजू करपड़ा ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी में अपने सभी पदों एवं जिम्मेदारियों से आज दिनांक 11 / 02 / 2026 से इस्तीफा देता हूं। व्यक्तिगत कारणों के चलते मेरे लिए वर्तमान दायित्वों का निर्वहन कर पाना संभव नहीं है। पार्टी ने मुझे जो अवसर, सम्मान और सहयोग दिया उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। कृपया मेरा इस्तीफा स्वीकार करने की कृपा करें।

अपने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर कर करपड़ा ने कहा कि दोस्तों, आज मैं आम आदमी पार्टी के सभी पदों से इस्तीफ़ा दे रहा हूं।।! मेरा फ़ैसला आपको ज़रूर हैरान कर देगा। मैंने पार्टी को मज़बूत बनाने के लिए अपने परिवार को खास अहमियत और समय दिया है, लेकिन कुदरत ने यहीं तक साथ लिखा है। अगर मैंने कभी किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई हो, तो मैं माफ़ी चाहता हूं। मैं आम आदमी पार्टी के नेशनल और स्टेट लीडरशिप के साथ-साथ अपने सभी साथियों और किसानों का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझे प्यार दिया।

बता दें कि राजू करपड़ा 2021-22 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे और 2022 में सुरेंद्रनगर से विधानसभा चुनाव लड़ा। वह इससे पहले बोटाद आप मीटिंग में पत्थरबाजी की घटना में भी चर्चा में आए थे। बोटाद में पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प में पुलिस ने कुल 85 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेता राजू करपड़ा और प्रवीण राम को 16 अक्टूबर 2025 को तब गिरफ्तार किया था, जब वे किसानों पर हो रहे अत्याचार को खत्म करने और न्याय की मांग को लेकर अहमदाबाद ऑफिस में आमरण अनशन पर बैठने वाले थे।

## 1 बजे 5 धमाके' का ईमेल

### पप्पू यादव की जमानत टली, पटना-दानापुर-किशनगंज कोर्ट बंद; पुलिस से भिड़े वकील



पटना, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बुधवार सुबह आए एक ईमेल ने तीन जिलों की अदालतों की कार्यवाही पर ब्रेक लगा दिया, जब पटना, दानापुर और किशनगंज सिविल कोर्ट को 'दोपहर 1 बजे पांच धमाके' की चेतावनी मिली। संदेश में भड़काऊ नारे लिखे थे, जिसके बाद एहतियातन परिसरों को खाली कराया गया और आम प्रवेश पर रोक लगा दी गई। सैकड़ों वादकारी और अधिवक्ता बाहर इंतजार करते रहे, जबकि कई अहम मामलों की सुनवाई टल गई। पटना सिविल कोर्ट में पप्पू यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई प्रस्तावित थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से कार्यवाही स्थगित कर दी गई। लगातार मिल रही धमकियों से अधिवक्ताओं में रोष दिखा और पुलिस से तीखी बहस हुई। वकीलों का कहना है कि बार-बार की चेतावनियों के बावजूद स्थायी सुरक्षा समाधान नहीं दिख रहा, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। सूचना मिलते ही पीरबहोर थाने की पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे और सघन तलाशी शुरू की गई। जज चैंबर, वॉशरूम और सार्वजनिक हिस्सों की विशेष जांच की जा रही है। आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ाई गई है और किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए अतिरिक्त बल तैनात है। किशनगंज कोर्ट को मिले ईमेल में रिमोट से विस्फोट की बात कही गई, जिससे प्रशासन ने तुरंत परिसर खाली कराया। हालांकि अब तक किसी विस्फोटक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा है। यह पटना सिविल कोर्ट को मिली छठी धमकी बताई जा रही है।

## अरुणाचल-असम सीमा विवाद सुलझाने की दिशा में बड़ा कदम, बाउंड्री पिलर लगाने का काम शुरू





ईटानगर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के पक्के केस्सांग जिले और असम के बिस्वनाथ जिले के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, दोनों राज्यों के बीच बाउंड्री पिलर लगाने का औपचारिक का लगभग-लगभग शुरू हो गया है।

यह काम सोमवार से शुरू हुआ और इसे दोनों राज्यों के अधिकारियों के साथ-साथ केंद्र सरकार के सर्वे ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि भी देख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम एक समझौते के बाद उठाया गया है, जिसे विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए किया गया था। इसका उद्देश्य सीमा के पास रहने वाले लोगों के लिए स्पष्टता और स्थिरता लाना और दोनों राज्यों के बीच शांति, सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देना है।

### मंत्री बियूराम वहगे ने कदम को बताया एतिहासिक

राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बियूराम वहगे ने इस कदम को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में दोनों राज्यों के अधिकारियों और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों की भागीदारी है। वहगे का कहना है कि यह कदम उस ऐतिहासिक समझौते के बाद उठाया गया है, जो लंबे समय से लंबित सीमा विवाद को सुलझाने का मार्ग प्रशस्त करता है। इससे स्थायी शांति, सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का भी धन्यवाद दिया।

### कैसे शुरू हुआ विवाद

बता दें कि यह विवाद जुलाई 2022 में हुए नमसाई घोषणा-पत्र के बाद तेजी से हल होने की ओर बढ़ा। इस समझौते ने विवाद को शांतिपूर्ण और स्थायी तरीके से सुलझाने की नींव रखी। दोनों राज्यों ने मिलकर कदम-दर-कदम और सहयोगी दृष्टिकोण अपनाया। सबसे पहले आसान और कम जटिल क्षेत्रों से काम शुरू किया गया।

## वन्यजीवों को भारी पड़ रहा अकेलापन, सदमे में तोड़ रहे दम

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। लोहे की सलाखों के पीछे कैद जिंदगी, सीमित दायरा और प्रकृति से कटे हुए हालात... राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में वन्यजीवों की यह खामोश पीड़ा अब मौतों के आंकड़ों में बदलने लगी है। खुले जंगलों के लिए बने जीव, जब तंग बाड़ों और एकाकी जीवन में सिमटते हैं, तो उनका शरीर ही नहीं, मन भी टूटने लगता है। नतीजा यह है कि मानसिक तनाव, अकेलापन और बीमारी धीरे-धीरे उनकी सांसें छीन रही है। चिड़ियाघर में लगातार हो रही वन्यजीवों की मौतें न सिर्फ संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं,

बल्कि यह भी पूछती हैं कि क्या हम सचमुच उन्हें बचा रहे हैं या बस जिंदा रहने का भ्रम दे रहे हैं। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार, 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच 127 वन्यजीवों की मौत हुई, जिनमें चिंकारा, काले हिरण, बारहसिंगा, नील गाय, भारतीय हॉग हिरण और चीतल जैसे प्रजाति के जानवर शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 35 जानवरों की मौत सदमे (शॉक) और 25 की मौत शारीरिक या मानसिक तनाव की वजह से हुई। पिछले वर्ष 2023-24 में 148 जानवरों में से 37 ने सदमे और 32 ने शॉक के कारण दम तोड़ा था। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, ये जानवर जंगल से अलग होने और चिड़ियाघर में कैद होने के कारण मानसिक और शारीरिक तनाव झेलते हैं।

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, काले हिरण और शाकाहारी जानवर बहुत संवेदनशील होते हैं। छोटी आवाज या हल्की हरकत से भी वे डर जाते हैं और शारीरिक प्रतिक्रिया के कारण उनकी मौत तक हो सकती है। ऐसे में कैप्चर मायोपैथी, आपसी झगड़े और पर्यावरणीय बदलाव वन्यजीवों की मौत का बड़ा कारण हैं। चांदनी चौक के श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर स्थित पक्षियों के धर्मार्थ चिकित्सालय के डॉ। हरवतार सिंह का कहना है कि जानवरों का असली घर जंगल है।

## किसानों की खुदकुशी रोकने के लिए बड़ी पहल

### टास्क फोर्स गठित करेगी फडणवीस की सरकार

मुंबई, 11 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में किसान आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या देशभर के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। ऐसे में अब इसे रोकने और किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत राज्य के कृषि विभाग ने एक विशेष टास्क फोर्स बनाने का निर्णय लिया है। इस टास्क फोर्स का काम किसानों की मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक कठिनाई, सामाजिक तनाव और जलवायु बदलाव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियां बनाना होगा। देखा जए तो राज्य सरकार की यह पहल किसानों को सिर्फ राहत देने तक सीमित नहीं, बल्कि उनके जीवन और आय को स्थायी रूप से सुदृढ़ करने पर केंद्रित है।

यह टास्क फोर्स आगामी राज्य विधानसभा की बजट सत्र जो कि 23 फरवरी से शुरू होने वाले है, उससे पहले बनाई गई है। बता दें कि इस टास्क फोर्स का नेतृत्व एग्जेशन और ट्रेनिंग विभाग के निदेशक रफीक नाइकवाडी करेंगे। इसमें विभाग के अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जिसमें सुनील बोरकर, उदय देशमुख, गणेश घोरपड़े, जिवन बुंदे, नंदकिशोर



नैनवाड, सत्यजीत शितोले, सोनाली शिलकर, कृषि समाजशास्त्री डॉ। विनायक हेगना और महिला किसानों की मानसिक स्वास्थ्य पर काम करने वाली मनोरोग विशेषज्ञ सृष्टि दोइजाद का नाम शामिल है।

कृषि आयुक्त सुरज मांढरे ने बताया कि कई योजनाएं पहले से लागू हैं, लेकिन आज किसान जलवायु परिवर्तन, फसल नुकसान, आर्थिक दबाव और सामाजिक तनाव जैसी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसलिए टास्क फोर्स 'चार-स्तरीय समेकित दृष्टिकोण' अपनाएगा। इसके तहत तकनीकी और कृषि में नई तकनीक, आर्थिक सहायता और स्थिरता, सामाजिक समर्थन और समुदाय सहयोग, और मानसिक स्वास्थ्य पर फोकस होगा।

बात अगर टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य की करें तो इसका उद्देश्य किसानों की आत्महत्या के कारणों का अध्ययन और शोध करना, जलवायु परिवर्तन के कृषि पर प्रभाव का विश्लेषण और समाधान सुझाना, आत्महत्या रोकने के लिए रणनीतियां बनाना, तकनीक, वित्त और मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर मॉडल तैयार करना। इसके साथ ही आपदा पूर्व तैयारी, आपदा के समय तत्काल सहायता और आपदा के बाद पुनर्वास के लिए योजनाएं बनाना होगा। इसके अलावा इस टास्क फोर्स का काम जिला और क्षेत्र स्तर पर कार्यान्वयन योजनाओं का निर्माण करना और सरकार, अर्ध-सरकारी संस्थाओं और एनजीओएस के साथ समन्वय करना होगा। टास्क फोर्स के अध्यक्ष रफीक नाइकवाडी ने कहा कि वे पहले के रिपोर्टों का अध्ययन करेंगे और वर्तमान जरूरतों के अनुसार नए और आधुनिक उपाय लागू करेंगे।

कृषि समाजशास्त्री डॉ। विनायक हेगना ने कहा कि हमारे 'शिवार संसद' और 'शिवार हेल्पलाइन' के जरिए पहले ही 2,500 किसानों को आत्महत्या से बचाया गया है। यह टास्क फोर्स नीति स्तर पर काम करने का अवसर देगा और स्थायी, वैज्ञानिक और मानवतावादी मॉडल तैयार करेगा।

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता के घर पर बमबाजी, इलाके में हड़कंप; वजह आई सामने

कोलकाता, 11 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट में तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर बम से हमला होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हमला मंगलवार की रात वार्ड नंबर 8 के पार्षद असित मजूमदार के घर पर हुआ। उन्होंने बम की आवाज सुनी, लेकिन जब तक वे घर से बाहर निकले, तब तक बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। इस हमले ने चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में गरमाहट ला दी। तृणमूल कांग्रेस के नेता असित मजूमदार ने इस घटना पर हैरानी जताई।

उन्होंने कहा कि अपने 55 साल के लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी ऐसी घटना नहीं देखी। उन्होंने इस हमले के पीछे पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी की ओर इशारा किया है। उन्होंने कहा कि वामपंथी शासन में भी किसी ने मेरे घर पर हमला करने की हिम्मत नहीं की थी। मजूमदार ने कहा, ₹मुझे लगता है कि इस घटना के पीछे कोई बाहरी नहीं, बल्कि कोई स्थानीय व्यक्ति हो सकता है। उन्होंने कहा कि बसीरहाट में ऐसे हालात देखकर उन्हें दुख होता है। मेरा किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं है, इसलिए मैं किसी का नाम नहीं ले सकता। घटना की खबर मिलते ही बसीरहाट दक्षिण के विधायक सप्तर्षि बनर्जी समेत पार्टी के स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे।

## 'विरोध कर रहे लोग पीछे हट जाएं' निर्माण शुरू होने पर बोले हुमायूं कबीर






कोलकाता, 11 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बुधवार से एक नई मस्जिद का निर्माण काम शुरू हो गया है। यह मस्जिद अयोध्या की पुरानी बाबरी मस्जिद की नकल के तौर पर बनाई जा रही है। करीब दो महीने पहले इसकी नींव रखी गई थी। जनता उन्नयन पार्टी (जेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर इस पूरे प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहे हैं। हुमायूं कबीर ने कहा कि जो लोग इस मस्जिद के निर्माण का विरोध कर रहे हैं, उन्हें पीछे हट जाना चाहिए। उन्होंने साफ किया कि हर इंसान को अपना धर्म मानने और मंदिर, मस्जिद या चर्च बनाने की आजादी है। वह किसी का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि अल्लाह की इबादत के लिए यह काम कर रहे हैं। उन्होंने मस्जिद के निर्माण में साथ देने वाले लोगों का शुक्रिया अदा किया। कबीर ने कहा कि कुछ लोग काम रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अल्लाह की मदद से काम सुरक्षित तरीके से शुरू हुआ।

### 1992 की घटना को किया याद

छह दिसंबर 1992 की घटना को याद करते हुए कबीर ने बताया कि वह अक्सर सोचते थे कि बाबरी मस्जिद का ढांचा क्यों गिराया गया। एक मुसलमान होने के नाते वह इस मस्जिद को बनाकर अपना छोटा सा योगदान देना चाहते हैं। निर्माण वाली जगह पर उनके समर्थक काफी उत्साहित दिखे। लोग अपने सिर पर ईंटें ढोकर काम में मदद कर रहे हैं। कबीर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इस मस्जिद का डिजाइन भी साझा किया है।

### कबीर ने की मुख्यमंत्री ममता की आलोचन

हुमायूं कबीर पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएणसी) में थे। जब उन्होंने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नकल बनाने का ऐलान किया, तो पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी नई पार्टी 'जनता उन्नयन पार्टी' बनाई। कबीर ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भी खुलकर आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनेंगी और न ही शपथ लेंगी।

### उत्तर प्रदेश के सीएम ने दी प्रतिक्रिया

इस मामले पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि बाबरी ढांचा कभी दोबारा नहीं बनेगा। योगी ने यह भी कहा कि कयामत कभी नहीं आएगी, इसलिए मस्जिद दोबारा बनने का सवाल ही नहीं उठता। दूसरी तरफ, हुमायूं कबीर ने गुरुवार से बाबरी यात्रा शुरू करने की घोषणा की है। यह यात्रा मुर्शिदाबाद के पलाशी से शुरू होकर दिनाजपुर के इटाहार तक जाएगी। यह तीन दिन का मार्च होगा जो मस्जिद निर्माण वाली जगह तक पहुंचेगा।

# अमेरिकी संसद में एच-1बी वीजा खत्म करने वाला बिल पेश

## 2027 तक बंद करने का टारगेट, भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर होगा

वॉशिंगटन, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी संसद में एच-1बी वीजा प्रोग्राम को पूरी तरह खत्म करने के लिए एक बिल लाया गया है। फ्लोरिडा से रिपब्लिकन सांसद ग्रेग स्ट्यूबे ने इसे स्थानीय समयानुसार सोमवार को पेश किया।

इस बिल को 'एंडिंग एक्सप्लॉइटेटिव इम्पोर्टेड लेबर एग्जेम्प्शंस एक्ट' नाम दिया गया है। इसके जरिए इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट में संशोधन कर एच-1बी वीजा प्रोग्राम को 2027 तक समाप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है।

यह बिल ऐसे समय में लाया गया है, जब अमेरिका पहले से ही एच-1बी और एच-4 वीजा को लेकर जांच और सख्ती बढ़ा चुका है। अगर बिल पास हुआ तो इसका सबसे ज्यादा असर अमेरिका जाने वाले भारतीयों पर पड़ेगा।

सांसद ग्रेग स्ट्यूबे ने एच-1बी वीजा का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए हैं। उनके मुताबिक इससे अमेरिकी नागरिकों की नौकरियों को नुकसान पहुंचा है।

सांसद ने कहा कि एच-1बी




वीजा प्रोग्राम के कारण अमेरिकी कामगार और युवा लगातार विस्थापित हो रहे हैं। उनके मुताबिक, यह प्रोग्राम कॉर्पोरेट कंपनियों और विदेशी प्रतिस्पर्धियों को फायदा पहुंचाता है, जबकि घरेलू वर्कफोर्स को नुकसान होता है।

बिल के समर्थन में कहा गया है कि एच-1बी वीजा की वजह से कई अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी गंवानी पड़ी। दावा किया गया कि 2025 में 9 हजार से ज्यादा एच-1बी वीजा मंजूर होने के बाद माइक्रोसॉफ्ट के 16 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को हटाया गया। एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल भारतीय प्रोफेशनल्स अमेरिका में काम और रहने के लिए करते हैं। आधिकारिक दावे के मुताबिक, एच-1बी वीजा पाने वालों में 70% से ज्यादा भारतीय हैं और इनमें बड़ी संख्या युवा कर्मचारियों की है।

इस वजह से संसद में पेश इस बिल का असर सीधे तौर पर भारतीय आईटी और टेक प्रोफेशनल्स पर पड़ सकता है।

एच-1बी वीजा खत्म करने से जुड़ा यह बिल फिलहाल अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पेश किया गया है। अभी इस पर न तो बहस हुई है और न ही वोटिंग की कोई समयसीमा तय की गई है।

बिल को अब संबंधित हाउस कमेटी के पास भेजा जाएगा। कमेटी यह फैसला करेगी कि इस पर औपचारिक सुनवाई होगी या नहीं।

अगर कमेटी से बिल को मंजूरी मिलती है, तो इसे हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में चर्चा के लिए लाया जाएगा। चर्चा के बाद सदन में इस पर वोटिंग होगी।

हाउस से पास होने के बाद बिल अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में जाएगा। वहां भी इसी तरह चर्चा और वोटिंग की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद ही यह बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद ही यह प्रस्ताव कानून का रूप ले सकेगा।

ग्रेग स्ट्यूबे अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के नेता हैं और जनवरी 2019 से फ्लोरिडा के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से सांसद हैं।

# रायगढ़ कार्बन प्लांट हादसा: मासूम बच्ची समेत 3 मौतें

रायपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अस्पताल के वार्ड में गूंजती एक महिला की चीखें और पास खड़ी नर्स उसे संभालने की कोशिश करती रहीं, लेकिन उसका दर्द किसी के बस में नहीं था। उसने अपनी 9 महीने की दूधमुंही बच्ची और पति को खो दिया। ससुर भी वेंटिलेटर पर हैं। रायगढ़ मंगल कार्बन प्लांट हादसे ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। महिला ने महज तीन महीने पहले अपनी 3 साल की बेटी को भी खो दिया था। अब हादसे में अपनी दूधमुंही बच्ची और पति को खो दिया। गरीबी और पेट पालने की मजबूरी में मां-बाप प्लांट में मजदूरी करते थे और छोटी बच्चियों को साथ लेकर जाते थे। हादसे के दिन भी 9 महीने की भूमि को पास में लेटाकर मां उदासिनी खड़िया और पिता शिव खड़िया काम कर रहे थे।

हादसा होने के बाद छोटी बच्ची भी चपेट में आ गई। मंगलवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया ही थी कि देर रात पिता ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।


# अमेरिका ने इंडियन मैप वाला पोस्ट हटाया

## पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया था, ट्रेड डील के बाद शेयर किया था

वॉशिंगटन, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है।

यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था।

अब तक अमेरिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पीओके और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था। इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन



का संकेत हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे गलती से जारी हुआ बताया। इन तमाम अटकलों के बीच अब यूएसटीआर ने यह पोस्ट हटा दिया है। हालांकि, इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।

**विवाद की शुरुआत**

1947: भारत-पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया।

# कनाडा के स्कूल में मॉस फायरिंग

## कम से कम 10 लोगों की मौत, हमलावर की भी मिली लाश

ओटावा, 11 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में हुई एक सामूहिक गोलीबारी में हमलावर समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह घटना मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को ब्रिटिश कोलंबिया के टंबलर रिज स्थित एक स्कूल में हुई। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के मुताबिक, हाई स्कूल के अंदर छह लोग मृत पाए गए। एक अन्य व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार संदिग्ध हमलावर भी मृत पाया गया। पुलिस का कहना है कि उसकी मौत खुद को पहुंचाई गई चोट के कारण हुई। यह जानकारी कनाडा के प्रमुख मीडिया संस्थान सीबीसी ने दी है। इसके अलावा, एक घर से भी दो लोगों के शव मिले हैं। पुलिस का मानना है कि इस घर का संबंध इसी गोलीबारी की घटना से है। घटना में घायल सभी लोगों को प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

एमएलए लैरी न्यूफेल्ड ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा, टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल में हुई दुखद और बहुत परेशान करने वाली घटना के बाद मैं टंबलर रिज की स्थिति पर करीब से नजर रख रहा हूं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कन्फर्म किया है कि कई लोग मारे गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि संदिग्ध की मौत के बाद एक्टिव शूटर अलर्ट हटा लिया गया है, लेकिन जांच जारी है। न्यूफेल्ड ने आगे कहा, मैं फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स, स्कूल स्टाफ और लोकल अधिकारियों को इस बहुत मुश्किल हालात में उनके तेज़ और प्रोफेशनल रिस्पॉन्स के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी दुआएं स्टूडेंट्स, परिवारों, टीचर्स और पूरी टम्बलर रिज कम्युनिटी के साथ हैं। यह एक छोटा और आपस में जुड़ा हुआ शहर है, जहां इस तरह की घटना का असर हर कोई महसूस करता है।

उन्होंने आगे कहा, जिन लोगों पर असर पड़ा है, उनके सम्मान में, यह ज़रूरी है कि हम पुलिस को अपनी जांच पूरी करने और डिटेल्स कन्फर्म करने के लिए ज़रूरी समय दें। जैसे ही वेरिफाइड जानकारी मिलेगी, मैं उसे शेयर करता रहूंगा। एमएलए ने यह भी कहा कि अगर घटना के बाद किसी को मानसिक या भावनात्मक कठिनाई महसूस हो रही है तो वे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# हेरोइन के साथ आरक्षक गिरफ्तार

### एक ग्राम चिट्टा बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा था, एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

रायपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर में पुलिस आरक्षक को हेरोइन (चिट्टा) बेचते गिरफ्तार हुआ है। आरक्षक हिमांशु बर्मन के पास से करीब 1 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद हुआ है। जिसकी कीमत लगभग 8 हजार रुपए बताई जा रही है। मामला टिकरापारा थाना इलाके का है। पुलिस के मुताबिक, 11 फरवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नीलकंठेश्वर मंदिर के पीछे मठपारा इलाके में एक व्यक्ति एक्सिस वाहन (CG-04-PW-1372) में बैठकर चिट्टा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना मिलते ही टिकरापारा और आजाद चौक थाने की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की झिल्ली में रखा करीब 1 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

# शेख हसीना की सीट पर हिंदू उम्मीदवार

## बीएनपी को दे रहे कड़ी टक्कर, आज वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह

ढाका, 11 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पारंपरिक सीट गोपालगंज-3 पर मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। यहां बीएनपी के उम्मीदवार एसएम जिलानी को दो हिंदू उम्मीदवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

निर्दलीय उम्मीदवार गोविंद चंद्र प्रमाणिक और गणो फोरम के दुलाल चंद्र विश्वास को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। गोपालगंज-3 सीट में टुंगीपाड़ा और कोटालिपाड़ा इलाके आते हैं।

टुंगीपाड़ा में करीब 26% और कोटालिपाड़ा में 47% से ज्यादा हिंदू आबादी है। यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है और लंबे समय से अवामी लीग का गढ़ माना जाता रहा है।

गोविंद चंद्र प्रमाणिक का कहना है कि उन्हें लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं एक 23 साल के युवक ने कहा कि अगर वोट नहीं



दिया तो हमला या केस हो सकता है। उसने कहा कि वोट तो देंगे, लेकिन शायद इस बार बीएनपी को वोट दें।

बांग्लादेश में 12 फरवरी को वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह होना है।

बीएनपी ने भी कई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। उसके 80 हिंदू उम्मीदवारों में से ढाका-1 सीट से गोयेश्वर चंद्र रॉय को मजबूत माना जा रहा है। मगुरा में निताई रॉय चौधरी के सामने कोई बड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं है।

बागेरहाट-1 सीट जो पहले अवामी लीग का गढ़ रही है, वहां बीएनपी के कपिल कृष्ण मंडल मजबूत माने जा रहे हैं। बागेरहाट-4 में सोमनाथ डे भी जीत के दावेदार बताए जा रहे हैं।

जमात-ए-इस्लामी ने भी पहली बार किसी हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है। पार्टी ने खुलना-1 सीट से कृष्णा नंदी को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला बीएनपी के आमिर एजाज खान और सीपीबी के किशोर कुमार रॉय से है। कृष्णा नंदी अपने सरल और मजाकिया अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं।

**हिंदू बहुल जिलों में भी बड़े दलों ने हिंदू उम्मीदवार नहीं उतारे**

गोपालगंज और खुलना के अलावा बागेरहाट, बरीसाल, पिरोजपुर, मगुरा, जेसोर और दिनाजपुर जिलों में भी हिंदू आबादी अच्छी खासी है। लेकिन बरीसाल, पिरोजपुर, जेसोर और दिनाजपुर में इस बार बड़ी पार्टियों ने हिंदू उम्मीदवार नहीं उतारे हैं।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले- अमेरिका ने हमारा इस्तेमाल किया

## मतलब निकलने पर टॉयलेट पेपर की तरह फेंका, साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे

इस्लामाबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा, हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया।

उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया।




आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है।

आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं।

उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था।

# क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया?

## रूसी विदेश मंत्री ने संसद में दिया बयान



मॉस्को, 11 फरवरी (एजेंसियां)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने स्टेट ड्यूमा में एक सरकारी सेशन के दौरान भारत के साथ संबंधों पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा मानने का कोई आधार नहीं है कि मॉस्को और नई दिल्ली के बीच हुए समझौते खतरे में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा, उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। उनका यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट्रं ट्रंप के दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत रूसी तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया है। लावरोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर भी प्रतिक्रिया दी।

लावरोव ने स्टेट ड्यूमा में एक सरकारी सेशन के दौरान कहा, हमारे पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि सबसे ऊंचे लेवल पर हुए समझौते, और दोनों देशों – रूस और भारत – की सरकारों के बीच हुए समझौते किसी खतरे में हैं। लावरोव ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अलावा किसी ने यह नहीं कहा है कि भारत रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा। उन्होंने आगे कहा, "आपने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया है। मैंने ऐसा बयान किसी और से नहीं सुना है, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या दूसरे भारतीय प्रतिनिधि भी शामिल हैं।"

रूसी विदेश मंत्री ने ग्रीनलैंड में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति के बढ़ने पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, अगर ग्रीनलैंड का इस तरह से सैन्यीकरण किया जाता है जिससे रूसी सुरक्षा को खतरा हो, तो रूस कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा, बेशक, ग्रीनलैंड के सैन्यीकरण और रूस को टारगेट करके वहां मिलिट्री क्षमताएं बनाने की स्थिति में, हम मिलिट्री-टेक्निकल कदमों सहित काफी जवाबी कार्रवाई करेंगे। लावरोव ने ग्रीनलैंड के आसपास की स्थिति को बड़ी ग्लोबल अस्थिरता से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाओं से पता चलता है कि दुनिया गहरे और लंबे समय तक चलने वाले बदलाव के दौर में आ गई है। भारत के रूसी तेल खरीदना बंद करने का दावा अमेरिका की तरफ से किया गया है। अभी तक भारत की ओर से इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। भारत ने रूसी तेल खरीद बंद करने के दावे को न तो स्वीकारा है और ना ही इससे इनकार किया है। माना जा रहा है कि भारत अब भी रूस से तेल खरीद जारी रखे हुए है, भले ही इसकी मात्रा कम हुई है।

# थाईलैंड में स्कूल पर हमला

## कई छात्र और शिक्षक बंधक, सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी

बैंकॉक, 11 फरवरी (एजेंसियां)। थाईलैंड में एक स्कूल पर अज्ञात बंदूकधारियों ने बुधवार शाम को हमला किया। उन्होंने स्कूल में घुसकर शिक्षकों और छात्रों को बंधक बना लिया है। खबर है कि पुलिस के घटनास्थल को घेरने पर एक शिक्षक को गोली मार दी गई है। हालांकि, पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना सोंगखला के हाट याई जिले में स्थित एक स्कूल की है। मौके पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद हैं।

**स्कूल खत्म होने के समय घुसे बंदूकधारी**

द नेशन थाईलैंड की खबर के मुताबिक, माए ताप्तिम याला फाउंडेशन ने अपने फेसबुक पेज पर शाम 4.59 बजे बताया कि टैम्बोन पाटोंग में पाटोंग प्रथान खिरिवात स्कूल पर हथियारबंद बंदूकधारियों ने हमला किया और गोलियां चलाईं।

फाउंडेशन ने कहा कि घायल टीचर को अस्पताल ले जाया गया और स्कूल को घेरने के लिए पुलिस को भेजा गया। पुलिस ने कहा कि बंदूकधारी स्कूल में तब घुसे जब दिन की क्लास खत्म होने वाली थीं।

उन्होंने कहा कि हमलावरों ने कुछ टीचरों और स्टूडेंट्स को बंधक बना रखा था, और कई डरे हुए स्टूडेंट्स अभी भी बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए थे। हाट याई पुलिस ने स्थिति को काबू में करने की कोशिश में स्कूल को घेरने के लिए एक स्पेशल फोर्स टीम बनाई। स्कूल से ज्यादा से ज्यादा छात्रों और दूसरे लोगों को निकालने के लिए बचाव दल भी भेजे गए हैं।

पुलिस ने कहा कि वे बंदूकधारियों से बातचीत करने के लिए जिले, टैम्बोन और गांव के मुखियाओं के साथ कोऑर्डिनेट कर रहे हैं।

हालांकि, खबर लिखे जाने तक बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकल सका है।

पुलिस ने लोगों से कहा गया है कि वे सुरक्षा के लिए स्कूल के सामने और आस-पास के इलाकों से बचें, और सिर्फ सरकारी एजेंसियों या दूसरे भरोसेमंद सोर्स से मिलने वाले अपडेट्स पर ही ध्यान दें।

# 'रिंग ऑफ फायर' का नजारा बस एक सप्ताह बाद

वॉशिंगटन, 11 फरवरी (एजेंसियां)। दुनिया भर के खगोल वैज्ञानिक और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वाले साल के पहले सूर्यग्रहण को देखने की तैयारी कर रहे हैं। यह दुर्लभ खगोलीय घटना इसी महीने होने वाली है जब सूरज कुछ देर के लिए धुंधला हो जाएगा। इसके चलते दुनिया के कुछ हिस्सों में यह आसमान में आग के छल्ले की तरह नजर आएगा। इसे रिंग ऑफ फायर इफेक्ट कहा जाता है। सूर्यग्रहण का यह प्रकार तब होता है, जब चांद पृथ्वी से अपने सबसे दूर वाले बिंदु पर या उसका आस-पास होता है। आइए साल के पहले सूर्यग्रहण के बारे में अहम बातें जानते हैं।

साल का पहला सूर्यग्रहण 17 फरवरी को होने जा रहा है। उस दिन जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के



बीच से होकर गुजरेगा, तो हमारे सूरज का बड़ा हिस्सा ढंक जाएगा।

यह एक वलयाकार सूर्यग्रहण होगा, जो रिंग ऑफ फायर का शानदार नजारा दिखाएगा। दरअसल चंद्रमा पृथ्वी के सबसे दूर बिंदु पर होने के चलते सूरज को पूरी तरह नहीं ढंक पाएगा। इसके सूर्य की डिस्क का बाहरी हिस्सा जलता हुआ दिखाई देगा।

नासा की रिपोर्ट के अनुसार, रिंग ऑफ फायर का समय सुबह 7.12 बजे (अमेरिकी समयानुसार) शुरू होगा और 1 मिनट 52 सेकंड तक चलेगा। इसके बाद चांद की छाया सोलर डिस्के से धीरे-धीरे हट जाएगी।

साल के पहले सूर्यग्रहण को सिर्फ कुछ ही लोग देख पाएंगे। रिंग ऑफ फायर इफेक्ट का मार्ग अंटार्कटिका के हिस्से से होकर गुजरेगा। हालांकि, यह नजारा बर्फीले महाद्वीप पर रहने वाले लाखों पेंगुइन को कन्फ्यूज कर सकता है।

इसके अलावा दक्षिणी अमेरिका के सबसे दक्षिणी छोर और दक्षिण अफ्रीका के साथ प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर के कुछ हिस्सों में आंशिक सूर्यग्रहण दिखाई देगा, जिसमें चंद्रमा सूर्य को काटता हुए जाएगा।

भारत से इस शानदार घटना को नहीं देखा जा सकेगा क्योंकि सूर्यग्रहण का मार्ग अंटार्कटिका से होकर गुजर रहा है।

# ईरान पर अमेरिकी हमले से क्यों डर रहे सऊदी और कतर

तेहरान, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को लेकर बातचीत चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर बातचीत टूटती है तो वह मिसाइलों से लैस युद्धपोतों के एक और बेड़े को भेज देंगे। इस बीच खाड़ी के इलाके में जंग की बढ़ती आशंका से सऊदी अरब, कतर और ओमान जैसे पड़ोसी मुस्लिम देश डरे हुए हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि सऊदी अरब, कतर और ओमान के अमेरिका के ईरान पर हमले या वहां के शासन के ढह जाने के डर की असल वजह मुस्लिम प्रेम नहीं बल्कि पूरे खाड़ी के इलाके में अस्थिरता के फैलने का खतरा है। अमेरिकी नौसेना और एयर फोर्स ने ईरान के चारों मौजूद अपने एयर बेस और हिंद महासागर में मौजूद एयरक्राफ्ट कैरियर की मदद से शिया देश को झुकाने पर लगी हुई है। वहीं ईरान ने भी साफ कर दिया है कि वह अमेरिका के आगे घुटने नहीं टेकेगा। इजरायल के नैशनल सिक्यॉरिटी स्टडीज के शोधकर्ता डॉक्टर योएल गुजानस्की ने अखबार वाइनेट में छपे एक लेख में कहा कि अमेरिका ईरान के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों और ईरान के करीबी देशों के दबाव में यह बातचीत हो रही है। डॉक्टर योएल ने कहा कि खाड़ी देशों का मानना है कि अगर इलाके में सैन्य संघर्ष छिड़ता है तो यह उनकी सुरक्षा, आधारभूत ढांचे और अर्थव्यवस्था के लिए सीधा खतरा होगा।

# महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा कब और कैसे करें?



### महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा कब करें?

**प्रथम प्रहर: 06:11 PM से 09:23 PM**
**द्वितीय प्रहर: 09:23 PM से 12:35 AM, फरवरी 16**
**तृतीय प्रहर: 12:35 AM से 03:47 AM, फरवरी 16**
**चतुर्थ प्रहर: 03:47 AM से 06:59 AM, फरवरी 16**

महाशिवरात्रि का अर्थ है शिव की महान रात। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट होता है कि यह रात्रि का पर्व है। यही कारण है कि इस दिन रात्रि के चारों प्रहर की पूजा का विशेष विधान बताया गया है। लेकिन इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। ज्यादातर लोग तो शिवरात्रि के दिन सिर्फ प्रदोषकाल में ही पूजा करते हैं। मान्यता है कि चार प्रहर में की गई पूजा से जीवन के सभी कष्ट और बाधाएं दूर होती हैं और साथ ही सुख-समृद्धि का वरदान मिलता है। चलिए आपको बताते हैं चार प्रहर की पूजा विधि, मुहूर्त और महत्व।

### चार प्रहर की पूजा क्या होती है?

रात्रि को चार भागों में विभाजित किया जाता है जिन्हें प्रहर कहा जाता है और महाशिवरात्रि की रात में हर प्रहर में भगवान शिव की विधि विधान पूजा की जाती है। इसे ही चार प्रहर पूजा कहते हैं। शास्त्रों के अनुसार शिवरात्रि की रात में अलग-अलग प्रहर में पूजा करने से जीवन के सारे कष्टों से मुक्ति मिल जाती है।

**महाशिवरात्रि चार प्रहर पूजा विधि**

चार प्रहर की पूजा विधि बेहद सरल होती है। हर प्रहर में शिवलिंग का अभिषेक और पूजन किया जाता है।

पहले प्रहर में जल और दूध से अभिषेक किया जाता है और मन ही मन ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करना होता है।

दूसरे प्रहर में दही, शहद या पंचामृत से अभिषेक कर सकते हैं।

तीसरे प्रहर में घी या दूध से अभिषेक करें।

चौथे प्रहर में शुद्ध जल से अभिषेक कर सकते हैं।

यानी हर प्रहर में किसी अलग चीज से शिवलिंग का अभिषेक करना है। साथ ही हर प्रहर की पूजा में शिवलिंग पर फल भी चढ़ाने हैं।

इसके अलावा हर प्रहर में नया दीपक भी जलाना है और बेलपत्र भी चढ़ाना है।

चौथे प्रहर में भगवान शिव की आरती करें और इसके बाद सभी में प्रसाद बांट दें।

**महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की पूजा क्यों की जाती है?**

पौराणिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि की रात में भगवान शिव अपने भक्तों की प्रार्थना शीघ्र स्वीकार करते हैं। ऐसे में रात्रि के चारों प्रहर की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं जल्दी पूर्ण हो जाती हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से यह पूजा आत्मशुद्धि और मन की एकाग्रता बढ़ाने में सहायक मानी जाती है।

# शिव पूजा में कौन से फूल चढ़ाएं और किनसे बचें?

भगवान शिव की आराधना का सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026, रविवार को मनाया जाएगा। ये दिन शिव भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस दिन भोलेनाथ की पूजा कई चीजों से की जाती हैं जिनमें फूल भी शामिल हैं। कहते हैं भगवान शिव को कुछ खास फूल अर्पित करने से उनकी कृपा शीघ्र ही प्राप्त हो जाती है। तो वहीं कुछ फूल ऐसे हैं जिन्हें शिव की पूजा में भूलकर भी शामिल नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं महाशिवरात्रि 2026 पर शिव पूजा में कौन से फूल चढ़ाएं और कौन से नहीं।

**महाशिवरात्रि पर कौन से फूल चढ़ाएं**

भगवान शिव की आराधना का सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026, रविवार को मनाया जाएगा। ये दिन शिव भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस दिन भोलेनाथ की पूजा कई चीजों से की जाती हैं जिनमें फूल भी शामिल हैं। कहते हैं भगवान शिव को कुछ खास फूल अर्पित करने से उनकी कृपा शीघ्र ही प्राप्त हो जाती है। तो वहीं कुछ फूल ऐसे हैं जिन्हें शिव की पूजा में भूलकर भी शामिल नहीं करना चाहिए।

आइए जानते हैं महाशिवरात्रि 2026 पर शिव पूजा में कौन से फूल चढ़ाएं और कौन से नहीं।

**भगवान शिव के प्रिय फूल**

धतूरा: यशिवपुराण के अनुसार धतूरा का फूल भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इसे भगवान शिव को अर्पित करने से रोग, भय और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है।

आक: आक के फूल भी शिव जी की प्रिय माने जाते हैं। कहते हैं इसे भगवान शिव पूजा को अर्पित करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और साहस बढ़ता है।



**शमी:** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को शमी के फूल जरूर चढ़ाने चाहिए। कहते हैं इससे सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

**कनेर:** कनेर का फूल भी भगवान शिव का प्रिय माना जाता है। आप महाशिवरात्रि की पूजा में इस फूल को भी शामिल कर सकते हैं।

**चमेली:** चमेली के सफेद फूल भी भगवान शिव के प्रिय माने जाते हैं। इससे भोलेनाथ की कृपा शीघ्र ही प्राप्त हो जाती है।

**सफेद कमल:** शिवलिंग पर सफेद कमल अर्पित करना बेहद शुभ माना जाता है।

**बेला:** इस फूल से भगवान शिव की पूजा करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

**शिव पूजा में वर्जित फूल**

भगवान शिव को केतकी और चंपा के फूल भूलकर भी नहीं चढ़ाने चाहिए। इसके अलावा टूटे-फूटे या सूखे फूल भी भगवान शिव को अर्पित नहीं करने चाहिए। तो वहीं कांटे वाले पौधों के फूल भी शिवलिंग पर चढ़ाने से बचना चाहिए।

## 400 साल पुराने काड़ु मंदिर में नंदी के मुख से निकलती है जलधारा

15 फरवरी को देशभर में महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाने वाला है, हर वर्ष फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को यह पर्व मनाया जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस शुभ दिन पर भगवान शिव निराकार स्वरूप से साकार स्वरूप में प्रकट हुए थे. इस शुभ दिन पर भक्त शिव मंदिर में दर्शन कर मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बेंगलुरू में एक ऐसा मंदिर है, जहां भगवान शिवलिंग पर निरंतर जल धारा बहती है. चौंकाने वाली बात ये है कि जल का स्त्रोत अज्ञात है. शोध करने आए वैज्ञानिक भी नहीं जानते हैं कि पानी कहां से आ रहा है.



बेंगलुरु के मल्लेश्वरम इलाके में भगवान शिव का प्राचीन काड़ु मल्लेश्वर मंदिर स्थापित है, जिसकी तुलना 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग से की जाती है. माना जाता है कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग मल्लिकार्जुन का स्वरूप है. मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी के दौरान मराठा राजा शिवाजी के भाई वेंकोजी ने कराया था. मंदिर पर मराठा और द्रविड़ शैली की नक्काशी और बनावट हर हिस्से में देखने को मिलती है. मंदिर को 400 साल पुराना बताया जाता है और इसी मंदिर के पास स्थित है श्री दक्षिणामुख नंदी तीर्थ कल्याणी क्षेत्र.

माना जाता है कि काड़ु मल्लेश्वर मंदिर का लाभ तभी मिलता है, जब दक्षिणामुख नंदी तीर्थ के दर्शन हो जाते हैं. दक्षिणामुख नंदी तीर्थ क्षेत्र में भक्तों को आंखों से चमत्कार और अपने भगवान के प्रति भक्त की आस्था देखने को मिलती है. मंदिर के प्रांगण में नंदी महाराज की प्राचीन पत्थर से बनी प्रतिमा मौजूद है, जिसके मुख से निरंतर साफ और ठंडे पानी की जलधारा निकलती रहती है, जो सीधे शिवलिंग पर गिरती है.

पानी कहां से आता है? मुख्य उद्गम पता लगाने के लिए वैज्ञानिक भी मंदिर का रुख कर चुके हैं, लेकिन किसी को नहीं पता कि पानी आता कहां से है. जलधारा सिर्फ नंदी महाराज के मुख से निकलती है और शिवलिंग का जलाभिषेक करती है. भक्त इसे भक्ति और चमत्कार मानते हैं. स्थानीय मान्यता है कि मंदिर में विराजमान शिवलिंग भक्तों की हर इच्छा को पूरी करते हैं.

अगर भक्त अपने ईष्ट से सच्चे मन से कुछ भी मांगता है, वह पूरा हो जाता है.

महाशिवरात्रि और सावन के महीने में लाखों की भीड़ मंदिर पहुंचती है. महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर में 15 दिन का मूंगफली मेला भी लगता है. इतना ही नहीं, महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर को फूलों से सजाकर भगवान शिव की रथ यात्रा भी निकाली जाती है और विशेष अभिषेक भी होता है.

## उज्जैन में बेहद चमत्कारी है महादेव की जलाधारी
## रात में खुद-ब-खुद बजती हैं घंटिया

उज्जैन जिले के दंगवाड़ा गांव में बोरेश्वर महादेव मंदिर स्थित है, जो बाकी शिव मंदिरों से काफी अलग है. हर मंदिर में जहां भोलेनाथ 'शिवलिंग' के रूप में विराजमान हैं, वहीं बोरेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव 'बोर' के आकार की आकृति में स्थापित हैं. ये देखने में बेलन की तरह लंबा और गोल लगता है. शिवलिंग जमीन के ऊपर की तरफ नहीं बल्कि नीचे की तरफ धंसे हुए हैं. यह मंदिर अत्यंत प्राचीन और रहस्यमयी धार्मिक धरोहर है, जिसकी जड़ें ताम्र पाषाण काल से लेकर गुप्त काल तक फैली हुई मानी जाती हैं.

**स्वयंभू शिवलिंग हैं बोरेश्वर महादेव**

मंदिर के गर्भगृह में मौजूद भगवान बोरेश्वर महादेव स्वयंभू हैं. मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी जलाधारी है, जिसमें



कितना भी जल अर्पित किया जाए, उसका स्तर कभी ना बढ़ता है और न ही घटता है. हमेशा समान बना रहता है. मान्यता है कि यहां 12 ज्योतिर्लिंगों का समावेश है.

**यहां रात में होते हैं कई चमत्कार**

माना जाता है कि मंदिर में रात के समय चमत्कार होते हैं, जैसे रात्रि में नंदी महाराज मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं और मंदिर की घंटियां भी खुद-ब-खुद बजने लगती हैं. यही कारण है कि भक्तों के लिए यह मंदिर श्रद्धा, आस्था और रहस्य का केंद्र है. मंदिर के पास से चंबल नदी भी गुजरती है, जो शिवलिंग की आधी परिक्रमा करती है. नदी भी भगवान शिव के सोमसूत्र का पालन करती है और आधी परिक्रमा ही करती है.

**महाशिवरात्रि पर बोरेश्वर महादेव का विशेष शृंगार**

महाशिवरात्रि के दिन मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ आती है क्योंकि महाशिवरात्रि पर बोरेश्वर महादेव का विशेष शृंगार होता है और बाबा की सवारी भी निकलती है, जो नगर में चक्कर लगाकर वापस मंदिर में आती है. माना जाता है कि महादेव स्वयं भक्तों को नगर में आशीर्वाद देते हैं. वहीं सावन के महीने में हर सोमवार को बाबा की सवारी निकलती है. इस विशेष सवारी का हिस्सा बनने के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं.

## पैसों की परेशानी से मिलेगा छुटकारा, शिवरात्रि पर करें ये खास टोटका

घर की उत्तर-पूर्व दिशा की सफाई

वास्तु में उत्तर-पूर्व दिशा को देवताओं का स्थान माना गया है और भगवान शिव को इस दिशा का स्वामी कहा जाता है। महाशिवरात्रि से पहले अपने घर के ईशान कोण को पूरी तरह साफ करें। यहाँ से कबाड़, पुराने जूते-चप्पल या भारी सामान हटा दें। इस दिशा के साफ होने से घर में धन का प्रवाह बढ़ता है और मानसिक शांति मिलती है।

**पारद शिवलिंग की स्थापना**

यदि आप व्यापार में घाटे या कर्ज से परेशान हैं, तो महाशिवरात्रि के दिन घर के मंदिर में पारद शिवलिंग की स्थापना करना सबसे उत्तम वास्तु उपाय है। इसे घर की उत्तर दिशा में स्थापित करें। महाशिवरात्रि पर इस पर अभिषेक करें। पारद शिवलिंग को साक्षात शिव का रूप माना जाता है। वास्तु के अनुसार, जिस घर में पारद शिवलिंग होता है, वहाँ दरिद्रता कभी प्रवेश नहीं करती।

**मुख्य द्वार पर वंदनवार और स्वास्तिक**

घर का मुख्य द्वार वह स्थान है जहाँ से सकारात्मक ऊर्जा और लक्ष्मी का प्रवेश होता है। महाशिवरात्रि की सुबह स्नान के बाद अशोक या आम के पत्तों का वंदनवार बनाकर मुख्य द्वार पर लगाएं। साथ ही, सिंदूर और घी मिलाकर दरवाजे के दोनों ओर बड़े स्वास्तिक चिह्न बनाएं। : यह नकारात्मक ऊर्जा को घर में आने से रोकता है और शुभ लाभ के द्वार खोलता है।

**कनकधारा स्तोत्र और गन्ने के रस का अभिषेक**

यदि पैसा टिकता नहीं है या आय के स्रोत बंद हो गए हैं, तो महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर गन्ने के रस से अभिषेक करें। अभिषेक के दौरान कनकधारा स्तोत्र का पाठ करें।

शिवजी को गन्ने का रस अत्यंत प्रिय है और यह लक्ष्मी प्राप्ति का सबसे प्राचीन मार्ग बताया गया है।

**बेलपत्र पर चंदन से श्री लिखना**

शिवरात्रि के दिन 21 बेलपत्र लें और उन पर सफेद चंदन से श्री लिखें। अपनी मनोकामना बोलते हुए इन्हें शिवलिंग पर अर्पित करें। वास्तु के अनुसार, बेलपत्र का वृक्ष घर के उत्तर-पश्चिम में लगाने से भी यश और धन की प्राप्ति होती है।

**महाशिवरात्रि पर वास्तु दोष निवारण**

घर के लिविंग रूम में नंदी की मूर्ति या चित्र इस तरह लगाएं कि उनका मुख घर के अंदर की ओर हो। नंदी कर्म और पुरुषार्थ का प्रतीक हैं, जो आपके करियर में स्थिरता लाते हैं। घर के मुख्य कमरे में 'रुद्राक्ष' की माला लटकाएं या एक बड़े रुद्राक्ष को उत्तर दिशा में रखें। यह घर के सदस्यों के बीच कलह को कम करता है, जिससे धन का अपव्यय रुकता है।

# विश्वास की कुर्सी पर सियासत

लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वभाव का प्रतीक है। विपक्षी दलों द्वारा 118 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत यह प्रस्ताव सीधे-सीधे सत्ता पक्ष और सदन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। आरोप है कि लोकसभा की कार्यवाही में विपक्ष के साथ पक्षपात हुआ, उनके नेताओं को बोलने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। यहां तक कि आठ सांसदों के निलंबन जैसे कदम उठाए गए। लोकसभा अध्यक्ष का पद केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी से जुड़ा है। अध्यक्ष का दायित्व है कि वे सदन को निष्पक्ष रूप से संचालित करें। यदि विपक्ष को यह महसूस होता है कि उनकी आवाज दबाई जा रही है, तो यह लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकेत है। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष का तर्क है कि नियमों के उल्लंघन और सदन में अव्यवस्था के कारण कठोर कदम उठाए गए। सवाल है कि क्या इसके पीछे व्यापक राजनीतिक रणनीति काम कर रही है? हाल के वर्षों में संसद का सत्र अक्सर हंगामे, निलंबन और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ता रहा है। बहस की जगह शोर और संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव एक प्रतीकात्मक लड़ाई बन जाता है। यहां मुद्दा केवल अध्यक्ष की निष्पक्षता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता भी है। संख्या बल बेशक सत्ता पक्ष के साथ है, इसलिए प्रस्ताव का पारित होना असंभव दिखता है। परंतु लोकतंत्र केवल गणित नहीं, बल्कि नैतिकता और परंपरा का भी नाम है। संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की विविध आवाजों का प्रतिनिधित्व करने वाला मंच है। इतिहास खंगालें तो पता चलता है कि संसद में टकराव नई बात नहीं। पूर्व में भी उच्च सदनों के सभापतियों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए गए, परंतु अंततः संवाद और राजनीतिक परिपक्वता ने समाधान का रास्ता दिखाया। आज आवश्यकता है कि दोनों पक्ष आत्ममंथन करें। सत्ता पक्ष को समझना होगा कि मजबूत बहुमत का अर्थ मनमानी नहीं है तो विपक्ष को भी यह स्वीकार करना होगा कि विरोध का अर्थ निरंतर अवरोध नहीं हो सकता। लोकसभा अध्यक्ष के लिए यह अवसर है कि वे अपने आचरण और निर्णयों से निष्पक्षता का संदेश दें। सदन की गरिमा और लोकतंत्र की विश्वसनीयता उनके व्यवहार पर निर्भर करती है। यदि वे सभी दलों को समान अवसर देने और संवाद को प्राथमिकता देने की पहल करते हैं, तो यह प्रस्ताव राजनीतिक रूप से भले विफल हो जाए, पर नैतिक रूप से लोकतंत्र को मजबूत कर सकता है। आज देश की जनता संसद से समाधान, स्थिरता और दूरदर्शिता की अपेक्षा करती है। जब युवा रोजगार, किसान आय और वैश्विक चुनौतियों जैसे मुद्दों पर ठोस चर्चा चाहते हैं, तब सदन में अविश्वास और अवरोध की राजनीति निराशा पैदा करने वाली है। अविश्वास प्रस्ताव एक चेतावनी है कि संसद में विश्वास का वातावरण कमजोर पड़ रहा है। लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनावी जीत से नहीं, बल्कि सदन में विश्वास, संवाद और मर्यादा से तय होती है। यदि यह प्रस्ताव राजनीतिक हथियार बनकर रह गया, तो नुकसान पूरे लोकतंत्र का होगा। लेकिन यदि इसे आत्मचिंतन का अवसर बनाया गया, तो यही संकट भविष्य के लिए सबक बन सकता है।

# ध्वनि प्रदूषण पक्षियों के लिए जानलेवा



स्नेहा सिंह

पक्षियों के लिए ध्वनि केवल एक आवाज नहीं, बल्कि उनके पूरे अस्तित्व का आधार है। उनका अस्तित्व, संचार, प्रजनन, दिशा-निर्देशन और अनेक अन्य प्रक्रियाएं ध्वनि पर आधारित है। वर्तमान समय में स्थिति ऐसी हो गई है कि जैसे-जैसे शहरों में शोर बढ़ता गया है और मानवीय गतिविधियां बढ़ी हैं, वैसे-वैसे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता गया है। पक्षी आवाज के माध्यम से ही एक-दूसरे से संवाद करते हैं। उनकी ध्वनि की तीव्रता में ही उनका प्रेम, उनका विरोध, उनका भय, उनके संकेत, अपने क्षेत्र की रक्षा, सामाजिक संरचना और परिवार की पहचान सब कुछ समाहित होता है। आज का कोलाहल इन सबको बिखेर रहा है। पक्षी अपने स्वर, गीत और नृत्य के माध्यम से साथी का चयन करते हैं। चारों ओर बढ़ते शोर के कारण उन्हें अपने स्वर और गायन में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह परिवर्तन उनकी समस्या का अस्थाई समाधान हो सकता है, लेकिन इसकी मधुरता और प्रभाव कम हो गए है।

शहरीकरण और तकनीकी विकास की दौड़ में आज दुनिया बहुत आगे निकल चुकी है। इस विकसित होते संसार में जो समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, उनकी ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा। विकास के मार्ग पर दौड़ती दुनिया ने चारों ओर विभिन्न प्रकार के प्रदूषण फैला दिए हैं। इस तेज रफ्तार दुनिया में एक ऐसा प्रदूषण बढ़ा है, जिसकी अब भी खुलकर अनदेखी की जा रही है, वह है ध्वनि प्रदूषण। विश्वभर में ध्वनि प्रदूषण की समस्या गंभीर रूप से बढ़ रही है, लेकिन इसके निवारण के लिए विशेष कदम नहीं उठाए जा रहे। यह ऐसा प्रदूषण है, जिसके अवशेष दिखाई नहीं देते, परंतु धीरे-धीरे इसका प्रभाव व्यापक होता जाता है और इससे होने वाला नुकसान दीर्घकालिक होता है। यह नुकसान पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को असंतुलित कर देता है। पर्यावरण को इससे जो हानि पहुंचती है, उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

विशेषज्ञों के अनुसार ध्वनि प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव पक्षियों पर पड़ा है। पक्षियों का पूरा जीवन ध्वनि पर आधारित है। पक्षियों के लिए ध्वनि केवल एक आवाज नहीं, बल्कि उनके संपूर्ण अस्तित्व का आधार है। उनका अस्तित्व, संचार, प्रजनन, दिशा-निर्देशन और अनेक अन्य क्रियाएं ध्वनि पर निर्भर हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि जैसे-जैसे शहरों में शोर बढ़ रहा है और मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शहरों के आसपास का प्राकृतिक वातावरण नष्ट हो चुका है और निरंतर नष्ट हो रहा है। उसी पर संपूर्ण जीव-जगत टिका हुआ है और पक्षियों का जीवन भी उसका एक हिस्सा है। हमारे आसपास कभी कोयल की कूक सुनाई देती थी, मोर की पुकार गूंजती थी, चिड़ियों की चहचहाहट होती थी, कबूतरों की गुटरगूं सुनाई देती थी। इसके अलावा मैना, तोता, कबूतर, हुदहुद, कौआ, बुलबुल और अनेक अन्य पक्षी हमारे आसपास निवास करते थे। उनका स्वर हमें मंत्रमुग्ध कर देता था और उनके अस्तित्व को बनाए रखता था। वे इसी आवाज के माध्यम से एक-दूसरे से संवाद करते थे। उनकी ध्वनि की तीव्रता में उनका प्रेम, उनका विरोध, उनका भय, उनके संकेत, अपने क्षेत्र की रक्षा, अंजान खतरे के प्रति सावधानी, सामाजिक ढांचा और परिवार की पहचान सब कुछ समाहित होता है। पक्षियों की इसी ध्वनि को हमारे कारखानों और फैक्ट्रियों के शोर, वाहनों के कोलाहल और हार्न की आवाज ने दबा दिया है। चारों ओर इतना शोर है कि पक्षी एक-दूसरे की आवाज स्पष्ट रूप से सुन ही नहीं पाते।

विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक पक्षी अपने आवास (हैबिटेट) के अनुसार, एक विशिष्ट स्वर, उसकी शैली, उसकी सीमा और उसके गुण विकसित करता है। उसी के माध्यम से वह अपना संचार तंत्र विकसित करता है।

अब स्थिति यह हो गई है कि वाहनों के कारण चारों ओर ट्रैफिक बढ़ रहा है, निर्माण कार्य चल रहे हैं, औद्योगिक मशीनें शोर कर रही हैं, विमानों की आवाज गूंज रही है, शहरी क्षेत्रों में कोलाहल बढ़ रहा है और शहर फैलते हुए जंगलों को कम कर रहे हैं। इन्हीं शहरी क्षेत्रों में पक्षी रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। इसके कारण उनकी आवाज दब गई है। जब वे आपस में संवाद करते हैं, तो बाहरी शोर के कारण कठिनाई होती है। उनका संवाद बाधित हो जाता है। इसके कारण वे जो संकेत देना चाहते हैं, वह सही ढंग से पहुंच नहीं पाता। इस गलत संचार (मिसकम्युनिकेशन) का प्रभाव केवल उस एक पक्षी पर ही नहीं, बल्कि उसके पूरे जीवनचक्र और उससे जुड़े अन्य पक्षियों पर भी पड़ता है। इस शोर और कोलाहल के कारण कई पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और अनेक प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं।

चिंताजनक बात यह भी है कि ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव पक्षियों की प्रजनन क्षमता पर भी पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार, पक्षी अपने स्वर, गायन और नृत्य के माध्यम से साथी का चयन करते हैं। जोड़ी बनाने में उनका स्वर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथी का चयन, उसे प्रजनन के लिए आकर्षित करना, मनाना और जोड़ी बनाना, यह सब ध्वनि के आदान-प्रदान पर आधारित है। विशेषज्ञों के अनुसार, मादा पक्षी उसी नर को चुनती है, जिसकी आवाज स्पष्ट हो, जिसका गीत मनमोहक और शक्तिशाली हो तथा जिसकी ध्वनि-तरंगें दूर तक पहुंचती हों।

मादा पक्षी मानती है कि ऐसा नर आनुवंशिक रूप से श्रेष्ठ गुणों वाला होगा और स्वस्थ संतानों को जन्म देने में सक्षम होगा।

स्थिति यह हो गई है कि चारों ओर शोर बढ़ गया है। इसके कारण पक्षियों को अपने स्वर और गायन में परिवर्तन करना पड़ रहा है। वे अब बहुत ऊंचे स्तर पर आवाज निकाल रहे हैं या फिर अपना गीत छोटा करके नृत्य पर अधिक बल दे रहे हैं। उनके द्वारा किया गया यह परिवर्तन समस्या का अस्थाई समाधान हो सकता है, लेकिन उसकी मधुरता और प्रभाव कम हो गए हैं। इसके कारण मादाओं की अंडे देने की क्षमता पर भी असर पड़ा है।

पक्षियों के अंडों की संख्या घट रही है। इसके अलावा अंडों से बच्चों के निकलने की समयावधि में भी परिवर्तन देखा जा रहा है। कई बार अंडों का निषेचन भी सफल नहीं हो पाता। इसके परिणामस्वरूप अनेक प्रजातियों की संख्या में भारी कमी आई है।

एक और गंभीर प्रभाव यह है कि पक्षियों में तनाव का स्तर बढ़ गया है। ध्वनि प्रदूषण के कारण वे शिकारी की पहचान नहीं कर पाते, खतरे के संकेतों को समझ नहीं पाते और सतर्क नहीं हो पाते। सामान्यतः प्राकृतिक वातावरण में पत्तों की सरसराहट, टहनियों की आवाज, अन्य पक्षियों की चेतावनी या भय का संकेत बाकी पक्षियों को सावधान कर देता है। लेकिन जैसे-जैसे शहरीकरण बढ़ा है, जंगल घटे हैं और शोर बढ़ा है, पक्षियों का यह सांकेतिक तंत्र कमजोर पड़ गया है। परिणामस्वरूप उन्हें लगातार सतर्क रहना पड़ता है। उनकी नींद, विश्राम, भोजन और अन्य गतिविधियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। लगातार सतर्क रहने के कारण दीर्घकाल में उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो रही है। ध्वनि प्रदूषण के कारण पक्षियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

शोर और मोबाइल तरंगों से पक्षियों के प्रवास पर व्यापक प्रभाव

उल्लेखनीय है कि मनुष्य द्वारा फैलाए जा रहे ध्वनि प्रदूषण, कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण और मोबाइल टावरों से निकलने वाली तरंगों के कारण भी पक्षियों को भारी नुकसान हुआ है।

# एआई भारत का नया डिजिटल कवच



आरके जैन

डिजिटल दुनिया में अब लापरवाही और देरी की कोई जगह नहीं बची है। एक झूठी खबर या फर्जी वीडियो कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है और समाज में उथल-पुथल मचा सकता है। इसी गंभीर खतरे को समझते हुए भारत ने तकनीकी इतिहास में एक सख्त और निर्णायक कदम उठाया है। 10 फरवरी 2026 को जारी संशोधित आईटी नियमों के तहत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अवैध और हानिकारक सामग्री हटाने के लिए केवल तीन घंटे का अल्टीमेटम दिया है, जो 20 फरवरी 2026 से लागू होगा। पहले जहां कंपनियों को 36 घंटे का समय मिलता था, अब वह घटकर मात्र तीन घंटे रह गया है। यह फैसला साफ संदेश देता है कि भारत अब डीपफेक, फर्जी खबरों और डिजिटल अराजकता के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगा।

इन नए नियमों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू एआई-जनरेटेड सामग्री पर विशेष ध्यान देना है। अब सभी कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ऑडियो, वीडियो और चित्रों को स्पष्ट रूप से लेबल करना अनिवार्य होगा। प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता यह घोषणा करें कि उनकी सामग्री एआई से बनी है या नहीं। साथ ही, जहां संभव हो, स्थायी मेटाडेटा को एम्बेड करना होगा, ताकि मूल स्रोत का पता लगाया जा सके। यह व्यवस्था डीपफेक और फर्जी वीडियो के बढ़ते खतरे पर रोक लगाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। इससे महिलाओं, सार्वजनिक हस्तियों और आम नागरिकों की गरिमा सुरक्षित होगी और समाज में विश्वास का वातावरण बनेगा।

तीन घंटे की समयसीमा पहली नजर में सोशल मीडिया कंपनियों के लिए कठिन लग सकती है, लेकिन वास्तव में यह एक सकारात्मक और रचनात्मक दबाव है। मेटा, यूट्यूब और एक्स जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स अब अपनी तकनीकी क्षमताओं को और अधिक मजबूत करेंगे। एआई आधारित मॉडरेशन सिस्टम, ऑटोमेटेड डिटेक्शन टूल्स और रियल-टाइम मॉनिटरिंग तकनीकों का तेजी से विकास होगा। भारत का विशाल डिजिटल बाजार कंपनियों को मजबूर करेगा कि वे बेहतर और अधिक जिम्मेदार प्रणालियां विकसित करें। इससे न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी डिजिटल सुरक्षा के मानक ऊंचे होंगे। यह नियम कंपनियों को नवाचार के लिए प्रेरित करता है, न कि उन्हें सीमित करता है।

इस नीति का सबसे बड़ा लाभ महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को मिलेगा। गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरों और वीडियो के मामलों में अब केवल दो घंटे की समयसीमा तय की गई है, जो पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करेगी। पहले ऐसी सामग्री घंटों या दिनों तक वायरल हो जाती थी, जिससे मानसिक और सामाजिक नुकसान होता था। अब हटाने की प्रक्रिया इतनी तेज होगी कि नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह नियम राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री पर विशेष ध्यान देता है। इससे डिजिटल हिंसा में कमी आएगी और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

नियमों की मजबूती को और बढ़ाने के लिए सरकार ने प्लेटफॉर्म्स पर अनुपालन की जिम्मेदारी को और सख्त किया है। यदि कोई इंटरमीडियरी इन निर्देशों का पालन नहीं करता, तो उसे सुरक्षित हार्बर संरक्षण खोने का खतरा होगा, जो कंपनियों को और अधिक जिम्मेदार बनाएगा। साथ ही, उपयोगकर्ता शिकायतों के निवारण को और मजबूत किया गया है, जिससे पीड़ितों को तेज न्याय मिलेगा। प्लेटफॉर्म्स को अब हर तिमाही उपयोगकर्ताओं को एआई दुरुपयोग के खतरों पर स्पष्ट चेतावनी जारी करनी होगी, ताकि लोग स्वयं सतर्क रहें। ये प्रावधान डिजिटल पारिस्थितिकी को अधिक जवाबदेह और सक्रिय बनाते हैं, जहां सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता से भी मजबूत होगी।

एआई कंटेंट पर लेबलिंग और ट्रेसेबिलिटी का प्रावधान भारत के डिजिटल इतिहास में एक मील का पत्थर है। अब फर्जी वीडियो और झूठी खबरों की पहचान करना पहले से कहीं अधिक आसान होगा। मेटाडेटा को हटाना या बदलना अपराध की श्रेणी में आएगा, जिससे अपराधियों के लिए छिपना कठिन हो जाएगा। यह व्यवस्था लोकतंत्र की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, क्योंकि चुनावी समय में गलत सूचनाएं सबसे बड़ा खतरा बन जाती हैं। भारत अब जिम्मेदार एआई गवर्नेंस का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है, जहां नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखा गया है।

इन नियमों के लागू होने से प्लेटफॉर्म्स का अनुपालन स्तर बढ़ेगा और उपयोगकर्ताओं का अनुभव अधिक सुरक्षित बनेगा। अब लोग बिना भय के अपनी बात साझा कर सकेंगे, क्योंकि उन्हें भरोसा होगा कि हानिकारक सामग्री पर तुरंत कार्रवाई होगी। शिकायत निवारण तंत्र को भी मजबूत किया गया है, जिससे उपयोगकर्ताओं को तेजी से न्याय मिलेगा। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने से डिजिटल इकोसिस्टम अधिक विश्वसनीय बनेगा। भारत का इंटरनेट अब केवल विशाल ही नहीं, बल्कि सुरक्षित और भरोसेमंद भी होगा, जो डिजिटल विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

दीर्घकालिक दृष्टि से यह नियम डिजिटल साक्षरता और जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। लोग एआई से बनी सामग्री को पहचानना सीखेंगे और फर्जी खबरों के प्रति अधिक सतर्क होंगे। सरकार, शैक्षणिक संस्थान और तकनीकी कंपनियां मिलकर जागरूकता अभियान चलाएंगी। इससे समाज में डिजिटल जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। सुरक्षित और नियंत्रित वातावरण के कारण विदेशी और घरेलू निवेश में भी वृद्धि होगी, क्योंकि नवाचार के लिए स्थिरता आवश्यक होती है। यह नीति भारत को एक वैश्विक डिजिटल लीडर के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि कुछ आलोचक इसे कठोर और अव्यावहारिक मानते हैं, परंतु डिजिटल युग की तीव्र गति को देखते हुए यह समयसीमा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। आज कोई भी सूचना कुछ ही पलों में करोड़ों लोगों तक पहुंच जाती है, जिससे उसके प्रभाव भी उतने ही व्यापक और गहरे होते हैं।

# धर्म, समाज और राष्ट्र की चेतना जगाने वाले स्वामी दयानंद

**स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर विशेष**



योगेश गोयल

आर्य समाज के संस्थापक के रूप में वंदनीय महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात के टंकारा में 12 फरवरी 1824 को हुआ था और 12 फरवरी को उनकी जयंती मनाई जाएगी। स्वामी दयानंद ऐसे देशभक्त, समाज सुधारक, मार्गदशक और आधुनिक भारत के महान चिंतक थे, जिन्होंने न केवल ब्रिटिश सत्ता से जमकर लोहा लिया बल्कि अपने कार्यों से समाज को नई दिशा और ऊर्जा भी प्रदान की। 1857 की क्रांति में उनका अमूल्य



योगदान था। स्वामी दयानंद का बचपन बहुत अच्छा बीता लेकिन उनके जीवन में घटी एक घटना ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया कि वे 21 वर्ष की आयु में ही अपना घर बार छोड़कर आत्मिक एवं धार्मिक सत्य की तलाश में निकल पड़े और एक सन्यासी बन गए। जीवन में ज्ञान की तलाश में वे स्वामी विरजानंद से मिले, जिन्हें अपना गुरु मानकर उन्होंने मथुरा में वैदिक तथा योग शास्त्रों के साथ ज्ञान की प्राप्ति की। 1845 से 1869 तक कुल 25 वर्षों की अपनी वैराग्य यात्रा में उन्होंने कई प्रकार के दैविक क्रियाकलापों के बीच विभिन्न प्रकार के योगों का भी गहन अभ्यास किया।

देश के स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी और 'स्वराज' का नारा उन्होंने ही दिया था, जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने अपनाया और 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया। वेदों का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनकी महत्ता लोगों तक पहुंचाने तथा समझाने के लिए उन्होंने देशभर में भ्रमण किया। जीवनपर्यन्त वेदों, उपनिषदों का पाठ करने वाले स्वामी जी ने पूरी दुनिया को इस ज्ञान से लाभान्वित किया। उनकी किताब 'सत्यार्थ प्रकाश' आज भी दुनियाभर में अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रही है। वेदों को सर्वोच्च मानने वाले स्वामी दयानन्द ने वेदों का प्रमाण देते हुए हिन्दू समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया। जातिवाद, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है, इसीलिए उन्हें 'सन्यासी योद्धा' भी कहा जाता है। दलित उद्धार तथा स्त्रियों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने कई आन्दोलन किए। हिन्दू धर्म के अलावा इस्लाम तथा ईसाई धर्म में फैली बुराईयों और अंधविश्वासों का भी उन्होंने जोरदार खंडन किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण, धार्मिक कुरीतियों की रोकथाम तथा वैश्विक एकता के प्रति समर्पित कर दिया। वे आध्यात्मिक क्रांति के संदेशवाहक थे। स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना मुम्बई के गिरगांव में गुड़ी पड़वा के दिन 10 अप्रैल 1875 को की थी, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ समूचे विश्व को एक साथ जोड़ना था। आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस के सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए। अपने 59 वर्ष के जीवनकाल में महर्षि दयानंद ने न सिर्फ देश में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ लोगों को जागृत किया बल्कि अपने वैदिक ज्ञान से नवीन प्रकाश को भी देशभर में फैलाया। हालांकि कई लोगों ने उनका जमकर विरोध भी किया लेकिन स्वामी दयानंद सरस्वती के तार्किक ज्ञान के समक्ष बड़े-बड़े विद्वानों और पंडितों को भी नतमस्तक होना पड़ा। वे अपने जीवन को पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य, सन्यास तथा कर्म सिद्धांत के चार स्तंभों पर खड़ा मानते थे।

स्वामी दयानंद हिन्दी भाषा के प्रबल समर्थक थे और उनका मत था कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में एक ही भाषा 'हिन्दी' बोली जानी चाहिए। मानव शरीर को नश्वर बताते हुए वह कहते थे कि हमें इस शरीर के जरिये केवल एक अवसर मिला है, स्वयं को साबित करने का कि 'मनुष्यता' और 'आत्मविवेक' क्या है। वे कहा करते थे कि शक्ति किसी अलौकिकता या चमत्कारिता के प्रदर्शन के लिए नहीं होती। सभी धर्मों और उनके अनुयायियों को वे एक ही ध्वज तले बैठा देखना चाहते थे। दरअसल उनका मानना था कि आपसी लड़ाई का फायदा सदैव तीसरा उठाता हैं, इसलिए इस भेद को दूर करना आवश्यक है। कर्म करने को लेकर स्वामी जी तर्क देते थे कि काम करने से पहले सोचना बुद्धिमानी, काम करते हुए सोचना सतर्कता और काम करने के बाद सोचना मूर्खता है। वह कहा करते थे कि दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ दीजिए और तब आपके पास सर्वश्रेष्ठ लौटकर आएगा।

# लोभ पर नियंत्रण आवश्यक



संजीव ठाकुर

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा l इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगीl

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे l निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती हैl

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंl संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है।

# हाय रे मोटापा बहुत दुख दीना



डॉ. सुरेश कुमार

छंगामलपुर के पावन परिक्षेत्र में वजन नापने की मशीन दरअसल उन लोगों का खिलौना है जिनके पास जीवन में कोई ठोस उद्देश्य नहीं बचा है। यहाँ समृद्धि को अंकों में नहीं, बल्कि कमर के भव्य घेरे में नापा जाता है। तहसील के गलियारों में किसी को 'मोटा' कहना गाली नहीं, बल्कि एक चारित्रिक प्रमाण-पत्र है जो इस बात की पुष्टि करता है कि संबंधित व्यक्ति ने सार्वजनिक सेवा की वैतरणी को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और अब उसके पास इतना 'अधिशेष' है कि उसे संभालने के लिए एक विशेष दर्जी और दो-तीन अतिरिक्त कुर्सियों की आवश्यकता है। इसके विपरीत, एक दुबले आदमी को यहाँ गहरी संशय की दृष्टि से देखा जाता है। अगर आप दुबले हैं, तो या तो आप व्यवस्था को उखाड़ फेंकने वाले क्रांतिकारी हैं, या फिर ईमानदारी के किसी जानलेवा दौरे से गुजर रहे हैं। दुबला आदमी स्थानीय प्रशासनिक प्रोटोकॉल के लिए एक खतरा है, क्योंकि उसकी फुरती यह संकेत देती है कि वह काम निपटाने के लिए दौड़ भी सकता है, जो कि यहाँ की 'स्थिरता' वाली संस्कृति का सीधा अपमान है।

गयादीन का पेट अब उनके शरीर का हिस्सा नहीं, बल्कि एक स्वायत्तशासी निकाय बन चुका है जो अपनी मर्जी से फैसले लेता है। जब वे बैठते हैं, तो उनका उदर उनकी जाँघों पर इस तरह विराजमान होता है जैसे कोई वफादार कुत्ता अपने मालिक की गोद में अपनी जगह पक्की कर चुका हो। उनके लिए चलना कोई शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक भारी भरकम लॉजिस्टिक चुनौती है—एक लयबद्ध डगमगाहट, जो देखने वाले को किसी टेक्टोनिक प्लेट के खिसकने का आभास कराती है। उनके कुर्ते के चाक हर रोज इंजीनियरिंग का एक अद्भुत चमत्कार दिखाते हैं, जो आगे और पीछे के पल्लों के बीच बढ़ते हुए भौगोलिक फासले को पाटने की कोशिश में अपनी आखिरी साँसें गिनते रहते हैं।

वे आधुनिक डॉक्टर, जो स्टेथोस्कोप लटकाए 'कोलेस्ट्रॉल' का डर फैलाते फिरते हैं, दरअसल जीवन की चाशनी में घुले कड़वे नीम की तरह हैं। वे बॉडी मास इंडेक्स की बातें ऐसे करते हैं जैसे खुदा न खास्ता जीवन कोई गणित का इम्तिहान हो। पर छंगामलपुर का दर्शन स्पष्ट हैः कोलेस्ट्रॉल वह ग्रीस है जो आत्मा के पहियों को दुनिया की खुरदरी हकीकत से रगड़ खाने से बचाता है। यहाँ पोषण एक विदेशी बीमारी है जो शायद किसी रास्ता भटके हुए एनजीओ के साथ गाँव में दाखिल हुई होगी। हमारा विश्वास तो 'लॉन्जिविटी की डीप-फ्राई थ्योरी' में है—अगर किसी वस्तु को खौलते हुए तेल में इतना तपाया गया है कि उसमें सीसा भी पिघल जाए, तो वह वस्तु समस्त विकारों से मुक्त होकर मोक्ष के योग्य हो जाती है। यही कारण है कि जब ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर पधारते हैं, तो उन्हें सलाद परोसना एक अघोषित युद्ध की घोषणा माना जाता है। साहब के सम्मान में जलेबियाँ आती हैं—शुद्ध चीनी की वे जटिल कुंडलियाँ जो हमारी कानूनी पेचीदगियों को भी मात देती हैं। जैसे-जैसे साहब जलेबियाँ गटकते हैं, उनकी ठुड्डियाँ गुणात्मक रूप से बढ़ने लगती हैं। तीसरी जलेबी तक पहुँचते-पहुँचते जब उनकी तीन ठुड्डियाँ चमकने लगती हैं, तो जनता इसे उनकी बौद्धिक गहराई का प्रमाण मान लेती है। गाँव की शाश्वत बुद्धि कहती है कि जो आदमी अपनी कैलोरी गिनता है, उसे कभी गाँव का कोई गुप्त रहस्य नहीं बताना चाहिए; जो अपने पेट के प्रति इतना कंजूस है, वह सरकारी बजट के प्रति कितना क्रूर होगा, इसका अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। मोटापा यहाँ अहिंसा का सर्वोच्च शिखर है। एक भारी-भरकम आदमी न तो किसी का पीछा कर सकता है, न किसी से गुत्थमगुत्था हो सकता है; वह बस एक जगह बैठकर दुनिया को अपनी गरिमा से डरा सकता है।




# वैलेंटाइन डे पर खिलेगा चेहरा, जब घर पर ऐसे करेंगी फेशियल

वैलेंटाइन वीक प्रेमी जोड़ों के लिए काफी खास माना जाता है। ऐसे में महिलाएं इसकी तैयारी काफी पहले से शुरू कर देती हैं। हर लड़की और महिला ये चाहती है कि वो वैलेंटाइन डे के साथ-साथ पूरे प्यार के हफ्ते में खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए वो पार्लर जाकर फेशियल लेती हैं। फेशियल से चेहरा काफी दमक उठता है। लेकिन कई महिलाओं के पास पार्लर जाने का समय नहीं होता या फिर वो पैसे बचाने के चक्कर में पार्लर नहीं जाती हैं।

ऐसे में हम आपको घर पर ही फेशियल करना बताएंगे, ताकि आप बिना पैसे खर्च किए घरेलू चीजों के इस्तेमाल से ही अपना चेहरा चमका सकें। यहां घर पर ही फेशियल करने की सही गाइड दी गई है, जिससे आप टिप्स ले सकती हैं।



### पहला स्टेप है क्लींजिंग

फेशियल करने के लिए सबसे पहले चेहरे को अच्छी तरह साफ करें। इसके लिए आप माइल्ड फेस वॉश या कच्चे दूध का उपयोग कर सकती हैं। यह आपकी त्वचा से गंदगी और एक्स्ट्रा ऑइल हटाने में मदद करेगा।

### अब बारी है स्क्रबिंग की

चेहरा साफ करने के बाद अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करें ताकि डेड स्किन सेल्स हट जाएं। इसके लिए 2 चम्मच चावल का आटा, 1 चम्मच शहद और कुछ बूंदें नींबू के रस का इस्तेमाल करें। सभी चीजों को मिलाकर हल्के हाथों से 5-7 मिनट तक स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें।

### स्टीमिंग

गर्म पानी की भाप लें ताकि रोमछिद्र खुल सकें और त्वचा डीप क्लीन हो सके। एक कटोरी में गर्म पानी लें और तौलिए से सिर ढककर 5 मिनट तक स्टीम लें।

### अब करें मसाज

मलाई और शहद को मिलाकर हल्के हाथों से 10 मिनट तक मसाज करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा और त्वचा को नेचुरल ग्लो मिलेगा।

### सही फेस पैक का करें इस्तेमाल

मसाज के बाद आपको अब एक नेचुरल फेस पैक लगाना है। इसके लिए 2 चम्मच बेसन, 1 चम्मच दही और आधा चम्मच हल्दी की जरूरत पड़ेगी। इन्हें मिलाकर चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

### मॉइस्चराइजिंग

आखिर में गुलाब जल और एलोवेरा जेल मिलाकर चेहरे पर लगाएं, जिससे त्वचा हाइड्रेट और फ्रेश बनी रहे। इस फेशियल से आपकी त्वचा वैलेंटाइन डे पर नेचुरली ग्लो करेगी, और आप दिखेंगी और भी ज्यादा खूबसूरत।

# क्या है फेस वॉश करने का सही तरीका? दिन में कितनी बार धोएं चेहरा



भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारी स्किन धूप-प्रदूषण और धूल का सामना करती है। ऐसे में स्किन केयर करना एक चुनौती बन जाता हैं। रोज बाहर आने जाने से स्किन इतनी डल हो जाती है कि त्योहारों में भी तुरंत निखार पाना एक चैलेंज होता है। हम बाहर से आकर केवल चेहरे को धो लेते हैं और समझते हैं कि इससे हमारी स्किन बेहतर हो जाएगी। हालांकि, कई लोगों को यह तक नहीं पता है कि दिन में चेहरे को कितनी बार धोना चाहिए और इसका सही तरीका क्या है। तो आज की इस खबर में हम आपको इन सरल तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप अपना चेहरा अच्छे से साफ कर सकती हैं। आइए जानते हैं।

### दिन में कितनी बार धोना चाहिए चेहरा?

आज कल महिलाएं अपनी लाइफ में इतना बिजी हैं कि उन्हें खुद के लिए भी समय नहीं मिल पाता है। नौकरी से लेकर घर तक को संभालने की वजह से वह बेसिक स्किन केयर रूटीन भी नहीं कर पाती हैं। ऐसे में वह अपने चेहरे को केवल एकाध बार ही धो पाती हैं। हालांकि, हम आपको बता दें कि आपको दिन में कम से कम दो बार चेहरे को धोना है। एक सुबह उठने के बाद और दूसरा रात को सोने से पहले। सुबह अगर आप फेस वॉश करती हैं तो अपने चेहरे पर एक फ्रेशनेस ऑब्जर्व कर पाती हैं। वहीं, दिनभर की थकावट के बाद भी रात में चेहरा धोना जरूरी है ताकि दिनभर के धूल और मेकअप को चेहरे से हटाया जा सके।

### फेस वॉश करते समय रखें इन बातों का ध्यान

जब भी आप फेस वॉश करती हैं तो आपको इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए कि आप कौन सा फेस वॉश या क्लींजर इस्तेमाल कर रही हैं। आपके लिए यह ध्यान देने की बात है कि आप जो भी प्रोडक्ट यूज करें वह आपकी स्किन टाइप के अनुसार हो। अगर इनमें से कोई आपकी स्किन टाइप के हिसाब से नहीं होती है तो आपके चेहरे की गंदगी कभी भी नहीं जाएगी। हमेशा ध्यान रखें कि चेहरा साफ करने के बाद मॉइस्चराइजर का यूज जरूर करें।

### ऐसे फेस वॉश का इस्तेमाल करने से बचें

जब भी आप किसी फेस वॉश का चुनाव करें तो हमेशा ध्यान दें कि मोटे दानों वाले फेस वॉश इस्तेमाल नहीं करने हैं। इसके पीछे की बड़ी वजह यह है कि यह आपकी स्किन को नुकसान पहुंचाता है। फेस वॉश को कभी भी ड्राई स्किन पर नहीं लगाना चाहिए। इसे हमेशा गीले चेहरे पर लगना चाहिए और सिर्फ 20 या 30 सेकंड के लिए स्किन पर रब करके मसाज करनी चाहिए। इसके बाद चेहरा धो लेना चाहिए और तुरंत मॉइस्चराइजर लगाना चाहिए।

# इन घरेलू नुस्खों से करिए दोमुंहे बालों का इलाज

## कम पैसों में भी काम आएंगे ये टिप्स

लड़कियां और महिलाएं अपने बालों को लेकर काफी जागरूक होती हैं और इसका बेहद ख्याल भी रखती हैं। वह अपने चेहरे की तरह बालों का भी प्रॉपर देखभाल करती हैं। अपने शैंपू और कंडीशनर का चुनाव भी काफी सोच-समझ करती हैं। अगर बालों का ठीक से ख्याल नहीं रखा जाए तो यह खराब हो सकते हैं। कई लड़कियां समय-समय पर अपने बालों की ट्रिमिंग भी करवाती हैं।

दरअसल, ऐसा माना जाता है कि थोड़े-थोड़े समय पर अगर बालों को न कटवाया जाए तो दो मुंहे बालों की समस्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में आज की इस खबर में हम आपको उन घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिसे करके आप इससे तुरंत निजात पा सकते हैं।



### नीम का तेल करें यूज

नीम का तेल न केवल स्वास्थ्य के लिए बल्कि बालों के लिए भी काफी हेल्दी होता है। यह न केवल बालों को बल्कि स्कैल्प को भी काफी हेल्दी रखता है। अगर हर रोज नीम के तेल से मसाज करती हैं तो आपको दो मुंहे बालों से तुरंत छुटकारा मिल जाएगा।

### शहद और केला है कारगर

आप बालों को धोने के बाद शहद और केला का हेयर मास्क भी लगा सकती हैं। ध्यान रहे कि इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ पका हुआ केला ही लेना है। इसमें तुरंत शहद मिलाकर अच्छा सा मिक्स बनाएं। इसके बाद इस पेस्ट को बालों पर 20 से 25 मिनट तक रहने दें। इसके बाद बालों को अच्छे से शैंपू से वॉश कर लें।

### एलोवेरा जेल भी होगा लाभकारी

एलोवेरा जेल चेहरे ही नहीं बल्कि बालों के लिए भी काफी लाभकारी होता है। आप इसे सिर पर लगाकर 30 से 40 मिनट कर छोड़ देती हैं और फिर हेयर वॉश करती हैं तो यह आपके बालों को पोषण प्रदान करेगा। यही नहीं, इसके अलावा आप दूध और नारियल तेल का इस्तेमाल भी एलोवेरा जेल के साथ कर सकते हैं।



### घर पर करें ट्रिमिंग

ट्रिमिंग करने से बालों की हेल्थ काफी अच्छी रहती है और यह शानदार लुक भी देता है। थोड़े-थोड़े बाल कटवाना अच्छा है, लेकिन इसके लिए एक तय समय सीमा है। आप हर 15 दिन में बाल ट्रीम नहीं करवा सकती हैं। इसके लिए कम से कम आपको तीन से चार महीने में एक बार ट्रिमिंग करवानी चाहिए। इससे आपको स्प्लिट एंड से भी छुटकारा मिलता है और बाल भी अच्छे रहते हैं।

# बिना दवा के घर पर ऐसे ठीक हो जाएगा बीपी, नहीं पड़ेगी डॉक्टर की जरूरत




अगर आपका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ रहता है, तो यह जरूरी नहीं कि हर बार दवा ही इसका एकमात्र इलाज हो. सही लाइफस्टाइल अपनाकर बीपी को काबू में रखा जा सकता है और कई मामलों में दवाओं की जरूरत टाली या कम की जा सकती है. सेहतमंद आदतें न सिर्फ बीपी कंट्रोल करती हैं, बल्कि उसे लंबे समय तक स्थिर भी रखती हैं. हेल्थ को लेकर ऑनलाइन जानकारी देने वाली वेबसाइट Mayoclinic के मुताबिक घर पर बीपी के देखभाल के लिए कुछ आसान तरीके हैं, जिनमें-

### वजन घटाएं और कमर पर ध्यान दें

जैसे-जैसे वजन बढ़ता है, ब्लड प्रेशर भी ऊपर जाने लगता है. ज्यादा वजन होने पर स्लीप एपनिया जैसी समस्या भी हो सकती है, जो बीपी को और बढ़ा देती है. अच्छी बात यह है कि थोड़ा सा वजन कम करने से भी बीपी में सुधार दिखने लगता है. खासतौर पर पेट के आसपास जमा चर्बी हाई बीपी का खतरा बढ़ाती है, इसलिए कमर की माप पर ध्यान देना जरूरी हैय

### नियमित एक्सरसाइज को दिनचर्या बनाएं

रोजाना 30 मिनट की हल्की से मध्यम एक्सरसाइज, जैसे तेज चलना, साइकिल चलाना, तैरना या डांस करना, ब्लड प्रेशर को काफी हद तक कम कर सकता है. नियमित शारीरिक गतिविधि न सिर्फ हाई बीपी घटाती है, बल्कि उसे दोबारा बढ़ने से भी रोकती है.

### हेल्दी डाइट अपनाएं

साबुत अनाज, फल, सब्जियां और लो-फैट डेयरी प्रोडक्ट्स से भरपूर डाइट ब्लड प्रेशर को नेचुरली कंट्रोल करने में मदद करती है. पोटैशियम से भरपूर चीजें, जैसे केला, पालक और दालें, नमक के असर को कम करती हैं और बीपी को संतुलित रखती हैं.

### नमक और प्रोसेस्ड फूड कम करें

ज्यादा नमक बीपी बढ़ाने का बड़ा कारण है. पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड में छुपा हुआ सोडियम ज्यादा होता है, इसलिए इनसे दूरी बनाएं। खाना बनाते समय नमक की मात्रा कम रखें और स्वाद के लिए मसालों का इस्तेमाल करें.

शराब और सिगरेट से दूरी रखें

अधिक शराब पीने से ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ सकता है, वहीं धूम्रपान तुरंत बीपी बढ़ा देता है. इन आदतों को छोड़ने से दिल की सेहत में बड़ा सुधार आता है.

### नींद और तनाव को नजरअंदाज न करें

लगातार कम नींद और ज्यादा तनाव भी हाई बीपी की वजह बन सकते हैं. रोज 7 से 8 घंटे की नींद लें और तनाव कम करने के लिए योग, ध्यान या गहरी सांसों का अभ्यास करें.

### घर पर बीपी की निगरानी करें

घर पर बीपी चेक करने से यह समझने में मदद मिलती है कि आपकी लाइफस्टाइल कितनी असरदार है. साथ ही समय-समय पर हेल्थ चेकअप भी जरूरी है.

# वैलेंटाइन डे पर क्रश को प्रपोज करने जा रहे हैं तो ऐसे हों तैयार, जवाब हां ही आएगा

प्रपोज डे वैलेंटाइन वीक का दूसरा दिन होता है, जिसे 8 फरवरीको मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों के लिए खास होता है जो अपने प्यारका इजहार करना चाहते हैं और अपने क्रश या पार्टनर को अपने दिल की बात बताने का सही मौका ढूंढ रहे होते हैं। प्रपोज डे प्यार का इजहार करने का सबसे अच्छा मौका होता है। बस सही वक्त, सही जगह और सच्चे दिल से अपनी फीलिंग्स शेयर करें।

यदि आप भी इस प्रपोज डे कुछ ऐसा ही करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो अपने लुक पर ध्यान अवश्य दें। यहां हम लड़कों के साथ-साथ लड़कियों के लिए भी कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि सही लुक के साथ हर कोई अपने क्रश को प्रपोज कर सके।



### जगह के हिसाब से कपड़े चुनें

अगर आप किसी कैफे या पार्क में अपने क्रश को प्रपोज कर रहे हैं, तो कपड़े कैज़ुअल लेकिन क्लासी लुक चुनें। यदि आप किसी रोमांटिक डिनर डेट पर जा रहे हैं, तो फॉर्मल या सेमी-फॉर्मल लुक बेस्ट रहेगा। अगर कोई खास थीम (जैसे समुद्र किनारे, गार्डन, या पार्टी) हो, तो उसी के अनुसार कपड़े चुनें।

### कलर सेलेक्शन पर दें ध्यान

प्रपोजल के दौरान आपके कपड़े सही रंग के होना जरूरी है। ब्लू, व्हाइट, ब्लैक, बेज और पेस्टल शेड्स क्लासी और अट्रैक्टिव लगते हैं। अगर आप थोड़ा बोल्ड दिखना चाहते हैं, तो डार्क रेड, मैरून या नेवी ब्लू ट्राई कर सकते हैं। कपड़ों का सिलेक्शन करते समय ध्यान रखें कि ये बहुत ज्यादा चमकदार या भड़कीले न हों।

### लड़कों के लिए हैं ये टिप्स

अगर कैजुअल लुक चाहिए तो अच्छी फिटिंग वाली शर्ट और डेनिम जींस पहनें। अगर सेमी-फॉर्मल लुक चाहते हैं तो एक सॉलिड ब्लेजर और अंदर टी-शर्ट पहन सकते हैं। अगर आप किसी हाई-एंड रेस्तरां में प्रपोज कर रहे हैं, तो वेल-फिटेड सूट पहनें। इसके साथ अच्छे स्नीकर्स, लोफर्स या फॉर्मल शूज आपके लुक को कम्प्लीट करेंगे।



### लड़कियों के लिए स्टाइल टिप्स

एलिगेंट और सिंपल ड्रेस/स्कर्ट-टॉप पहन सकती हैं। यदि कैज़ुअल डेट पर प्रपोज करने का प्लान है तो डेनिम और ट्रेंडी टॉप अच्छा रहेगा। कुछ एथनिक कैरी करना है तो हल्का इंडो-वेस्टर्न कुर्ता या एथनिक ड्रेस भी शानदार लगेगा। आउटफिट के हिसाब से ही कंफर्टेबल हील्स, सैंडल या स्टाइलिश स्नीकर्स ट्राई करें।

### परफ्यूम और ग्रूमिंग का रखें ध्यान

डेट पर जा रहे हैं तो हल्का लेकिन अच्छा परफ्यूम या डियो लगाएं ताकि आप फ्रेश महसूस करें। अपने हेयर स्टाइल सॉफ्ट और नेचुरल रखें। लड़के हैं तो शेव या ट्रिम करके एक साफ-सुथरी लुक कैरी करें। वहीं लड़कियां हल्का मेकअप कर सकती हैं, लेकिन बहुत ज्यादा ओवर मेकअप से बचें।

### इस बात का खास ध्यान रखें

सही कपड़े पहनने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपका क्रश भी आपके लुक से इंप्रेस होगा। कपड़ों का चयन करते समय अपने पर्सनैलिटी का ध्यान रखें, ताकि आप सहज और आत्मविश्वासी महसूस करें। याद रखें, आपकी मुस्कान और आत्मविश्वास ही आपका सबसे बेहतरीन फैशन स्टेटमेंट है।

# 6 में से 1 कपल है इंफर्टिलिटी से परेशान जानें डाइट से कैसे होगा सुधार?

दुनियाभर में फर्टिलिटी रेट लगातार गिर रहा है. आज स्थिति यह है कि दुनिया के लगभग दो-तिहाई देशों में यह रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे चला गया है. सोरबोन यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ मेडिसिन में डेवलपमेंटल और रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी की प्रोफेसर रैचेल लेवी के अनुसार, ₹फर्टिलिटी अब सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि एक पब्लिक हेल्थ इश्यू बन चुकी है. हर 6 में से 1 व्यक्ति इंफर्टिलिटी से जूझ रहा है.

### लाइफस्टाइल का अहम रोल

पिछले 50 वर्षों में पुरुषों में स्पर्म कंसंट्रेशन लगभग आधा रह गया है. इसके पीछे पर्यावरण से जुड़े कारणों के साथ-साथ लाइफस्टाइल फैक्टर्स भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं, जिनमें मोटापा और खराब खानपान प्रमुख हैं. 31 जनवरी 2025 को पेरिस में आयोजित इंस्टिट्यूट बेंजामिन डेलसेर्ट के वार्षिक कार्यक्रम में रैचेल लेवी ने बताया कि किस तरह बदली जा सकने वाली आदतें इंफर्टिलिटी को प्रभावित करती हैं और सही पोषण से फर्टिलिटी में सुधार की कितनी संभावना है.

रिसर्च में यह साफ हुआ है कि बॉडी मास इंडेक्स (BMI), डाइट और स्पर्म क्वालिटी के बीच गहरा संबंध है. दुनियाभर में BMI बढ़ने के साथ-साथ फर्टिलिटी रेट में गिरावट देखी जा रही है. मेडिकल असिस्टेड प्रजनन प्रक्रिया से गुजर रहे पुरुषों में ओवरवेट और मोटापा ओलिगोजोस्पर्मिया और एजोस्पर्मिया का खतरा बढ़ा देता है, जिससे गर्भधारण और लाइव बर्थ की संभावना कम हो जाती है.

### कैसी रखें डाइट?

डाइट सीधे तौर पर स्पर्म बनने की प्रक्रिया को प्रभावित करती है. कई स्टडीज में यह सामने आया है कि मेडिटेरेनियन डाइट अपनाने से स्पर्म की गुणवत्ता और फर्टिलिटी में सुधार होता है. इतना ही नहीं, गर्भधारण से पहले पिता की डाइट स्पर्म के डीएनए मिथाइलेशन को भी प्रभावित कर सकती है, जिसका असर भ्रूण के विकास पर पड़ता है.

हार्मोनल असंतुलन, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस, सूजन और एपिजेनेटिक बदलाव जोखिम भी पैदा करते हैं और सुधार का मौका भी देते हैं. अच्छी बात यह है कि कुछ मामलों में ये असर उलटे भी जा सकते हैं. एक स्टडी में पाया गया कि गर्भधारण से पहले नियमित फिजिकल एक्टिविटी और संतुलित आहार अपनाने से मेटाबॉलिक और हार्मोनल स्थिति सुधरी, स्पर्म डीएनए डैमेज कम हुआ और सीमन की एंटीऑक्सीडेंट क्षमता बेहतर हुई.

### फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए क्या खाएं?

मेडिटेरेनियन डाइट को रिप्रोडक्टिव हेल्थ के लिए सबसे ज्यादा स्टडी किया गया है. इसमें हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट शामिल होते हैं. पालक, केल जैसी सब्जियां, क्विनोआ और ओट्स, मछली-अंडे, दालें, एवोकाडो, नट्स और ऑलिव ऑयल फर्टिलिटी के लिए फायदेमंद माने जाते हैं.

### किन चीजों से बचें?

ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, रिफाइंड शुगर, अत्यधिक कैफीन और शराब हार्मोनल संतुलन बिगाड़ सकते हैं. ट्रांस फैट और बहुत ज्यादा तले-भुने खाने से भी सूजन बढ़ती है.

### एक्सपर्ट्स की सलाह

पोषण के साथ-साथ पर्याप्त पानी, नियमित हल्का व्यायाम और तनाव कम करना भी जरूरी है. अगर लंबे समय से गर्भधारण में परेशानी हो रही है या PCOS, थायरॉइड जैसी समस्या है, तो फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट और न्यूट्रिशनिस्ट से सलाह लेना फायदेमंद हो सकता है.

# 'यार ये मुझे देखता ही नहीं' जब कंगना रनौत ने अक्षय खन्ना से किया था फ्लर्ट, खुद किया कुबूल




बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना लगभग तीन दशकों से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। लेकिन दिसंबर में फिल्म 'धुरंधर' रिलीज होने के बाद वह पहले से कहीं ज्यादा चर्चा में आ गए। इसी बीच उनसे जुड़ा एक पुराना वीडियो फिर से सुर्खियां बटोर रहा है। हालांकि यह वीडियो अक्षय खन्ना का नहीं, बल्कि कंगना रनौत का है, जिसमें वह अक्षय के बारे में बात कर रही हैं।

**यार ये मुझे देखता ही नहीं**

कंगना का यह वायरल वीडियो साल 2010 का है। जब कंगना रनौत, अनिल कपूर और संजय दत्त के साथ करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में पहुंची थीं। शो के दौरान जब करण जौहर ने कंगना से पूछा कि क्या उन्होंने कभी किसी से फ्लर्ट किया और सामने से कोई रिएक्शन नहीं मिला, तो कंगना ने अक्षय खन्ना का नाम लिया। यह सुनकर सब हंस पड़े। संजय दत्त हैरान भी रह गए, जबकि अनिल कपूर ने कहा, 'हां, इसने मुझे बताया था। यह कह रही थी- यार ये मुझे देखता ही नहीं है।'

**अक्षय ने कभी मुझसे बात ही नहीं की**

इस पर कंगना ने आगे कहा, 'मैंने उनसे बात करने की कोशिश की, फिर सोचा थोड़ा फ्लर्ट करूं। लेकिन उन्होंने कभी मुझसे बात ही नहीं की।' जब करण ने पूछा कि ऐसा क्यों, तो कंगना ने जवाब दिया, 'वो किसी से बात ही नहीं करते।' इस पर अनिल कपूर ने मुस्कुराते हुए कहा, 'वो मुझसे बहुत अच्छे से बात करते हैं। वो मेरे छोटे भाई जैसे हैं।'

साल 2010 में कंगना रनौत और अक्षय खन्ना पहली बार अनीस बज्मी की एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'नो प्रॉब्लम' में साथ नजर आए थे। फिल्म भले ही बड़ी हिट नहीं रही, लेकिन दोनों की मौजूदगी ने स्क्रीन पर अलग ही रंग जमा दिया था।

**इस फिल्म में नजर आएंगे अक्षय खन्ना**

वर्कफ्रंट की बात करें, तो अक्षय खन्ना की आगामी फिल्म 'इक्का' है, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ये एक थ्रिलर मूवी है। इसमें उनके साथ लीड रोल में सनी देओल नजर आएंगे। वहीं, कंगना रनौत इस समय बतौर सांसद सक्रिय हैं। उन्होंने अभिनय करना भी छोड़ा नहीं है।

वे आखिरी बार फिल्म 'इमरजेंसी' में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती नजर आई थीं। इसके अलावा भी वह कुछ फिल्म प्रोजेक्ट्स पर काम रही हैं। जिन्हें लेकर अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई हैं।

# 'धूम 4' में नहीं दिखेंगे रणबीर कपूर



साल 2004 में जब 'धूम' रिलीज हुई थी तब किसी ने नहीं सोचा था कि ये फिल्म एक बड़ी फ्रेंचाइजी बन जाएगी. जॉन अब्राहम, फिर ऋतिक रोशन और उसके बाद आमिर खान हर पार्ट में विलेन ही असली हीरो बनकर उभरा है. 'धूम 3' को आए करीब 13 साल हो चुके हैं और तभी से फैंस 'धूम 4' का इंतजार कर रहे हैं. पिछले कुछ महीनों से खबरें तेज थीं कि इस बार रणबीर कपूर बाइक पर स्टाइल मारते नजर आएंगे. लेकिन अब इन खबरों की सच्चाई सामने आ गई है.

**रणबीर कपूर ने नहीं की 'धूम 4' साइन**

मीडिया रिपोर्ट्स में भले ही रणबीर कपूर का नाम जोर-शोर से चल रहा था लेकिन अंदर की खबर कुछ और ही है. रणबीर ने अभी तक 'धूम 4' साइन नहीं की है. यानी फिलहाल वो इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं हैं. फैंस जो उन्हें नए स्टाइलिश विलेन के रूप में देखने का सपना देख रहे थे उन्हें अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा.

**स्क्रिप्ट पर अटका है पूरा मामला**

बताया जा रहा है कि यशराज फिल्म्स के पास अभी तक 'धूम 4' की फाइनल स्क्रिप्ट तैयार ही नहीं है. आदित्य चोपड़ा खुद इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी सीरियस हैं और बिना पक्की कहानी के आगे नहीं बढ़ना चाहते. कहा जा रहा है कि अब तक स्क्रिप्ट के नौ से ज्यादा ड्राफ्ट रिजेक्ट हो चुके हैं. जब तक उन्हें दमदार स्टोरी नहीं मिलती तब तक 'धूम 4' फ्लोर पर नहीं आएगी.

**बड़े प्रोजेक्ट्स के बाद होगा फैसला**

यशराज इस समय अपने दूसरे बड़े प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रहा है. उन फिल्मों के बाद ही 'धूम 4' पर ठोस फैसला लिया जाएगा. मेकर्स चाहते हैं कि अगला पार्ट पहले से भी ज्यादा बड़ा और धमाकेदार हो ताकि फ्रेंचाइजी की इमेज बनी रहे.

**रणबीर के पास पहले से है बड़ा लाइनअप**

दूसरी तरफ रणबीर कपूर खुद भी इस समय काफी बिजी हैं. वो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ नजर आएंगे. इसके अलावा नितेश तिवारी की 'रामायण' में वो भगवान राम का किरदार निभाने वाले हैं. ऐसे में साफ है कि फिलहाल 'धूम 4' को लेकर जो चर्चा थी वो सिर्फ अटकलें ही थीं.

# अनुराग कश्यप का फोन आने से हैरान थीं सनी लियोन

## बोलीं- 'कैनेडी' को घर मिल गया



अभिनेत्री सनी लियोन जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' में नजर आएंगी। सनी लियोन इस फिल्म को अपने 15 साल के करियर में सबसे खास मानती हैं। साथ ही उनका कहना है कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इस फिल्म के लिए उन्हें कॉल किया था। 'कैनेडी' काफी वक्त से तैयार है और कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इसे तारीफें भी मिल चुकी हैं। अब सनी लियोन ने फिल्म के अपने अनुभव के बारे में बात की।

**फिल्म को लेकर उत्साहित हैं सनी**

सनी लियोन ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी और इस फिल्म की गंभीरता को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं वहां थोड़े समय के लिए ही थी, लेकिन उस दौरान इस फिल्म पर काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा। इसमें जो मेहनत लगी है, इस फिल्म के लिए हम जितनी जगहों पर गए हैं और अलग-अलग जगहों, देशों, फिल्म समारोहों और यहां तक कि आम लोगों से भी जो प्रतिक्रिया मिली है, वह कमाल की है। सच में यह बहुत ही रोमांचक है। कैनेडी को आखिरकार एक घर मिल गया।'

फिल्म में कम स्क्रीन टाइम को लेकर सनी ने कहा कि यह निश्चित रूप से किरदार के बारे में है। यह स्क्रीन टाइम के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि फिल्म में वह समय कितना प्रभावशाली है। मुझे लगता है कि इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव था। जब आप इसे देखते हैं, तो ऐसा नहीं लगता कि मैं वहां हूं और फिर गायब हो जाती हूं। यह अधिकांश बड़ी फिल्मों की तरह, केवल एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है। इसमें कई अलग-अलग किरदार हैं।

**अनुराग कश्यप के साथ ऐसी थी पहली मुलाकात**

अनुराग कश्यप के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए सनी लियोन ने कहा मैं चौंक गई थी। मैंने सोचा, 'आप मुझे फोन करना चाहते थे?' तो पहले उन्होंने डेनियल को फोन किया और डेनियल ने कहा, 'आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं भाई? आप सीधे सनी को फोन करके पूछ लीजिए।' तो जब उन्होंने फोन किया, तो दूसरी तरफ डेनियल ने कहा, 'हे भगवान, यह तो कमाल है।' और फिर उन्होंने फोन करके कहा कि वह चाहते हैं कि मैं इस रोल के लिए ऑडिशन दूं। मैं ऑडिशन के लिए तैयार थी, लेकिन मुझे इसके लिए गिड़गिड़ाना पड़ा क्योंकि वह बार-बार कह रहे थे, 'तुम्हें ऑडिशन की जरूरत नहीं है।'

मैंने उनसे कहा, प्लीज। अगर अंग्रेजी में है तो मत भेजिए, लेकिन अगर हिंदी में है तो भेज दीजिए। कुछ शब्द मुश्किल हो सकते हैं। तो उन्होंने डायलॉग भेजे और मैंने उन्हें याद कर लिया। मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि ऑफिस के ये सभी लोग मेरे साथ एक मजाक कर रहे थे। मुझे कान्स में डिनर के दौरान पता चला। वे कहने लगे, 'हां, हमने तुम्हारे साथ एक मज़ाक किया था। हम बस यह देखना चाहते थे कि तुम आओगी या नहीं।' मैंने कहा कि क्या आप सच कह रहे हैं? मैंने डायलॉग याद कर लिए थे। मैं बहुत घबराई हुई थी।

**चुनौतीपूर्ण था किरदार**

अपने किरदार चार्ली को चुनौतीपूर्ण बताते हुए सनी का कहना है कि अनुराग को भरोसा था मैं कर लूंगी। लेकिन मुझे नहीं था। किरदार की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चार्ली की विशिष्ट हंसी को हूबहू नकल करना था। शुरू से ही वह इसे चाहते थे। लेकिन मैं सोच रही थी कि मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी ऐसे नहीं हंसा। कौन ऐसे हंसता है? इसलिए मैं जहां भी जाती, चार्ली की तरह हंसने लगती थी। मैं हर जगह बेतहाशा हंस रही थी। मेरी पूरी टीम को लगा कि मैं बिल्कुल पागल हो गई हूं। जैसे मेरा दिमाग ही खराब हो गया हो। लेकिन मुझे लगा, ठीक है, यही इसका सबसे असहज हिस्सा है। किरदार की तैयारी के लिए हमने डायलॉग्स की कोचिंग ली, स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप में भाग लिया। उन्होंने मेरी एक भी लाइन नहीं बदली, जो बहुत अच्छी बात थी। यह वाकई एक जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है।

**20 फरवरी को रिलीज होगी 'कैनेडी'**

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'कैनेडी' में सनी लियोन के साथ राहुल भट्ट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म भारत में 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है।

# 18 साल के हुए फराह खान के ट्रिपलेट्स, भावुक नोट लिखते हुए शेयर किया वीडियो, दिखी बचपन से एडल्ट होने की झलक




फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान के तीन बच्चे सीज़र, दीवा और अन्या हैं. यह तीनों ट्रिपलेट्स हैं. आज इन तीनों बच्चों का 18वां जन्मदिन है. यह बच्चे आधिकारिक तौर पर एडल्ट हो गए हैं इस मौके पर फराह ने कहा कि पेरेंट्स अपने बच्चों को सबसे अच्छी विरासत के रूप में खुशहाल यादें दे सकते हैं. अपने बच्चों के इस खास मौके पर फराह ने सोशल मीडिया पर तीनों की कुछ अनदेखी और कीमती पलों का वीडियो मोंटाज शेयर किया. फराह ने आगे कहा कि इन अद्भुत बच्चों की मां होना उनके लिए एक सौभाग्य है.

फराह खान ने सीज़र, दीवा और अन्या के लिए खास बर्थडे पोस्ट में लिखा, "और बस ऐसे ही वे 18 साल के हो गए अपने बच्चों को देने वाली सबसे अच्छी विरासत हैं खुशहाल यादें सबसे अच्छी एजुकेशन जो आप दे सकते हैं और थोड़ी सी गड़बड़ी सीजर, दीवा और अन्या तुम्हारी मां होना मेरे लिए सौभाग्य है."

फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सेलेब्स फराह खान की इस पोस्ट पर कमेंट्स कर बधाई और उनके बच्चों पर प्यार लुटाया. रिद्धिमा कपूर, भावना पांडे, नकुल मेहता और शोएब इब्राहिम ने इस पोस्ट पर रेड हार्ट और नजर वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी.

फराह और उनके पति शिरीष कुंदर की प्रेम कहानी की बात करें तो उनकी रोमांटिक यात्रा फिल्म "मैं हूं ना" के सेट पर शुरू हुई थी. फराह इस फिल्म की निर्देशक थीं, जबकि शिरीष एडिटर के तौर पर टीम में शामिल थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिरीष ने सिर्फ इसलिए फिल्म पर काम करने के लिए हां कहा था क्योंकि उन्हें फराह पर क्रश था. शिरीष की भावनाओं से अनजान फराह भी धीरे-धीरे उन पर फिदा हो गईं.

**फराह खान और शिरीष कुंदर ने दिसंबर 2004**

कहा जाता है कि एक पार्टी के दौरान शिरीष ने आखिरकार फराह को अपने दिल की बात बता दी और दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया. फराह और शिरीष ने दिसंबर 2004 में रजिस्टर्ड शादी की थी. इसके बाद एक साउथ इंडियन शादी हुई जिसमें शाहरुख खान और गौरी ने फराह का कन्यादान किया. कपल ने निकाह भी किया. 2008 में दोनों ने पैरेंटहुड को अपनाया और दो बेटियां और एक बेटा यानी ट्रिपलेट्स का स्वागत किया.

# ईशान खट्टर ने मुंबई के पॉश इलाके में खरीदी 29 करोड की लग्जरी प्रॉपर्टी



बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. इस फिल्म को लेकर उनकी जमकर तारीफ हो रही है. इसी बीच अब एक और खबर को लेकर एक्टर चर्चा में आ गए हैं. खबरें हैं कि ईशान खट्टर ने हाल ही में एक मुबई के पॉश इलाके में एक लग्जरी घर लिया है. ये ईशान खट्टर की ली हुई पहली प्रॉपर्टी है.

**पाली हिल में लिया घर**

रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स कंपनी CRE Matrix के मुताबिक, ईशान खट्टर ने मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल में एक बेहद लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है. जिसकी कीमत करोड़ों में है. ईशान का नया घर 2,989.05 स्क्वायर फुट के बिल्डअप एरिया में बना है. हाल ही में इस अपार्टमेंट का रजिस्ट्रेशन किया गया, जिसके बाद से ही ये खबरें जोरों पर हैं.

**क्या है कीमत?**

ईशान ने जो घर खरीदा है उसकी कीमत 29.37 करोड़ रुपये है. जिसके लिए ईशान खट्टर ने 1.76 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई है. इसके साथ ही इसमें चार पार्किंग स्पेस भी हैं. ये ईशान खट्टर द्वारा खरीदी गई पहली प्रॉपर्टी है. फिलहाल एक्टर बांद्रा में ही समंदर किनारे एक 3 बीएचके फ्लैट में रहते हैं.

**ईशान खट्टर का करियर**

बता दें कि ईसान खट्टर शाहिद कपूर के सौतेले भाई हैं. ईशान, नीलिमा अजीम और राजेश खट्टर के बेटे हैं. उन्होंने शाहिद के साथ 'वाह लाइफ हो तो ऐसी' फिल्म में बतौर बाल कलाकार काम किया था. ईशान में अपना बॉलीवुड डेब्यू 2017 में आई फिल्म 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' से किया था. इसके बाद उन्हें लगातार काम मिलता चला गया.

ईशान की एक्टिंग और उनके डांस की तारीफें हर कोई करता है. हाल ही में आई फिल्म 'होमबाउंड' को ऑस्कर के लिए भेजा गया था. सभी की निगाहें ऑस्कर नॉमिनेशन वाले दिन इसी फिल्म पर थीं हालांकि ये नॉमिनेशंस में शामिल नहीं हो पाई.लेकिन फिल्म में ईशान की खूब तारीफें हो रही हैं. फिल्म में ईशान के साथ 'मर्दानी 2' फेम विशाल जेठवा भी नजर आए थे.

# 'बस मेरा नाम मत बदलना', रेमो ने बताया धर्म बदलने पर कैसा था माता-पिता का रिएक्शन?



बतौर कोरियोग्राफर अपना करियर शुरू करने वाले रेमो डिसूजा अब निर्माता-निर्देशक भी बन चुके हैं। हाल ही में रेमो और उनकी पत्नी लिजेल ने अपनी आध्यात्मिक आस्था को लेकर बात की। साथ ही रेमो ने बताया कि धर्म परिवर्तन करने पर कैसा था उनके घरवालों का रिएक्शन?

पिता ने दी थी ये सलाह

नयनदीप रक्षित के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान रेमो ने बताया कैसे वो रमेश गोपी नायर से बने रेमो डिसूजा? निर्देशक ने कहा कि मुझे कभी भी दबाव या आलोचना महसूस नहीं हुई। मुझे लगता है कि मेरे माता-पिता बहुत साझारण थे। मुझे नहीं पता कि वे इतने सहज कैसे थे। अपने पिता के साथ एक खास पल साझा करते हुए रेमो ने कहा कि एक दिन मैं गया और अपने पिता से कहा कि मैं चर्च के लिए बहुत काम करता हूं और मुझे लगता है कि मैं चर्च में शामिल होना चाहता हूं। उन्होंने कहा, 'ठीक है, कर लो। बस मेरा नाम मत बदलना।' इसलिए मेरा नाम रेमो गोपी डिसूजा है।

मुझे पूजा-पाठ करना अच्छा लगता हैः लिजेल

इस दौरान कैथोलिक परिवार में पली-बढ़ी रेमो की पत्नी लिजेल ने बताया कि कैसे उनका आध्यात्मिक सफर विस्तृत हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए और उनके लिए भी, यह बहुत महत्वपूर्ण है। मैं कैथोलिक परिवार में पैदा हुई थी, वो हिंदू परिवार में पैदा हुए थे और बाद में उन्होंने धर्म परिवर्तन कर लिया। मैं पिछले 25 साल से हमेशा गणपति की मूर्ति रखती आई हूं। पिछले चार-पांच साल में शायद मेरे माता-पिता के निधन के कारण, मैं अचानक हिंदू धर्म की ओर आकर्षित हो गई। मैं सभी पूजा-पाठ करती हूं और मुझे यह करना अच्छा लगता है, भले ही मैं कैथोलिक हूं।

कैसे किया बच्चों का पालन-पोषण

कपल ने अपने बच्चों को स्वतंत्रता और सम्मान के वातावरण में पालने के बारे में भी बात की। लिजेल ने एक ऐसे पल को याद किया जब रेमो के माता-पिता अपने पहले बेटे के नामकरण को लेकर कुछ समय के लिए असमंजस में थे। रेमो ने बताया कि हमने उसका नाम एडोनिस रखा और मेरे माता-पिता जामनगर से हैं, तो वे इसका उच्चारण कैसे करेंगे? इसलिए हमने उसे एक हिंदू नाम ध्रुव भी दिया। इस तरह उसके दो नाम हो गए। बाद में वह बड़ा हुआ और उसने एडोनिस नाम ही रखने का फैसला किया।

**आरजे महवश की फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं रेमो**

वर्कफ्रंट की बात करें तो रेमो डिसूजा ने आखिरी बार पिछले साल आई फिल्म 'बी हैप्पी' का निर्देशन किया था। इसमें अभिषेक बच्चन प्रमुख भूमिका में थे। इसके अलावा अब वो आरजे महवश की डेब्यू फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी है' को प्रेजेंट कर रहे हैं। इसके अलावा रेमो बतौर कोरियोग्राफर लगातार काम कर रहे हैं।

# जेल में बंद राजपाल यादव के सपोर्ट में उतरी पूरी इंडस्ट्री

## सलमान खान, अजय देवगन, वरुण ने दी आर्थिक मदद, मैनेजर बोले- आज मिल सकती है जमानत



9 करोड़ रुपए के चेक बाउंस केस में सरेंडर के बाद से एक्टर राजपाल यादव तिहाड़ जेल में बंद हैं। एक्टर इन दिनों आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और उनके पास लौटाने के लिए इतनी बड़ी रकम नहीं है। खबर सामने आने के बाद कई बॉलीवुड एक्टर्स राजपाल यादव को आर्थिक मदद दे रहे हैं, जिनमें अब सलमान खान, अजय देवगन भी शामिल हो चुके हैं।

राजपाल यादव के मैनेजर ने कहा है कि बुधवार को सलमान खान, अजय देवगन, वरुण धवन और डेविड धवन जैसे कई सेलेब्स ने उनसे संपर्क कर आर्थिक सहायता दी है। मैनेजर ने कहा है, "कई लोगों ने राजपाल यादव की मदद के लिए संपर्क किया है। सोनू सूद, सलमान खान और अजय देवगन ने सपोर्ट दिया है। मेरी डेविड धवन से भी बात हुई। रतन नैन, वरुण धवन... इस बार बहुत लोग आगे आए हैं। राजपाल ने इसके लिए आभार जताया है।"

जब गोल्डी से पूछा गया कि क्या राजपाल ने तिहाड़ में सरेंडर से पहले मदद मांगी थी, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार किया। उन्होंने कहा, "मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहूंगा।" हालांकि, उन्होंने कहा, "अच्छी बात यह है कि स्थिति बिगड़ने के बाद इंडस्ट्री मजबूती से उनके साथ खड़ी है। सबने कमिटमेंट किए हैं, लेकिन ऐसे लेन-देन तुरंत नहीं होते।"

**'राजपाल यादव कल जमानत पर बाहर आ सकते हैं'**

गोल्डी ने उम्मीद जताई कि राजपाल जल्द रिहा हो सकते हैं। उन्होंने कहा, "परिवार को मानसिक रूप से मजबूत रहना होगा। राजपाल भैया खुद बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। घर पर फरवरी के अंत में पारिवारिक कार्यक्रम भी हैं। सभी चाहते हैं कि वे तब तक बाहर आ जाएं। उम्मीद है, वे कल तक बाहर हो सकते हैं।" गोल्डी ने बताया, "जमानत की सुनवाई कल तय है। हमें उम्मीद है कि उन्हें बेल मिल जाएगी। बेल एप्लिकेशन पहले ही फाइल हो चुकी है। सुनवाई के बाद और जानकारी शेयर करेंगे।"

**फिल्म फेडरेशन ने प्रोड्यूसर्स से की मदद की अपील**

बुधवार को FWICE (फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एंप्लॉय्ज) ने सभी प्रोड्यूसर से अपील की है कि वो जल्द से जल्द राजपाल यादव की मदद करें।

राजपाल यादव सिर्फ ऐसे प्रसिद्ध अभिनेता ही नहीं हैं जिन्होंने अपनी अभिनय प्रतिभा से लाखों लोगों को खुशी और हंसी दी है, बल्कि वे इंडस्ट्री के एक समर्पित सदस्य भी हैं, जिन्होंने दशकों की मेहनत और यादगार भूमिकाओं के जरिए भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। श्री राजपाल यादव इस समय गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिनमें बढ़ती देनदारियां और कारावास भी शामिल हैं। यह स्थिति उनके चरित्र या ईमानदारी को नहीं दर्शाती, बल्कि उन हालात का परिणाम है जो नियंत्रण से बाहर हो गए। आगे लिखा गया है, 'इस निर्णायक घड़ी में FWICE का मानना है कि यह समय है जब फिल्म इंडस्ट्री अपने एक साथी के प्रति एकजुटता, करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी का परिचय दे। आर्थिक संकट किसी को भी प्रभावित कर सकता है, चाहे उसका कद या सफलता कुछ भी हो। एक बिरादरी के रूप में हमारी पहचान इस बात से तय होती है कि हम जरूरत के समय अपने सहयोगियों के साथ कैसे खड़े होते हैं।'

# जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

## सभी 6 पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, सिनेमाघरों को छूट

नई दिल्ली (एक्सक्लूसिव डेस्क), 11 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई।

आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।

हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में




प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है।

**राष्ट्रपति के आगमन और झंडारोहण जैसे कार्यक्रमों में गाया जाएगा**

नई गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। मंत्रियों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मौजूदगी वाले गैर-औपचारिक लेकिन जरूरी कार्यक्रमों में भी राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, बशर्ते इसे पूरा सम्मान और शिष्टाचार के साथ पेश किया जाए।

10 पेजों के आदेश में, सिविलियन पुरस्कार समारोहों, जैसे कि पद्म पुरस्कार समारोह या ऐसे किसी भी कार्यक्रम में जहां राष्ट्रपति उपस्थित हों, वहां भी वन्दे मातरम बजाया जाएगा।

**सिनेमा हॉल में लागू नहीं होंगे नए नियम**

हालांकि, सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले 'वंदे मातरम' बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा।

वहीं अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना जरूरी नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी स्थिति में खड़े होने से प्रदर्शन में व्यवधान और अव्यवस्था हो सकती है।

मंत्रालय ने कहा है कि अब से राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण ही गाया या बजाया जाएगा और इसे सामूहिक गायन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

**बंकिम चंद्र ने 1875 में लिखा था, आनंदमठ में छपा था**

भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम को बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के पावन अवसर पर लिखा था। यह 1882 में पहली बार उनकी पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में छपा था।

1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने मंच पर वंदे मातरम गाया। यह पहला मौका था जब यह गीत सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर गाया गया। सभा में मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम हो गई थीं।

'वंदे मातरम' एक संस्कृत वाक्यांश है, जिसका मतलब है- हे मां, मैं तुम्हें नमन करता हूं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'वंदे मातरम' भारत को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे स्वतंत्रता सेनानियों का नारा बन गया था।

**गणतंत्र दिवस परेड में वंदे मातरम की झांकी निकली थी**

दिल्ली में कर्तव्य पथ पर मुख्य परेड में इस साल 77वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य परेड की थीम वंदे मातरम रखी गई थी। परेड में संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाली झांकी निकाली थी। इस झांकी को मंत्रालयों और विभागों की कैटेगरी में बेस्ट झांकी का अवॉर्ड मिला।

**संस्कृति मंत्रालय की 'वंदे मातरम:** एक राष्ट्र की आत्मा की पुकार' थीम पर आधारित झांकी में बंकिम चंद्र चटर्जी के गीत की रचना, एक प्रसिद्ध मराठी गायक द्वारा औपनिवेशिक काल की रिकॉर्डिंग और Gen Z का प्रतिनिधित्व करने वाले एक समूह द्वारा इसका गायन दिखाया गया था।

झांकी के आगे के भाग में वंदे मातरम की पांडुलिपि बनाते हुए दिखाया गया था। इसके निचले हिस्से में एक पैनल पर चटर्जी की एक छवि दिखाई गई थी। मध्य भाग में पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों का एक समूह था जिसने भारत की लोक विविधता को दर्शाया।

**शीतकालीन सत्र के दौरान हुआ था विवाद**

केंद्र सरकार ने पिछले साल वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विशेष चर्चा का आयोजन किया था। लोकसभा और राज्यसभा में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी चुनावों को लेकर राष्ट्रगीत को मुद्दा बना रही है।

वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति के तहत वंदे मातरम के हिस्से काटने का आरोप लगाया था। भाजपा ने 1937 में देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू की एक चिट्ठी शेयर की थी, जो उन्होंने सुभाष चंद्र बोस को लिखी थी। भाजपा ने आरोप लगाया था कि चिट्ठी में नेहरू ने संकेत दिया था कि वंदे मातरम की कुछ लाइनें मुसलमानों को असहज कर सकती हैं। संसद में बहस के दौरान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि राष्ट्रगीत को भी राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय ध्वज के समान दर्जा दिया जाना चाहिए।

*गीत का मूल रूप और हिन्दी भावार्थ*

**मूल गीत**

*वन्दे मातरम्*
*सुजलां सुफलां मलयज शीतलाम्*
*शस्यश्यामलां मातरम्।*
*वन्दे मातरम्।*

*शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,*
*फुल्ल कुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्,*
*सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,*
*सुखदां वरदां मातरम्।*
*वन्दे मातरम्।*

*मूल गीत आगे इस तरह है-*
*कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,*
*कोटि-कोटि भुजैधृत खरकरवाले,*
*अबला केनो मां तुमि एतो बले,*
*बहुवल धारिणीं, नमामि तारिणीं,*
*रिपुदलवारिणीं मातरम्।*
*वंदे मातरम्।*

*तुमि विद्या, तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म,*
*त्वम् हि प्राणाः शरीरे,*
*बाहुते तुमि मां शक्ति,*
*हृदये तुमि मां भक्ति,*
*तोमारेई प्रतिमा गड़ि,*
*मन्दिरे-मन्दिरे मातरम्।*
*वंदे मातरम्।*

*त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरण धारिणी*
*कमला कमलदलविहारिणी।*
*वाणी विद्यादायिनी*
*नमामि त्वाम्, नमामि कमलाम्*
*अमलाम् अतुलाम्, सुजलां सुफलां मातरम्।*
*वन्दे मातरम्।*

*श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्*
*धरणीं भरणीं मातरम्।*
*वन्दे मातरम्।*

**भावा अनुवाद**

*योगी और दार्शनिक श्रीअरबिंद घोष ने इस गीत का यह भावानुवाद गद्य के रूप में किया था- हे मां! तेरी धरती जल से भरपूर है, फल-फूल से लदी हुई है, मलय पर्वत की ठंडी सुगंध से शीतल है, खेतों में लहलहाती फसल से आच्छादित है। तेरी रातें चांदनी से नहाकर पुलकित हो उठती हैं और वृक्ष खिले फूलों और पत्तों से सजे रहते हैं। तू मुस्कान बिखेरने वाली, मधुर वाणी बोलने वाली, सुख देने वाली है। तेरे करोड़ों पुत्रों के गले से उठी आवाज गगन में गूंजती है और करोड़ों भुजाओं में तलवारें और अस्त्र-शस्त्र चमकते हैं। कौन कहता है कि तू निर्बल है, मां? तू अपार शक्ति है, संकट से पार लगाने वाली है और शत्रुओं का नाश करने वाली है। तू ही ज्ञान है, धर्म है, हृदय में है और तू ही जीवन का सार है। तू प्राण है, भुजाओं की शक्ति है और हृदय की भक्ति है। हम तुझे ही पूजते हैं, हे मां! तू ही दसों अस्त्र-शस्त्र धारण करने वाली मां दुर्गा है, कमल के आसन पर विराजमान मां लक्ष्मी है। तू मां सरस्वती है, हे निर्मल मां! मैं तुझे प्रणाम करता हूं।*

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

गिरिडीह, 11 फरवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक सत्यम कुमार की मौत हो गई। वह जमुआ थाना क्षेत्र के तारा गांव का निवासी था। हादसा सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बागोडीह मोड़ पर ट्रक की टक्कर से हुआ। सत्यम कुमार एक मोटरसाइकिल शोरूम में कार्यरत था। वह एक शोरूम से नई बाइक लेकर दूसरे शोरूम पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान बागोडीह मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक बाइक समेत युवक को लगभग 15 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया।

# वृंदावन के होटल में भीषण आग, 40 लोग अंदर फंसे

## उद्घाटन के दिन हादसा, क्रेन से लटकाकर लोगों को निकाला गया



मथुरा, 11 फरवरी (एजेंसियां)। मथुरा के वृंदावन में नए बने सिद्धि विनायक होटल में बुधवार को भीषण आग लग गई। इससे होटल के अंदर घना धुआं भर गया। इसमें 3 लोग बुरी तरह झुलस गए, जबकि 40 लोग होटल के अंदर फंस गए। आज ही होटल का उद्घाटन हुआ था। इसके कुछ ही घंटे बाद आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र को खाली करा दिया। पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है।

3 मंजिला सिद्धि विनायक होटल वृंदावन के पॉश इलाके रुक्मणी विहार में बना है। राया के रहने वाले सुभाष अग्रवाल करीब 6 महीने से यह होटल बनवा रहे थे। इसको बनाने में उन्होंने करीब 6 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इस होटल में 24 कमरे हैं।

होटल मालिक सुभाष अग्रवाल के भतीजे सोनू ने बताया- आज ही चाचा ने इस नए होटल का उद्घाटन किया था। हम पूरे परिवार के साथ यहां आए थे। अंदर करीब 40 लोग फंसे गए। ऊपर शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। देखते ही देखते आग ने पूरे होटल को अपनी चपेट में ले लिया।

फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया- सिद्धि विनायक होटल का आज उद्घाटन हो रहा था। इसी दौरान आग लगने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। अंदर फंसे लोगों को क्रेन की मदद से नीचे उतारा गया।

**स्पोर्ट्स टीचर बोले- 1.5 घंटे में आग पर काबू पाया गया**

स्पोर्ट्स टीचर चौधरी अजीत सिंह ने बताया- जैसे ही हमें होटल में आग लगने की जानकारी मिली, हम तुरंत मौके पर पहुंच गए। हमारे साथ स्थानीय लोग भी आग बुझाने में जुट गए। धुएं का घना गुबार होने की वजह से कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। हालांकि, 1.5 घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

वहीं, एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- जैसे ही मैंने होटल में आग लगती देखी, तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद हम लोग भी आग बुझाने में जुट गए। साथ ही अंदर फंसे 2 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

होटल मालिक सुभाष अग्रवाल के समधी हरिमोहन के बेटे विनीत की तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। वहीं, आग से 3 लोग झुलस गए। इनमें 2 बच्चे कार्तिक, समर और 1 महिला जिया शामिल है।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया- रुक्मिणी विहार स्थित सिद्धि विनायक होटल में उद्घाटन के दिन शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में होटल मालिक के परिवार के 3 लोग झुलस गए। हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने अंदर फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

# सरकार ने संसद में साफ की तस्वीर

## रिपोर्ट के लिए 18 महीने का समय, कर्मचारी संगठन बना रहे दबाव

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए लंबे समय से चर्चा का विषय रहे आठवें वेतन आयोग पर सरकार ने संसद में स्थिति साफ कर दी है। राज्यसभा में एक लिखित जवाब में वित्त मंत्रालय ने बताया है कि आयोग का गठन औपचारिक रूप से किया जा चुका है। आयोग को अपनी सिफारिशें सौंपने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है। सरकार की ओर से यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है जब कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को लेकर लामबंद हो रहे हैं और 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी दे चुके हैं।

**आयोग की सिफारिशें 2027 तक आने की उम्मीद**

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद को बताया कि आठवें वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना 3 नवंबर 2025 को जारी कर दी गई थी। सरकार के मुताबिक, आयोग को अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए डेढ़ साल (18 महीने) का वक्त दिया गया है। मौजूदा समय-सीमा के अनुसार, आयोग की सिफारिशें साल 2027 तक आने की संभावना है।




**बजटीय बोझ पर सरकार का क्या रुख है?**

संसद में यह सवाल भी प्रमुखता से उठा कि नए वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने से सरकारी खजाने पर कितना अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस पर वित्त मंत्रालय ने साफ-साफ कहा है कि फिलहाल लागत के किसी आंकड़े का सटीक आकलन करना संभव नहीं है।

सरकार का कहना है कि आयोग की फाइनल रिपोर्ट आने और उसकी सिफारिशों को स्वीकार किए जाने के बाद ही वास्तविक वित्तीय प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकेगा। यानी, आठवें वेतन आयोग के लिए बजटीय प्रावधान रिपोर्ट जमा होने के बाद ही तय किए जाएंगे।

एक तरफ जहां सरकार ने प्रक्रियात्मक जानकारी दी है, वहीं दूसरी तरफ कर्मचारी संगठनों ने दबाव बढ़ा दिया है। 'कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉइज एंड वर्कर्स' (सीसीजीईडब्ल्यू) ने 12 फरवरी 2026 को एक दिन की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

**संगठन की प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं:**

अंतरिम राहत: 20% की तत्काल अंतरिम राहत

महंगाई भत्ता: 50% डीए (डीए) का मूल वेतन में विलय।

पुरानी पेंशन: नई पेंशन योजना (एनपीएस) को खत्म कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली।

आठवें वेतन आयोग पर सरकार का संसद में दिया गया सरकार का जवाब बताता है कि प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन सिफारिशों के लिए 2027 तक का इंतजार करना होगा।

# होली से पहले किसानों को एकमुश्त मिलेगा धान का पैसा

## साय कैबिनेट का फैसला, 25 लाख किसानों को 10 हजार करोड़ भुगतान करेगी सरकार

रायपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किसानों के हित में निर्णय लिया गया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किया जाएगा।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। कृषक उन्नति योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार धान के मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान करेगी। लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली पर्व से पहले एकमुश्त किया जाएगा।

बता दें कि पिछले 2 सालों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

इस साल होली से पहले किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी।

## युवक को मारी गोली, मौत

जमशेदपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर के गोलमुरी थाना से सटे प्ले ग्राउंड में बुधवार को एक युवक कन्हैया यादव को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। इस घटना में कन्हैया यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। कन्हैया यादव के साथ मौजूद रंजीत शर्मा ने बताया कि वे रोज की तरह पार्क से टहल कर निकल रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे तीन अपराधियों ने कन्हैया यादव पर फायरिंग कर दी।

# भूपेश बोले- हिमंता पहले संपत्ति की जांच कराएं, फिर केस करें

रायपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ 500 करोड़ का मानहानि केस किया है। इनके साथ कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह और गौरव गोगोई का नाम भी शामिल है। यह मामला एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लगाए गए '12,000 बीघा जमीन' के कथित आरोपों से जुड़ा है। दरअसल, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि, भूपेश बघेल और अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनके खिलाफ जानबूझकर गलत और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए। जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है। इसलिए उन्होंने अदालत में सिविल और क्रिमिनल मानहानि का केस दर्ज कराया है।

वहीं भूपेश बघेल ने पलटवार किया है, उनके मुताबिक हेमंत बिस्वा सरमा को पहले यह बताना चाहिए कि क्या 12,000 बीघा जमीन पर अतिक्रमण है? गौरव गोगोई ने यही सवाल उठाया है। केस दर्ज करने के बजाय उन्हें एक समिति गठित करके संपत्ति की जांच करानी चाहिए थी।

हिमंता बिस्वा सरमा के अनुसार, 9 फरवरी 2026 को भूपेश बघेल सहित कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने कहा कि, राजनीतिक असहमति अलग बात है, लेकिन सार्वजनिक मंच से निराधार आरोप लगाना कानून के दायरे में आता है।

सीएम सरमा का आरोप है कि, कांग्रेस नेताओं, खासकर भूपेश बघेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उनके खिलाफ ऐसे बयान दिए जो पूरी तरह झूठे और तथ्यहीन हैं। इसी को लेकर उन्होंने सीधे कोर्ट का रुख किया।

बता दें कि, मामला 4 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता से शुरू हुई। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया था कि पार्टी की आंतरिक जांच में यह सामने आया है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने राज्य भर में लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है।

## 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

लातेहार, 11 फरवरी (एजेंसियां)। लातेहार पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी आदेश गंझू समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आदेश गंझू पर विभिन्न थानों में कुल 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं और सरकार ने उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। यह गिरफ्तारी बनवार गांव के पकरुवा जंगल से हुई। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में आदेश गंझू (पिता जगतु गंझू, होंहे, टंडवा, चतरा), उज्जवल कुमार और सुभाष कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 35 जिंदा गोलियां, दो मोबाइल फोन, टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के पर्चे, दस्तावेज, एक डायरी और दो बाइक बरामद की है।

# गीजर की गैस से पति-पत्नी और बेटे की मौत

## कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस से गई जान, चार दिन पहले सऊदी से सूरत लौटा था परिवार

सूरत, 11 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत शहर में सोमवार-मंगलवार की रात पति-पत्नी और बेटे की नींद में ही मौत हो गई थी। प्राथमिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला है कि तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से हुई थी। पुलिस की जांच में भी सामने आया है कि घर में लगा गीजर रात भर से चालू था।

हालांकि मौतों का सटीक कारण पता करने के लिए शव से ब्लड और विसरा लेकर एफएसएल भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

**चार दिन पहले ही सऊदी से सूरत लौटा था परिवार**

सोमवार की रात 40 वर्षीय सैयद फैज युसूफ अहमद, उनकी पत्नी मुबीना सैयद (36) और बेटा नोमान (12) घर में सो रहे थे। घटना का पता तब चला, जब सुबह सैयद का भाई उस्मान इनके घर पहुंचा। दरवाजा अंदर से बंद था।

काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उसे तोड़ दिया गया। अंदर तीनों के शव पड़े थे। परिवार की 14 वर्षीय बेटी फरहीन दादी के यहां थी, इसलिए उसकी जान बच गई। परिवार चार दिन पहले ही सऊदी अरब की धार्मिक यात्रा से लौटा था।



**रात में गीजर चलता छोड़ा, वेंटिलेशन नहीं होने से फैली गैस**

घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी राघव जैन, लालगेट पुलिस थाना के पीआई, अन्य पुलिसकर्मी और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में तीनों के मुंह से झाग निकलता देख पहले जहर के सेवन की आशंका जताई गई और आत्महत्या के पहलू को खंगाला गया। उसके बाद तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्मीमेर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम की प्राथमिक रिपोर्ट में पता चला कि कार्बन मोनोऑक्साइड गैस सांस के जरिए शरीर में चली गई, जिससे दम घुटने से तीनों की नींद में ही मौत हो गई।

**वेंटिलेशन न हो तो 10-20 मिनट में ही जान जा सकती है**

एक सामान्य बंद कमरे में यदि गैस गीजर या कोई ईंधन जलाने वाला उपकरण चालू हो और वेंटिलेशन नहीं है, तो 10-20 मिनट में ऑक्सीजन घटने लगती है और कार्बन मोनोऑक्साइड भर जाती है। सीओ खून में ऑक्सीजन की जगह ले लेती है, जिससे व्यक्ति को सांस ही नहीं मिलती।

30-60 मिनट में बेहोशी और 1-2 घंटे में मौत हो सकती है। कार्बन मोनोऑक्साइड से सिरदर्द, चक्कर, उल्टी, नींद और बेहोशी होती है। कई मामलों में नींद में ही दम घुट जाता है। बचाव के लिए जरूरी है कि बाथरूम में गैस गीजर न लगाएं या वेंटिलेशन हो तो लगाएं।

# अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

कोडरमा, 11 फरवरी (एजेंसियां)। कोडरमा जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र में एक अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। चंदवारा पश्चिमी पंचायत के मोहगांव स्थित भुइयां टोला में एक मुर्गी फार्म के बगल के मकान में यह फैक्ट्री संचालित हो रही थी। चंदवारा पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

यह मकान चंदवारा निवासी पीयूष पांडेय का बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नकली शराब, शराब बनाने में



प्रयुक्त होने वाले केमिकल, खाली बोतलें, ढक्कन और झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग के स्टीकर बरामद किए हैं।

कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को मोहगांव क्षेत्र में नकली शराब फैक्ट्री चलने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद चंदवारा थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें तकनीकी शाखा के जवान भी शामिल थे। बुधवार दोपहर करीब दो बजे टीम ने मोहगांव गांव के भुइयां टोला स्थित मकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान एक पुराने मकान में चल रही मिनी शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। छापेमारी के बाद चंदवारा पुलिस बरामद की गई सभी शराब की बोतलें और उपकरण लेकर थाने पहुंची। पुलिस फिलहाल इस मामले में अधिक जानकारी देने से बच रही है। बताया गया है कि इस मिनी फैक्ट्री में आठ अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब तैयार की जाती थी। पुलिस अब इस मामले के मुख्य सरगना की तलाश कर रही है।



# सेंसेक्स 40 अंक गिरकर 84,234 पर बंद; निफ्टी 19 अंक चढ़ा

मुंबई, 11 फरवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आज यानी 11 फरवरी को फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 40 अंक की गिरावट के साथ 84,234 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 19 अंक की बढ़त रही, ये 25,954 पर बंद हुआ। आज ऑटो और हेल्थकेयर शेयर्स में बढ़त रही। वहीं आईटी और प्राइवेट बैंकों के शेयर्स में गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 गिरकर बंद हुए। वहीं निफ्टी-50 शेयरों में से 26 में बिकवाली रही। इससे पहले कल यानी 10 फरवरी को बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स करीब 208 अंक की तेजी के साथ 84,274 पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी में 68 की अंक बढ़त रही, ये 25,935 पर कारोबार कर रहा है। वहीं आज ऑटो, आईटी और मीडिया शेयर्स में बढ़त रही है।

# जिस डेटा से दुनिया में है हलचल भारत ने उसे बनाया हथियार

## > वैश्विक बाजार में किया चमत्कार




नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)।बढ़ती बेरोजगारी को लेकर अमेरिका जैसे सुपरपावर देश के सामने भी चुनौतियां बनी हुई हैं. वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में अमेरिका की बेरोजगारी दर करीब 4.3 से 4.6 प्रतिशत के बीच बनी हुई है, जो अक्टूबर 2021 के बाद का उच्चतम स्तर माना जा रहा है.

हालांकि यह दर अमेरिका के ऐतिहासिक औसत 4-5 प्रतिशत के आसपास ही है, इसलिए इसे बहुत गंभीर संकट की स्थिति नहीं कहा जा सकता. श्रम बाजार में यह दर समय-समय पर थोड़ी ऊपर-नीचे होती रहती है, लेकिन फिलहाल इसे अपेक्षाकृत स्थिर माना जा रहा है. वहीं भारत के लिए हालिया आंकड़े कुछ राहत लेकर आए हैं. साल 2025 की अंतिम तिमाही में देश की बेरोजगारी दर में गिरावट दर्ज की गई है. सितंबर तिमाही में जहां बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत थी, वहीं दिसंबर तिमाही में यह घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई. यह गिरावट संकेत देती है कि श्रम बाजार में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। भारतीय सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट (अक्टूबर–दिसंबर 2025) के अनुसार, लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफपीआर) में बढ़ोतरी हुई है, यानी अधिक लोग रोजगार की तलाश या रोजगार में शामिल हो रहे हैं. हालांकि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में वेतनभोगी (रेगुलर) नौकरियों का प्रतिशत घटकर 24.9 प्रतिशत रह गया है।

# भारत-यूएस ट्रेड डील में भारत को और राहत

# व्हाइट हाउस ने संशोधित फैक्ट शीट से 'दालों' का जिक्र हटाया



वाशिंगटन, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने अंतरिम व्यापार समझौते पर जारी संशोधित दस्तावेज में उन अमेरिकी उत्पादों की सूची से 'दालों' का जिक्र हटा दिया है जिन पर भारत के शुल्क समाप्त करने या कम किए जाने की बात कही गई थी। व्हाइट हाउस ने 'अमेरिका और भारत ने की ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा' शीर्षक से एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) सोमवार को जारी किया था।

भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने इसे जारी किया। इसमें समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है जैसे कि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, 'कुछ दालें', सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। इसमें साथ ही यह कहा गया था कि भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। व्हाइट हाउस ने हालांकि मंगलवार को जारी संशोधित दस्तावेज (फैक्ट शीट) में 'दालों' का जिक्र हटा दिया और भारत के लिए प्रयुक्त शब्द प्रतिबद्ध" को बदलकर 'इरादा रखता है' (इंटेंड्स) कर दिया गया है। संशोधित दस्तावेज में कहा गया है, भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं व अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त या कम करेगा जिनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजी), रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे व प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन तथा स्पिरिट और अन्य उत्पाद शामिल हैं। इसमें कहा गया है, 'भारत अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने और 500 अरब डॉलर से अधिक की अमेरिकी ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कोयला और अन्य उत्पादों की खरीद का इरादा रखता है।' व्यापार समझौते पर पिछले सप्ताह जारी संयुक्त बयान में उन वस्तुओं की सूची में 'दालों' का कोई उल्लेख नहीं था जिनपर भारत द्वारा अमेरिकी उत्पादों के लिए शुल्क समाप्त या कम किए जाने की बात कही गई थी।

संयुक्त बयान में कहा गया था, 'भारत अगले पांच वर्ष में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान एवं उसके कलपुर्जे, बहुमूल्य धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा रखता है।' यह संयुक्त बयान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद आया। बातचीत के दौरान 'दोनों नेताओं ने पारस्परिक व्यापार पर अंतरिम समझौते के ढांचे पर सहमति जताई और व्यापक अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ताओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई थी।'

## महिला नेता की बात से नाराज होकर ट्रंप ने स्विट्जरलैंड देश पर लगाया 40 फीसदी टैरिफ

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्विट्जरलैंड पर लगाए गए टैरिफ बढ़ाने के फैसले को लेकर खुलकर अपनी बात रखी है।

उन्होंने कहा कि स्विस नेतृत्व के साथ बातचीत के दौरान जिस तरह उनसे बात की गई, वह उन्हें पसंद नहीं आया, जिसके बाद उन्होंने टैरिफ दर बढ़ाने का फैसला किया। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने स्विस फेडरल काउंसिल की सदस्य कैरिन कैलर सटर से हुई फोन बातचीत का जिक्र किया। ट्रंप के मुताबिक, उन्होंने पहले स्विट्जरलैंड पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसे वह काफी कम बता रहे थे।

## दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | | लग्नारभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | मकर | मे | मकर... | 05-00 बजे |
| चंद्र | वृश्चिक | मे | कुंभ.... | 06-50 बजे |
| मंगल | मकर | मे | मीन.... | 08-29 बजे |
| बुध | कुंभ | मे | मेष..... | 10-05 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | वृष.... | 11-49 बजे |
| शुक्र | कुंभ | मे | मिथुन.. | 13-49 बजे |
| शनि | मीन | मे | कर्क... | 16-02 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | सिंह--- | 18-14 बजे |
| केतु | सिंह | मे | कन्या-- | 20-21 बजे |
| | | | तुला---- | 22-26 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 00-36 बजे |
| | | | धनु..... | 02-49 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874 सूर्योदय 06-47
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष, सूर्यास्त. 18-12
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन कृष्ण पक्ष गुरुवार 12 February 2026
तिथि - दशमी 12-22 तक उपरान्त एकादशी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 13-42 तक उप मूल
योग - हर्षण 03-05 रात तक उप. वज्र
करण - विष्टी ( भद्रा) 12-22 तक बव

**कुंभ मे अर्क रात्री 04-10 से**

**भद्राकाल 12-22 तक**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 13-57 से 15-23 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| शुभ 06-47 - 08-12 शुभ | अमृत 18-12 - 19-49 शुभ |
| रोग 08-12 - 09-38 अशुभ | चंचल 19-49 - 21-23 शुभ |
| उत्पात 09-38 - 11-04 अशुभ | रोग 20-23 - 22-57 अशुभ |
| चंचल 11-04 - 12-30 शुभ | काल 22-57 - 00-30 अशुभ |
| लाभ 12-30 - 13-57 शुभ | लाभ 00-30 - 02-04 शुभ |
| अमृत 13-57 - 15-23 शुभ | उत्पात 02-04 - 03-38 अशुभ |
| काल 15-23 - 16-49 अशुभ | शुभ. 03-38 - 05-11 शुभ |
| शुभ 16-49 - 18-12 शुभ | अमृत 05-11 - 06-47 शुभ |

# चांदी 13 दिन में 1.27 लाख रुपये सस्ती 2.58 लाख रुपये प्रति किलो पर आई

## सोना 20,008 रुपये गिरकर 1.56 लाख रुपये पर आया



नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में लगातार दो दिन की बढ़त के बाद आज 11 फरवरी को गिरावट है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, चांदी की कीमत 1,009 रुपए गिरकर 2,58,091 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2,59,100 रुपए किलो थी। वहीं, ये अपने ऑल टाइम हाई से 1,27,842 रुपए सस्ती हो चुकी है। 29 जनवरी को चांदी की म त 3,85,933 रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 142 रुपए घटकर 1,56,113 रुपए पर आ गई है। इससे पहले 10 फरवरी को इसके दाम 1,56,255 रुपए प्रति 10 ग्राम थे। सोना भी अपने ऑल टाइम से 20,008 रुपए सस्ता हो चुका है। इसकी कीमत भी 29 जनवरी को 1,76,121 के अपने सबस ऊपरी स्तर पर थी।

# भारत-ईयू एफटीए एक साल में लागू करने का लक्ष्य

## वाणिज्य सचिव ने अमेरिका के साथ हुए समझौते पर कहा

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हो रहे मुक्त व्यापार समझौते को बहुत तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने यह बात जर्मनी के नूर्नबर्ग में आयोजित जैविक उत्पादों की दुनिया की प्रमुख प्रदर्शनी बॉयोफाक 2026 के दौरान कही। अग्रवाल ने भरोसा जताया कि यह समझौता अधिकतम एक वर्ष के भीतर लागू हो सकता है।

समझौते को लेकर भारत और यूरोप में सकारात्मक माहौल

अग्रवाल ने कहा कि इस समझौते को लेकर भारत और यूरोप दोनों में सकारात्मक माहौल है। जिससे भी बातचीत हुई, सभी इस एफटीए को लेकर उत्साहित हैं। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए नए अवसर खोलेगा।

> भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। व्यापार समझौतों में भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों की हमेशा रक्षा की है। अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते में भी किसानों, मछुआरों और डेयरी जैसे क्षेत्रों को सुरक्षित रखा गया है।
>
> - राजेश अग्रवाल, वाणिज्य सचिव



**केवल व्यापार तक सीमित असर नहीं**

उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका असर केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दोनों पक्षों के बीच निवेश भी बढ़ेगा। बर्लिन में जर्मनी के कृषि मंत्री समेत यूरोपीय प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठकों में इस बात पर चर्चा हुई कि भारत और ईयू की ताकतों को कैसे जोड़ा जाए। अग्रवाल ने कहा कि यूरोप की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलकर विश्वस्तरीय सप्लाई चेन और वैश्विक मूल्य श्रृंखला तैयार कर सकती हैं, जो भारत और यूरोप के साथ-साथ वैश्विक बाजार को भी सेवा देंगी।

समझौते की समयसीमा पर उन्होंने बताया कि आमतौर पर ऐसे समझौतों में कानूनी समीक्षा और यूरोप की सभी भाषाओं में अनुवाद जैसी प्रक्रियाएं समय लेती हैं। फिर भी दोनों पक्ष प्रक्रिया को तेज करने में जुटे हैं और अगले एक वर्ष के भीतर इसे लागू करने का लक्ष्य है। साथ ही उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भी अहम बात कही। अग्रवाल ने बताया कि भारत ने व्यापार समझौतों में संवेदनशील क्षेत्रों की हमेशा रक्षा की है और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते में भी किसानों, मछुआरों और डेयरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सुरक्षित रखा गया है।

उन्होंने बताया कि भारत सभी व्यापार समझौतों में स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ बातचीत करता है। जिन क्षेत्रों को देश के लिए अत्यंत संवेदनशील माना जाता है, उन्हें बाजार पहुंच देने के मामले में भारत ने अपने साझेदार देशों को साफ संकेत दिया है कि ऐसे सेक्टर पूरी तरह नहीं खोले जा सकते।

# 24 लाख इनकम टैक्स रिटर्न 90 दिनों से पेंडिंग

## लोगों का रिफंड अटका; 4 वजहें हो सकती है; अब तक 8.80 करोड़ आईटीआर फाइल हुए

मुंबई, 11 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद में बताया कि 4 फरवरी 2026 तक कुल 8.80 करोड़ रिटर्न फाइल किए गए थे। इनमें से करीब 24.64 लाख रिटर्न अब तक प्रोसेस नहीं हो सके हैं। टैक्स विभाग के मुताबिक, रिटर्न प्रोसेस होने में देरी का मतलब यह नहीं है कि आपके फॉर्म में कोई गड़बड़ी ही हो। अगर रिटर्न फाइल करने के बाद ई-वेरिफाई नहीं किया है, तो प्रोसेसिंग शुरू नहीं होगी।

बताई गई आय और विभाग के पास मौजूद डेटा (जैसे एआईएस या फॉर्म 26एएस) में अंतर। बैंक अकाउंट वैलिडेट न होना या अन्य तकनीकी जांच पेंडिंग होना। विभाग के पास एक साथ बड़ी संख्या में रिटर्न आने के कारण भी समय लग सकता है। टैक्स विभाग रिफंड तभी जारी करता है जब आईटीआर प्रोसेस हो जाता है। चूंकि 24 लाख से ज्यादा रिटर्न पेंडिंग हैं, इसलिए इन टैक्सपेयर्स के रिफंड भी अटके हुए हैं। अगर आपका रिटर्न प्रोसेस हो गया है लेकिन रिफंड नहीं आया, तो आपको अपना 'बैंक अकाउंट वैलिडेशन' स्टेटस चेक करना चाहिए।

## भारत के साथ ट्रेड डील से अमेरिकी मछुआरों को होगा नुकसान : रिपब्लिकन क्ले हिगिंस

वाशिंगटन, 11 फरवरी (एजेंसियां)। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के बाद लुइसियाना के एक रिपब्लिकन कांग्रेसी क्ले हिगिंस ने अमेरिकी श्रिम्पर्स (झींगा मछली) पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इंडियन सीफूड पर कम टैरिफ से घरेलू उद्योग को नुकसान हो सकता है। रिपब्लिकन सदस्य क्ले हिगिंस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि वह ट्रेड को फिर से बैलेंस करने की कोशिशों का समर्थन करते हैं, लेकिन उन्होंने गल्फ कोस्ट के मछुआरों पर पड़ने वाले नतीजों को लेकर चिंता जताई। हिगिंस ने पत्र में लिखा, मैं हाल में हुए अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की रूपरेखा और अमेरिका के पक्ष में ट्रेड को फिर से बैलेंस करने के बड़े लक्ष्य को सुरक्षित करने में आपके नेतृत्व की प्रशंसा करता हूं, लेकिन मैं हमारे घरेलू श्रिम्पर्स और मछुआरों पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित हूं।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज आपका नेतृत्व सबसे अलग है, लेकिन आप कार्यस्थल पर दूसरों से थोड़ा दूर महसूस कर सकते हैं। अपने शब्दों से सावधान रहें, क्योंकि ईमानदारी तनाव पैदा कर सकती है। अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें और जल्दबाजी से बचें। मजबूत ऊर्जा और तेज सोच आपको साहसिक समाधान खोजने में मदद करती है।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आपका करियर और पढ़ाई आपको पतली रस्सी पर चलने जैसा लग सकता है। आत्मविश्वास आपको आगे बढ़ाता है, लेकिन बदलते मूड आपके ध्यान को भटका सकते हैं। आप कमियाँ जल्दी पहचान लेते हैं, इसलिए शब्दों का चुनाव सोच-समझकर करें। अवसरों का लाभ उठाएँ, लेकिन चिड़चिड़ापन हावी न होने दें।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आज आपका कार्य जीवन तनावपूर्ण लग सकता है। सिंह राशि में सूर्य आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है, लेकिन मकर राशि में चंद्रमा आपको जमीन से जुड़े रहने की याद दिलाता है। चंद्रमा वर्ग मंगल के कारण आवेगपूर्ण निर्णय हो सकते हैं, इसलिए प्रतिक्रिया करने से पहले रुकें। शनि का विरोध करने वाला मंगल अधिकार के साथ तनाव का संकेत देता है।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपके करियर और पढ़ाई को आत्मविश्वासी मानसिकता और मज़बूत आत्म-अभिव्यक्ति से फ़ायदा मिलता है। आप मुश्किल परिस्थितियों में भी शांत रहते हैं, अपने आस-पास के प्रभावशाली लोगों से समर्थन प्राप्त करते हैं। सार्थक संबंध और दिल से संवाद करने से टीम वर्क बढ़ता है। खुद को ज़्यादा आगे बढ़ाने या बड़े वादे करने से सावधान रहें।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आज, आपका देखभाल करने वाला स्वभाव कार्यस्थल पर उभरकर सामने आ सकता है, जिससे दूसरों को समर्थन और मूल्यवान महसूस होगा। नए, आविष्कारशील विचार सामने आने की संभावना है, जिससे आपको अंतर्ज्ञान को रचनात्मकता के साथ मिलाने में मदद मिलेगी। यह संतुलन आपकी पढ़ाई या करियर के लक्ष्यों में वास्तविक प्रगति की ओर ले जा सकता है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आपके साहसिक विचार और विस्तार पर ध्यान सफलता के लिए मंच तैयार करते हैं। आपमें रचनात्मक चिंगारी महसूस हो सकती है और प्रभावशाली लोगों के साथ काम करने के अवसर मिल सकते हैं। एकांत में रहने से स्पष्टता आ सकती है, लेकिन दुर्घटनाओं से बचने के लिए सावधान रहें। महत्वपूर्ण कार्यों को सटीकता और आत्मविश्वास के साथ पूरा करने के लिए अपनी ऊर्जा को बुद्धिमानी से लगाएं।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आपकी महत्वाकांक्षा प्रबल है, और आप ध्यान केंद्रित करके कार्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित हैं। अपने कार्य जीवन में संतुलन बनाए रखें और किसी भी तनाव को धैर्य के साथ संभालें। आज के ज्वलंत अनुभव आपके आत्मविश्वास को चुनौती दे सकते हैं, लेकिन विचारशील प्रयास इसे बहाल कर सकते हैं। सेवा या समर्पण के कार्य आंतरिक संदेह को कम कर सकते हैं और प्रेरणा को बढ़ा सकते हैं।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आप एक शांतिपूर्ण मानसिक स्थिति में हैं और आज अपने काम पर ध्यान केंद्रित करना आसान रहेगा । आज अपने करियर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेने में आप सक्षम होंगे , लेकिन अपने वरिष्ठ अधिकारियों से समर्थन की कमी की वजह से आप थोड़ा पीछे हटने को मजबूर होंगे इसलिए आप उन्हें मनाने के लिए प्रयास करें ताकि सब अच्छी तरह से पूर्ण हो और आप ख्याति एवं धन प्राप्ति की तरफ अग्रसर हो ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
भावनात्मक ध्यान तेज होता है, जिससे आपको कार्यस्थल में सूक्ष्म बदलावों और गतिशीलता को समझने में मदद मिलती है। एक आंतरिक जागरूकता आपको अपनी भावनाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने के लिए प्रेरित करेगी। संरेखित सोच और भावना आपको जानकारी को आसानी से आत्मसात करने और स्पष्टता और भावनात्मक जागरूकता के साथ खुद को व्यक्त करने में मदद करती है।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आप मजबूत ऊर्जा और नए विचारों से प्रेरित होकर काम पर बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं। लापरवाह गलतियों से बचने के लिए सतर्क रहें और अकेलेपन की किसी भी भावना को संतुलित करने का प्रयास करें। मूड स्विंग आपके ध्यान को प्रभावित कर सकता है, इसलिए अपनी सेहत का ख्याल रखें।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आपका आत्मविश्वास और करिश्मा काम के दरवाज़े खोलता है। अपने तरीकों का मूल्यांकन करने और उत्पादकता में सुधार करने के लिए समय निकालें। भावनात्मक तरंगें आपके संतुलन को चुनौती दे सकती हैं, इसलिए गर्व के साथ प्रतिक्रिया करने से बचें। प्रेरणा का एक नया विस्फोट आपको ऊर्जा और उद्देश्य के साथ कार्यों को पूरा करने में मदद करता है।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आप पेशेवर बातचीत में अपनी गहरी उपस्थिति दर्ज कराते हैं, जिसका मार्गदर्शन तीव्र अंतर्ज्ञान द्वारा होता है। रचनात्मक प्रतिभाएँ आपके काम को निखारती हैं, खासकर कलात्मक कार्यों में। महिलाओं के साथ मधुर संबंध टीम वर्क को बढ़ावा देते हैं। भावनात्मक उतार-चढ़ाव और अतिशयोक्ति से सावधान रहें।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# अकासा एयर को बड़ा झटका : को-फाउंडर प्रवीण अय्यर का इस्तीफा

## अब आनंद श्रीनिवासन संभालेंगे ये कमान




चीफ कमर्शियल ऑफिसर प्रवीण अय्यर

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। देश के एविएशन सेक्टर में एक बड़े बदलाव की खबर है। अकासा एयर के शीर्ष प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव हुआ है। कंपनी के को-फाउंडर (सह-संस्थापक) और चीफ कमर्शियल ऑफिसर प्रवीण अय्यर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तीन साल पुरानी इस एयरलाइन के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले भी एक अन्य को-फाउंडर कंपनी छोड़ चुके हैं। अय्यर ऐसे समय पर कंपनी छोड़ गए हैं, जब एयरलाइन विमानों की डिलीवरी में देरी के बाद अपनी विस्तार योजनाओं को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश में है।

**इस्तीफे के बाद नया नेतृत्व**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रवीण अय्यर अकासा एयर की फाउंडिंग टीम का अहम हिस्सा थे और एयरलाइन की एग्जीक्यूटिव कमिटी में भी शामिल थे। उनके इस्तीफे के बाद, कंपनी ने तत्काल प्रभाव से अपने मौजूदा चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर, आनंद श्रीनिवासन को नया कमर्शियल हेड नियुक्त किया है। हालांकि, इस खबर पर अभी तक एयरलाइन की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। प्रवीण अय्यर का इस्तीफा अकासा एयर के टॉप मैनेजमेंट से दूसरा हाई-प्रोफाइल एग्जिट है।

पिछला एग्जिटः पिछले साल एयरलाइन की एक और को-फाउंडर, नीलू खत्री, जो अंतरराष्ट्रीय परिचालन की प्रमुख थीं, ने भी कंपनी छोड़ दी थी।

स्थापनाः अकासा एयर ने अगस्त 2022 में अपनी उड़ानें शुरू की थीं और इसे अभी लगभग तीन साल ही हुए हैं। इतनी कम अवधि में को-फाउंडर स्तर के दो अधिकारियों का जाना कॉर्पोरेट गवर्नेंस और स्थिरता के लिहाज से अहम खबर है। अय्यर का इस्तीफा एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है। अकासा एयर इस समय 'बोइंग' से विमानों की डिलीवरी में देरी के कारण धीमी पड़ी अपनी ग्रोथ को फिर से तेज करने की कोशिश कर रही है।

**एयरलाइन की मौजूदा स्थिति और योजनाओं पर एक नजर:**

मार्केट शेयरः वर्तमान में घरेलू बाजार में अकासा एयर की हिस्सेदारी लगभग 5% है।

फ्लीट विस्तारः विमान निर्माता बोइंग द्वारा डिलीवरी में देरी के चलते एयरलाइन की वृद्धि कुछ समय के लिए सुस्त पड़ गई थी। हालांकि, इस साल कंपनी ने अब तक तीन नए विमानों को अपने बेड़े में शामिल किया है और वर्ष के अंत तक लगभग 12 और विमान जोड़ने की योजना है।

## 100 साल के लिए ले रही है गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट एआई की रेस में आगे रहने के लिए भारी-भरकम फंड जुटा रही है। इसके लिए कंपनी ने 100 साल की अवधि वाला अनोखा बॉण्ड जारी करने का फैसला किया है। पिछले 30 साल में ऐसा किसी टेक कंपनी द्वारा नहीं किया गया है। इससे पहले साल 1996 में आईबीएम ने ऐसा किया था। फाइनेंशल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह 100 साल वाला बॉण्ड अल्फाबेट द्वारा पाउंड में कर्ज जुटाने की पहली कोशिश का हिस्सा है। इसके साथ ही, कंपनी अमेरिकी डॉलर बॉण्ड के जरिए भी 20 अरब डॉलर जुटा रही है।

ब्लूमबर्ग के अनुसार, पहले कंपनी ने 15 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई थी। जब निवेशकों की तरफ से 100 अरब डॉलर से ज्यादा की डिमांड (ऑर्डर) आई, तो कंपनी ने कर्ज की रकम बढ़ा दी। इसके अलावा स्विस फ्रैंक में भी बॉण्ड लाने की तैयारी है। डॉलर वाले बॉण्ड को सात हिस्सों में बांटा गया है। इसमें सबसे लंबी अवधि का बॉण्ड 40 साल का है, जो 2066 में मैच्योर होगा। बाजार में इस कर्ज की बहुत ज्यादा मांग है, खासकर छोटे समय (3 साल) वाले बॉण्ड के लिए निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया।



# राजस्थान बजट 2026: एआई से बिजली की मॉनिटरिंग, तीन लाख नए पेयजल कनेक्शन; सेक्टर वाइज बजट में बड़ी घोषणाएं

जयपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, पेयजल, बिजली और शहरी विकास को प्राथमिकता दी है। सड़कों, ब्रिज, जल योजनाओं, सोलर पार्क, सिग्नल-फ्री शहरों और आवास निर्माण पर हजारों करोड़ रुपये खर्च कर प्रदेश के समग्र विकास की रूपरेखा तैयार की गई है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा सरकार का फोकस**

राजस्थान में सड़कों का ढांचा सुधारने के लिए सरकार 1800 करोड़ की लागत से नए ब्रिज और सड़ब बनाएगी। नॉ पैचेबल सड़कों के लिए 1400 करोड़, मिसिंग लिंक सड़कों के लिए 600 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अगले साल 250 अटल प्रगति पथ के 500 करोड़ के काम हाथ में लिए जाएंगे। बारिश से टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। एक्सीडेंट रोकने 100 करोड़ की लागत से 2000 कैमरे लगाए जाएंगे।

**पानी की समस्या से निपटने का प्लान**

राजस्थान की नई जल नीति लाई जाएगी। जलदाय विभाग में 3000 संविदा तकनीकी कर्मचारियों के पदों पर भर्ती होगी। सीएम जल जीवन मिशन योजना के तहत 6500 गांवों को शामिल कर हर घर नल से जोड़ा जाएगा। इस पर 4500 करोड़ खर्च होंगे। करीब 2300 करोड़ की लागत से शहरों में पेयजल की सुविधाएं विकसित होंगी। अगले साल 3 लाख नए पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे।

**एआई से होगी बिजली की मॉनिटिरिंग**

प्रदेश में 220 केवीए के 6 नए जीएसएस, , 132 केवी के 13 जीएसएस , 33 केवी के 110 नए जीएसएस बनाए जाएंगे। बीकानेर और जैसलमेर में 2950 करोड़ खर्च कर नए सोलर पार्क बनाए जाएंगे। बिजली सिस्टम की रीयल टाइम मॉनिटरिंग के लिए अजमेर डिस्काम सेटर को एआई से जोड़ा जाएगा

**सभी संभाग मुख्यालय होंगे सिग्नल फ्री**

बजट में सरकार ने घोषणा की है कि प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों को चरणबद्ध तरीके से सिग्नल फ्री बनाया जाएगा। विभिन्न विकास कार्यों पर जयपुर के लिए प्रस्तावित 1000 करोड़ रुपये को शामिल करते हुए कुल 2300 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। करीब 28 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए अनुदान दिया जाएगा। शहरी निकायों में 5000 से अधिक नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। अजमेर और जयपुर सहित अन्य शहरों में ड्रेनेज कार्यों पर 1020 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार करने के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने के लिए 93 फायर बाइक उपलब्ध कराई जाएंगी, जिस पर 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही, शहरी परिवहन को सुदृढ़ करने के लिए अर्बन ट्रांसपोर्ट फाइनेंस फंड का गठन किया जाएगा।

**जादुई पिटारे पर 323 करोड़ रुपए खर्च होंगे**

वित्त मंत्री ने कहा कि सभी स्कूलों में टॉयलेट बनाए जाएंगे। अगले साल 2500 से ज्यादा स्कूलों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए 500 करोड़ खर्च किए जाएंगे। साल 2500 से ज्यादा स्कूलों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए 500 करोड़ खर्च किए जाएंगे। 450 करोड़ की लागत से जर्जर स्कूलों के भवनों का निर्माण होगा।




स्कूली बच्चों को खेल किट और जादुई पिटारा देगी सरकार , 323 करोड़ का खर्च होगा।

**गंभीर मरीजों के इलाज के लिए नई योजनाओं की घोषणा**

राज्य सरकार ने गंभीर मरीजों और दुर्घटना के मामलों में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'राज सुरक्षा' नाम से नई योजना शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत एक्सीडेंट पीड़ितों को तुरंत इलाज मिल सके, इसके लिए प्रमुख हाईवे पर स्थित रेस्ट सेंटर्स पर एंबुलेंस तैनात की जाएंगी।

**मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष फोकस**

आत्महत्याओं की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 'राज ममता' नाम से नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में मेंटल हेल्थ का नया सेंटर खोला जाएगा। जिला अस्पतालों में मेंटल हेल्थ केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य और काउंसलिंग के लिए काउंसलर भेजे जाएंगे।

हर ग्राम पंचायत स्तर पर आरोग्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**चिकित्सा ढांचे का विस्तार**

जयपुर के जेके लॉन अस्पताल में 75 करोड़ रुपये की लागत से नया आईपीडी टॉवर बनाया जाएगा और नियोनेटल के लिए नया आईसीयू स्थापित किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग में 1000 नए पदों का सृजन किया जाएगा।

अस्पतालों में आग से जुड़ी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए फायर सेफ्टी उपकरणों पर 300 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**मरीजों और परिजनों के लिए सुविधाएं**

जयपुर, जोधपुर, बीकानेर सहित बड़े शहरों के अस्पतालों में मरीजों के अटेंडेंट के ठहरने के लिए धर्मशालाएं बनाई जाएंगी, जिन पर 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा, अस्पताल में मृत्यु होने की स्थिति में मृतक के पार्थिव शरीर को घर तक निःशुल्क पहुंचाने के लिए 'मोक्षवाहिनी योजना' शुरू की जाएगी।

**पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई बड़ी घोषणाएं**

राजस्थान में पर्यटन विकास को गति देने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। जैसलमेर से लेकर भरतपुर और शेखावाटी तक अलग-अलग क्षेत्रों में नए प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

जैसलमेर के खुड़ी क्षेत्र में अल्ट्रा लक्जरी स्पेशल जोन बनाया जाएगा। कुलधरा में स्पेशल सेंटर विकसित होगा। पश्चिमी राजस्थान के शहरों को जोड़कर 'थार सर्किट' बनाया जाएगा, जिससे रेगिस्तानी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। खाटू श्याम और पुष्कर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। त्योहारों के अवसर पर विशेष आरती कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिन पर 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भरतपुर में 100 करोड़ रुपये की लागत से बृज कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। शेखावाटी की हवेलियों के विकास और संरक्षण के लिए 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। झुंझुनूं में वॉर म्यूजियम की स्थापना होगी। लोकनृत्यों को बढ़ावा देने के लिए संभाग स्तर पर लोक नृत्य उत्सव आयोजित किए जाएंगे। महिला पर्यटकों की सुरक्षा के लिए महिला सुरक्षा कर्मियों और गाइड की नियुक्ति की जाएगी। इस पर 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए सीकर, झुंझुनूं और डीग में एयरपोर्ट बनाने के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी। सवाई माधोपुर और बांसवाड़ा में हवाई सेवाओं से संबंधित ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

**चार जिलों में नए एयरपोर्ट की प्लानिंग**

जैसलमेर के खुड़ी में अल्ट्रा लग्जरी टूरिज्म जोन विकसित किया जाएगा, जबकि कुलधरा में नया पर्यटन केंद्र स्थापित होगा। इसके साथ ही पश्चिमी रेगिस्तानी जिलों को जोड़ते हुए थार सांस्कृतिक सर्किट बनाया जाएगा, जिससे डेजर्ट टूरिज्म को नई पहचान मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भरतपुर में बृज कन्वेंशन सेंटर और झुंझुनूं में वॉर म्यूजियम स्थापित करने की घोषणा की। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के लिए 13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। देवस्थान विभाग की धर्मशालाओं की मरम्मत करवाई जाएगी। साथ ही देवस्थान विभाग की जमीनों पर बीओटी आधार पर नई धर्मशालाएं बनाई जाएंगी।

हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सीकर, झुंझुनूं, डीग और भरतपुर में नए एयरपोर्ट के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करवाई जाएगी। वहीं सवाई माधोपुर और बांसवाड़ा में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन खोले जाएंगे। डिजिटल सशक्तिकरण के तहत 25 हजार महिलाओं और युवाओं को मिनी ई-मित्र के रूप में अधिकृत किया जाएगा। साथ ही राज्य में नई आईटी पॉलिसी भी लागू की जाएगी।

## पाकिस्तान के ड्रोन से गिराई गई 2.25 किलो हेरोइन

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ से अधिक

बीकानेर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नशे की तस्करी की एक और बड़ी कोशिश को सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया। बीकानेर जिले के खाजूवाला सेक्टर में बीएसएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान 2 किलो 25 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह हेरोइन पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराई गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 10 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, बीएसएफ की इंटेलिजेंस इकाई को बुधवार सुबह विश्वसनीय सूचना मिली थी कि बॉर्डर के पास ड्रोन के माध्यम से नशीला पदार्थ गिराया गया है। सूचना के आधार पर बीएसएफ और खाजूवाला पुलिस ने तुरंत संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया। चक 1BM रोही क्षेत्र में सघन तलाशी के दौरान चार पैकेट में पैक की गई कुल 2.25 किलो हेरोइन बरामद की गई।

यह कार्रवाई सीमा पर ड्रोन आधारित तस्करी के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई को दर्शाती है। हाल के महीनों में पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा ड्रोन के माध्यम से हेरोइन जैसे मादक पदार्थ भारतीय क्षेत्र में पहुंचाने के प्रयास बढ़े हैं। हालांकि, बीएसएफ और स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी से ऐसी अधिकांश कोशिशें विफल की जा रही हैं।

## सीएम भजनलाल बोले, बजट खुशहाली का है गारंटी कार्ड

### सचिन पायलट ने कहा निराशाजनक

जयपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। सीएम भजनलाल शर्मा ने राजस्थान बजट 2026 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहाकि विकसित राजस्थान @2047 के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने वाला ऐतिहासिक बजट! आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार स्पष्ट विजन के साथ हर हाथ को काम, हर खेत को पानी और हर घर में खुशहाली लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**यह बजट सशक्तीकरण का नया मार्ग प्रशस्त करेगा**

सीएम भजनलाल ने कहाकि इसी संकल्प को साकार करने के लिए आज राजस्थान विधानसभा में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली का 'गारंटी कार्ड' है। यह बजट गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता के सशक्तीकरण का नया मार्ग प्रशस्त करेगा।





**पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी**

सीएम भजनलाल ने कहाकि बजट में प्रस्ताव से राज्य में विश्वस्तरीय सड़कों, सुदृढ़ कनेक्टिविटी और हमारी गौरवशाली संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

**बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का बनेगा आधार**

सीएम भजनलाल ने कहाकि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह सर्वस्पर्शी बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का आधार बनेगा। हम जन-जन की आकांक्षाओं को पूर्ण कर एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राजस्थान की नींव मजबूत कर रहे हैं। #बजटसमृद्धराजस्थान_का।

**राजस्थान बजट 2026 निराशाजनक - सचिन पायलट**

कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट ने राजस्थान बजट 2026 को निराशाजनक बताया है। बजट भाषण के बाद विधानसभा के बाहर कहा कि सरकार का आधा कार्यकाल पूरा हो गया, अब जनता भी नाउम्मीद हो चुकी है, बार-बार घोषणाएं करते हैं, लोग उम्मीद बांधकर रखते हैं, और बजट वाले दिन सारी उम्मीदें धराशायी हो जाती हैं।

## भीषण हादसा, 6 लोगों की मौत

### कार में बुरी तरह चिपक गए शव; हाईवे पर मची चीख-पुकार

दौसा, 11 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के दौसा जिले में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर कैलाई गांव के पास देर रात करीब 11 बजे हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार कार में सवार सभी लोग कालाखो के रहने वाले थे, जो एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी तरफ चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और कार सवार सभी लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 2 गंभीर घायलों में से एक युवक ने दौसा के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके अलावा एक युवक की जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से चल रहे ट्रेलर में घुस गई। ऐसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि युवक कार के अंदर बुरी तरह से फंस गए। ऐसे में मृतकों शवों और घायलों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रेलर में घुसी कार को क्रेन से अलग किया गया। कार सवार सभी युवक दौसा जिले के कालाखो गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान समय सिंह पुत्र राम सिंह योगी, लोकेश पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश पुत्र बनवारी योगी, मनीष पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित पुत्र लालाराम बैरवा और नवीन के रूप में हुई है।

## अजमेर कलक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

### पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप

अजमेर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। जिला कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद बुधवार को प्रशासन में हड़कंपमच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। कलक्ट्रेट परिसर को सुरक्षा घेरे में लेकर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। हालांकि कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। जिससे पुलिस व प्रशासन ने राहत की सांस ली।

सुबह 10 बजे अजमेर कलक्टर को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें कलक्ट्रेट परिसर को विस्फोट से उड़ाने की धमकी दी गई थी। ईमेल की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और तत्काल सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। एहतियातन कलेक्ट्रेट



परिसर को खाली करवाया गया तथा वहां मौजूद कर्मचारियों और आमजन को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर नरेन्द्र मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अजमेर ग्रामीण) दीपक कुमार शर्मा व सीओ नॉर्थ शिव जोशी के नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वॉड ने पूरे परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बरत रही हैं। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है।

जिला प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी है।

कलक्ट्रेट की न्याय शाखा में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी व कर्मचारी।

जन्मदिन समारोह के दौरान बंदूक से हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और विधिवत कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया है। वहीं अन्य दो लोगों की तलाश की जा रही है।

## बड़ा हादसा टला: रेलवे ट्रैक पर डाले सरिए

### ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकना पड़ा



अलवर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। राठ नगर के सामने रेलवे ट्रैक पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक पर सरिए डाल दिए। जब ये सरिए रेलगाड़ी से भिड़े, तो ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। इसके बाद आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

इस दौरान मालगाड़ी को 30 मिनट तक रोकना पड़ा। यह मालगाड़ी मथुरा से रेवाड़ी जा रही थी। रेलवे सूत्रों के अनुसार डबल फटक ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए दोनों तरफ सरिए लगाकर बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। काम खत्म होने के बाद मजदूर वहां से चले गए।

इसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने सरिए ट्रैक पर डाल दिए। जब मालगाड़ी यहां पहुंची, तो चालक को किसी वस्तु से भिड़ने की आवाज आने पर उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। संबंधित ठेकेदार व अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। ट्रैक पर सरिए किसने डाले इसका पता लगाया जा रहा है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार मालगाड़ी को करीब आधा घंटे के लिए रोका गया गया था। इसके बाद सरियों को वहां से हटाकर गाड़ी को रवाना किया गया। इस दौरान अन्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

## वंडर सीमेंट प्लांट में तोड़फोड़, अधिकारियों को पीटा

### मजदूर को सुपरवाइजर के थप्पड़ जड़ने के बाद भड़की भीड़, पुलिस पीछे हटी

जैसलमेर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। वंडर सीमेंट के प्लांट में मजदूरों ने जमकर तोड़फोड़ की। अधिकारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मजदूरों ने पुलिस को भी नहीं बख्शा। मजदूरों की भीड़ के आगे पुलिस वालों की एक न चली। हालात बेकाबू होते देख पुलिस पीछे हट गई। बाद में 4 थानों की फोर्स बुलानी पड़ी।

मामला जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 45 किमी दूर रामगढ़ थाना इलाके के पारेवर गांव का है। यहां वंडर सीमेंट का प्लांट है।

रामगढ़ थाना प्रभारी भुट्टा राम विश्नोई ने बताया बुधवार सुबह करीब 9 बजे सुपरवाइजर रोहित ने एक मजदूर को साइट पर जाने से रोका। वह पंजाब का रहने वाला है। मजदूर ने रोहित की बात मानने से इनकार कर दिया। रोहित ने सख्ती की तो मजदूर भी भड़क गया। दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि रोहित ने मजदूर को थप्पड़ जड़ दिए। इसी के बाद वहां मौजूद अन्य मजदूर भड़क गए।

उन्होंने रोहित को दौड़ा लिया। रोहित किसी तरह अपनी गाड़ी लेकर वहां से भाग निकला। इसके बाद मजदूरों का गुस्सा वहां मौजूद स्टाफ और प्लांट पर निकला। जो अधिकारी-स्टाफ मिला, उसकी धुनाई कर डाली। गाड्र्स के लिए बने केबिन, महंगी मशीनों में जमकर तोड़फोड़ की। कई अधिकारियों ने इधर-उधर छुपकर अपनी जान बचाई।

मजदूरों ने फैक्ट्री में तोड़फोड़ शुरू कर दी। वहां रखे सामान से लेकर विंडो के शीशे, दरवाजों को क्षतिग्रस्त कर दिए। रामगढ़ थाने की पुलिस पहुंची, पर भीड़ के आगे एक न चली। मजदूरों की भीड़ ने पुलिस वालों को भी दौड़ा लिया। उनके हाथ में लाठी-डंडे थे।

थाना प्रभारी ने बताया- मौके पर मजदूरों की संख्या बहुत अधिक थी। उनके आगे पुलिस की संख्या काफी कम थी। इसलिए सुरक्षा कारणों को देखते हुए पीछे हटना पड़ा।

इसके बाद हालात संभालने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। चार थानों की पुलिस पहुंची, तब जाकर मामला थोड़ा शांत हुआ। सदर थाना, सम थाना, रामगढ़ और कोतवाली के जवान और अधिकारी अब भी मुस्तैदी से घटनास्थल पर मोर्चा संभाले हुए हैं।

## एसीबी के जाल में फंसा पटवारी

### रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जोधपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में जोधपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक पटवारी को चार हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ब्यूरो की जोधपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी ने शिकायत की थी। इसमें उसने कहा था कि उसके खारिया मीठापुर, तहसील बिलाड़ा, जिला जोधपुर में खाते की जमीन है। परिवादी ने कहा कि उसकी दादी के नाम का संशोधन करने की एवज में हल्के का पटवारी रोहित कुमार पटवारी पांच हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है। इस पर सत्यापन के दौरान परिवादी से आरोपी की ओर से 5,000 रूपए रिश्वत राशि मांगना और परिवादी के कुछ कम करने की विनती करने पर 4,000 रूपए रिश्वत लेने के लिए सहमत होना पाया गया। शिकायत के आधार पर ब्यूरो की जोधपुर ग्रामीण इकाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में गठित ब्यूरो के दल ने सत्यापन के बाद जाल बिछाकर रोहित कुमार को परिवादी से चार हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

## 10 साल पुराने मर्डर केस में 23 लोगों को सजा : 12 को उम्रकैद, 11 को 7-7 साल की सजा; मर चुके तीन लोगों को भी दोषी माना

भरतपुर, 11 फरवरी (एजेंसियां)। अपर जिला एवं सेशन न्यायालय संख्या-3 ने दो परिवारों के 23 लोगों को दोषी ठहराते हुए पूर्व सरपंच समेत 12 को उम्रकैद और 11 को 7-7 साल की सजा सुनाई। मामले की सुनवाई के दौरान एक पक्ष के तीन आरोपियों की मौत हो चुकी थी। कोर्ट ने उन्हें भी दोषी माना। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में दोनों पक्षों के लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। अपर लोक अभियोजक धर्मेंद्र कुमार ने बताया - मामला 16 अगस्त 2015 का है। घटना चिकसाना थाना क्षेत्र के पीपला गांव की है।

पीपला गांव के रहने वाले दयाचंद ने चिकसाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका भतीजा राकेश गांव के बस स्टैंड पर खड़ा था। इसी दौरान चुनावी रंजिश में गांव के सरपंच सौदान सिंह ने परिवार के लोगों को साथ मिलकर राकेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब राकेश को बचाने उसके परिवार के लोग पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान पूर्व सरपंच सौदान सिंह ने राकेश को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें आईं। दयाचंद ने सौदान सिंह समेत 15 लोगों (गुलाब, मुकेश, होरीलाल, गुड्डू, करतार, चरण सिंह, ओमी, लाखन, भगवान सिंह, रघुवीर, महेश, खजान, भोजा, सौदान और राजू) के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद 15 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान भोजा, सौदान और राजू की मौत हो गई, लेकिन कोर्ट ने उन्हें भी दोषी माना। शेष 12 आरोपियों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। घटना के बाद दूसरे पक्ष के श्यामलाल ने भी 16 अगस्त को चिकसाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने आरोप लगाया था कि दयाचंद और उसके परिजनों ने उसके परिवार पर हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हुए। श्यामलाल ने 54 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई थी।

पुलिस जांच में 11 लोगों को आरोपी माना गया। इनमें तेजपाल, अटल बिहारी, तेजसिंह, टीकम, दयाचंद, रघुवीर, प्रभु, वीरेंद्र, चरण सिंह, दिनेश और नरेंद्र शामिल हैं। इनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने इन 11 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सभी को 7-7 साल के कारावास की सजा सुनाई। 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। करीब एक दशक तक चली सुनवाई के बाद आए इस फैसले से दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद का कानूनी पटाक्षेप हो गया।

## पानी पिलाने का बहाना कर बातों में उलझाया और छीन भागे महिला के कंगन व अंगूठी

हनुमानगढ़, 11 फरवरी (एजेंसियां)। टाउन में राजकीय प्राकृतिक चिकित्सालय के पास दिनदहाड़े दो अज्ञात युवक महिला के सोने के कंगन और अंगूठी छीनकर फरार हो गए। आरोपियों ने पानी पिलाने का बहाना कर महिलाओं को बातों में लगाया और फिर वारदात को अंजाम दिया। दिनदहाड़े इस तरह की वारदात के बाद नागरिकों में चिंता है। सूचना मिलने पर टाउन पुलिस मौके पर पहुंची तथा मुआयना किया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस संबंध में अज्ञात जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस के अनुसार सरोज गोयल (60) पत्नी प्रदीप गोयल निवासी वार्ड 21, नजदीक प्राकृतिक चिकित्सालय टाउन ने रिपोर्ट दी कि लगभग 10 बजे वह अपने पुत्र की गारमेंट्स की दुकान से घर लौट रही थी। रास्ते में दो युवक उसके पीछे-पीछे आने लगे। कुछ दूर चलने के बाद दोनों युवकों ने पानी पिलाने की बात कही।

# जीएचएमसी का विभाजन असंवैधानिक : किशन रेड्डी

## निकाय चुनावों में धमकियों और दबाव का आरोप



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। भारतीय जनता पार्टी के राज्य कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नगर निकाय चुनावों, मक्तल की घटना तथा ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के विभाजन पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मक्तल में भाजपा उम्मीदवार महादेवप्पा द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना अत्यंत दुखद है। आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नगर निकाय चुनावों में हार के डर से धमकियों और दबाव की राजनीति की। इस घटना पर दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की और प्रदेश अध्यक्ष श्री रामचंद्र राव से चर्चा कर विवरण लिया। किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्यभर में बूथ स्तर पर खुलेआम धन वितरण किया, यहां तक कि पुलिस की मौजूदगी में भी पैसे बांटे गए। कई शिकायतों के बावजूद राज्य निर्वाचन आयोग और पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों ही दल धनबल की राजनीति कर रहे हैं। जनता में कांग्रेस के प्रति असंतोष और बीआरएस के प्रति समर्थन की कमी स्पष्ट दिखी, जिसके चलते चुनावों को प्रभावित करने के लिए धन और दबाव का सहारा लिया गया। इसके बावजूद भाजपा को इन चुनावों में अच्छा जनसमर्थन मिला है। किशन रेड्डी ने ग्रेटर हैदराबाद को तीन नगर निगमों में विभाजित करने के निर्णय को असंवैधानिक और अव्यवस्थित बताया। उन्होंने कहा कि बिना जनमत संग्रह और समुचित योजना के यह निर्णय लिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सेंसस निदेशालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद, जिनमें 31 दिसंबर 2025 के बाद किसी प्रकार का प्रशासनिक पुनर्गठन न करने की बात कही गई थी, राज्य सरकार ने गजवेल, नलगोंडा और हैदराबाद में विभाजन कर नियमों का उल्लंघन किया। किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार 'आर-आर टैक्स' के नाम पर अत्यधिक वसूली कर रही है। भूमि पंजीकरण, एनओसी और अन्य अनुमतियों के लिए भी अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि जहां बेंगलुरु में 12 प्रतिशत वसूली होती है, वहीं तेलंगाना में 30 प्रतिशत तक वसूला जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंदर राव, राज्य महासचिव तूला वीरेंद्र गौड़, मुख्य प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी एन.वी. सुभाष, एसटी मोर्चा अध्यक्ष रवि नायक, वरिष्ठ नेता जी. वेंकट रेड्डी, सुनीता, रामकृष्ण सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## सीपीआई ने राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का समर्थन किया

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सीपीआई के राज्य सचिव एवं विधायक कूनमनेनी सांबशिव राव ने गुरुवार (12 फरवरी) को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत देशव्यापी आम हड़ताल को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्यभर में आयोजित बैठकों, रैलियों और प्रदर्शनों में सक्रिय रूप से भाग लेकर हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। एक बयान में सांबशिव राव ने कहा कि यह हड़ताल मौजूदा श्रम कानूनों को निरस्त कर उनकी जगह चार नए श्रम संहिताओं को लागू करने के विरोध में बुलाई गई है, जिनके बारे में उनका आरोप है कि वे कॉर्पोरेट हितों को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसने किसानों के लिए स्वामीनाथन आयोग की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संबंधी सिफारिशों को लागू नहीं किया और पूर्व के किसान आंदोलनों के दौरान किए गए वादों को भी पूरा नहीं किया। सीपीआई नेता ने आगे आरोप लगाया कि हाल के अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के माध्यम से केंद्र सरकार किसानों के हितों से समझौता कर रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण से राष्ट्रीय संपत्ति कॉर्पोरेट कंपनियों की ओर मोड़ी जा रही है। बढ़ते कर आम नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ डाल रहे हैं।

# तेलंगाना नगरपालिका चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न : डीजीपी

## बच्चों को दुलारते और पुचकारते दिखे पुलिसकर्मी

## वृद्धों के मतदान में पुलिसकर्मियों ने की सहायता








हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी. शिवधर रेड्डी ने दावा कि राज्य के सात नगर निगमों और 116 नगरपालिकाओं में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई है। बुधवार को अपने कार्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर से उन्होंने अतिरिक्त डीजीपी (कानून-व्यवस्था) महेश एम. भगवत के साथ राज्यभर में चल रही मतदान प्रक्रिया की वेबकास्टिंग प्रणाली के माध्यम से निगरानी की। विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में हो रहे मतदान को वेबकास्टिंग के जरिए सीधे देखते हुए उन्होंने समय-समय पर क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। इस अवसर पर चुनाव आयोग कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डीजीपी ने कहा कि वेबकास्टिंग प्रणाली के माध्यम से राज्य के सभी मतदान केंद्रों की स्थिति की निरंतर जानकारी मिलती रही।

कैमरों की निगरानी और पुलिस बल की तैनाती के कारण कानून-व्यवस्था की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने में पुलिस कर्मियों की प्रतिबद्धता के साथ-साथ आधुनिक वेबकास्टिंग तकनीक की सराहना की।डीजीपी ने बताया कि इन चुनावों के लिए तेलंगाना पुलिस ने अत्यंत सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की थी। राज्यभर में कुल 8,203 मतदान केंद्रों को कवर करते हुए व्यापक सुरक्षा प्रदान की गई। इनमें से 1,302 को अत्यंत संवेदनशील (हाइपर सेंसिटिव), 1,926 को संवेदनशील (सेंसिटिव) और 4,975 को सामान्य केंद्र के रूप में चिह्नित कर उनकी संवेदनशीलता के अनुसार बलों की तैनाती की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों से लगभग 3,000 अतिरिक्त बलों को भी तैनात किया गया, जिनमें टीजीएसपी, वन, आबकारी, सीआईडी और लीगल मेट्रोलॉजी विभाग शामिल हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के भीतर तथा अत्यंत संवेदनशील केंद्रों के बाहर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग सुनिश्चित की गई, जिससे चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता संभव हो सकी।

राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वृद्ध मतदाताओं को मतदान कराने में पुलिस कर्मियों ने सहयोग प्रदान किया। निजामाबाद में पुलिस आयुक्त पी. साई चैतन्य, नलगोंडा जिला एसपी शरत चंद्र पवार, वनपर्थी जिला एसपी सुनीता रेड्डी और पेद्दापल्ली डीसीपी बी. राम रेड्डी ने वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाया।

मुलुगु जिले में नगरपालिका चुनाव ड्यूटी पर तैनात चौथी बटालियन के कर्मियों ने बेहोश होकर गिर पड़े एक मतदाता को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाया। साथ ही वहां उपस्थित वृद्ध मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाकर मतदान करने में सहायता की।इसी प्रकार संगारेड्डी जिले के जिन्नारम मंडल के अंतर्गत रालकतला क्षेत्र में वृद्धों को ऑटो से मतदान केंद्र तक पहुंचाकर सहयोग दिया गया। महबूबाबाद जिले में पुलिस कर्मियों ने मतदाताओं के छोटे बच्चों की देखभाल की, जब तक वे मतदान कर वापस नहीं लौटे।



## नरसापुर में नकदी बांटने के आरोप पर तनाव

मेदक, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नरसापुर नगरपालिका के 8वें वार्ड में बुधवार को मतदान शुरू होने के करीब एक घंटे बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। बीआरएस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं पर कथित रूप से नकदी बांटने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। इस दौरान दोनों दलों के नेताओं के बीच तीखी बहस हुई। मामला बढ़ता देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए दोनों पक्षों को तितर-बितर किया गया। एक अन्य घटना में भाजपा और बीआरएस कार्यकर्ताओं के बीच भी झड़प की खबर है, जिससे नगरपालिका क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया।

## पतंजलि का उद्देश्य देश को मिलावट से बचाना है : आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार 11 फरवरी (एजेंसियां)। पतंजलि अपने प्रत्येक उत्पाद में गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रतिबद्धता को एक और सशक्त वैज्ञानिक मान्यता उस समय मिली, जब पतंजलि शहद पर किया गया विस्तृत शोध एल्सवियर प्रकाशन के रिसर्च जर्नल एप्लाइड फूड रिसर्च में प्रकाशित हुआ। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि का उद्देश्य है इस देश को मिलावट के जहर से बचाना और पतंजलि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सदा ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को लेकर लंबे समय से वैश्विक मंच पर संदेह की दृष्टि से देखा जाता रहा है, किंतु अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित इस शोध द्वारा यह सिद्ध हुआ है कि भारत में भी विश्वस्तरीय अनुसंधान संभव है।

उन्होंने आगे बताया कि अध्ययन के दौरान यह भी प्रमाणित हुआ कि पतंजलि शहद में किसी प्रकार की बाहरी शर्करा, सिंथेटिक सिरप या अवांछित रासायनिक अवशेष नहीं पाए गए हैं। यह शोध इस बात का प्रमाण है कि पतंजलि शहद गुणवत्ता, शुद्धता और वैज्ञानिक प्रमाणिकता के वैश्विक मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता है। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस शोध के बारे में कहा कि इस शोध में, पतंजलि शहद के 25 विभिन्न बैचों का उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से व्यापक परीक्षण किया गया। शोध के निष्कर्षों के अनुसार सभी बैच निर्धारित खाद्य सुरक्षा एवं मानकों पर पूर्णतः खरे उतरे, तथा बैच-टू-बैच गुणवत्ता में उल्लेखनीय एकरूपता पाई गई।

## पूर्व आदिलाबाद जिले में सुबह धीमा रहा मतदान

आदिलाबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व आदिलाबाद जिले में बुधवार को 10 नगरपालिकाओं और एक नगर निगम में मतदान की प्रक्रिया सुबह धीमी गति से आगे बढ़ी। माना जा रहा है कि मतदाता उम्मीदवारों से संभावित प्रलोभन मिलने की आशंका के चलते मतदान के लिए देर से पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार मनचेरियल नगर निगम सहित बेल्लामपल्ली, चेन्नूर, क्याथनपल्ली, लक्सेटिपेट, आदिलाबाद, आसिफाबाद, कागजनगर, निर्मल, भैंसा और खानापुर नगरपालिकाओं में सुबह 9 बजे तक औसतन 11.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।



केबीआर पार्क में इच्छापूर्ति गणेशजी की पूजा में भाग लेते राजेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बल्दवा विट्ठलदास अग्रवाल बड़े गांव वाले भोज रेड्डी विजय कुमार अग्रवाल पीसी जैन विनोद टिकमानी सेसैया प्रमोद कुमार सरायवाला श्रीनिवास रेड्डी अशोक कुमार सरायवाला पद्म किरण रेड्डी,श्री देवी दीपा अग्रवाल संध्या रानी अग्रवाल विजया लक्ष्मी रेड्डी श्रीमती तुम्बी व अन्य।

## अमृतधाम आश्रम में महाशिवरात्रि-महोत्सव 15 को

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मण्डल के सत्संग व मिडिया प्रभारी राजकुमार दायमा के अनुसार सुधांशु महाराज द्वारा संस्थापित अमृतधाम आश्रम के अमृतेश्वर महादेव मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि-महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर शिव-पार्वती-कल्याण-महोत्सव मनाया जाएगा।

अमृतेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 5 बजे से मध्यरात्रि तक पूजा, अर्चना, अभिषेक, दुग्धाभिषेक, आलौकिक श्रृंगार-दर्शन व महाआरती होगी । शिव-पार्वती-कल्याण-महोत्सव सुबह ठीक 11:30 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें भगवान शंकर की बारात बाजे-गाजे के साथ आतिशबाज़ी करते हुए अमृतेश्वर महादेव मंदिर से अमृतधाम आश्रम के विशाल प्रांगण सत्संग हाल को जाएगी । भक्तों के लिए अभिषेक हेतु सामग्री की व्यवस्था मंदिर में उपलब्ध रहेगी । रात्रि में 9 बजे आलौकिक शृंगार-दर्शन होगा और मध्यरात्रि 12 बजे भगवान भोलेनाथ की महाआरती होगी । मिशन के केंद्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौड व मिशन हैदराबाद मण्डल के महामंत्री अशोक कुमार अग्रवाल और बंकटलाल गील्डा, शंकरलाल अग्रवाल ने समस्त शिवभक्तो से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य अर्जित करने का आग्रह किया है ।

## मतदान केंद्रों पर नकदी बांटने के आरोप में दो पर मामला दर्ज

आदिलाबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नगरपालिका चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में पुलिस ने बुधवार को दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि दोनों मतदान केंद्रों के पास मतदाताओं को नकदी बांट रहे थे।

आदिलाबाद वन टाउन इंस्पेक्टर बी. सुनील ने बताया कि विद्यानगर निवासी कातिपेल्ली राजा रेड्डी और भुक्तापुर निवासी मेकाला कृष्ण कुमार के खिलाफ मतदाताओं को रिश्वत देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।





मेडचल स्थित श्री उमिया माता मंदिर मे आगामी 15 फरवरी को रामचंद्र डोंग्रेजी महाराज गौशाला द्वारा आयोजित जन्म शताब्दी महोत्सव मे भाग लेने हेतु केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, पूर्व सांसद जितेन्द्र रेड्डी को निमंत्रीत करते हुए जसमत पटेल, शिवलाल पटेल, रिद्धीश जागीरदार एवं अन्य।

# सोमाजीगुडा में वैश्याराजू ज्वैलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन





हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। वैश्याराजू ज्वैलर्स ने हैदराबाद के सोमाजीगुडा मेन रोड पर अपने नए शोरूम का ग्रैंड इनॉगरेशन किया, जिसमें बहुत जश्न मनाया गया।

शोरूम का इनॉगरेशन पॉपुलर फिल्म एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने किया, जिससे इस मौके में चार चांद लग गए। पहली खरीदारी मिस्टर जामी भोजाराजू ने की, जिससे यह शुभ शुरुआत हुई।

इस मौके पर बोलते हुए, वैश्याराजू ज्वैलर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, मिस्टर वैश्याराजू भद्रगिरी राजू ने कहा कि ब्रांड का सफर विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश से शुरू हुआ था, और उन्होंने हैदराबाद के सोमाजीगुडा में अपनी 16वीं ब्रांच खोलने पर बहुत खुशी जताई।

इनॉगरेशन सेलिब्रेशन के हिस्से के तौर पर, वैश्याराजू ज्वैलर्स ने आकर्षक ऑफर्स के साथ एक्सक्लूसिव डिज़ाइनर कलेक्शन की एक बड़ी रेंज पेश की है। कस्टमर्स सभी 22केटी गोल्ड ज्वेलरी पर फ्लैट 6% डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं। आईजीआई-सर्टिफाइड हीरे वीवीए क्लैरिटी और ईएफ कलर के साथ 49,500 रुपये प्रति कैरेट से शुरू हो रहे हैं। रेगुलर चांदी की चीज़ों पर कोई वेस्टेज, कोई मेकिंग चार्ज नहीं है, और जीएसटी कंपनी देगी। इसके अलावा, कस्टमर चांदी की खरीद पर 15,000 रुपये प्रति केजी तक का स्पेशल डिस्काउंट पा सकते हैं।

ये शुरुआती ऑफर सिर्फ़ कुछ समय के लिए वैलिड हैं। कस्टमर शोरूम में आकर खास डिज़ाइनर कलेक्शन देख सकते हैं, और इन स्पेशल ऑफर का पूरा फ़ायदा उठा सकते हैं।

इस इवेंट में वैश्यराजू ज्वैलर्स के चेयरमैन श्री वैश्यराजू फाल्गुनराजू, डायरेक्टर वैश्यराजू नरेश और श्री वैश्यराजू किरण कुमार राजू, और दूसरे बड़े लोग शामिल हुए।


दक्षिण मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.-एस&टी/03/2026 दि.10-02- 2026

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल & दूरसंचार अभियंता (रखरखाव), दक्षिण मध्य रेलवे - द.म.रे. गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.6-3-2026 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.-01**-एसएनटी-03-2026 कार्य विवरण (सिग्नल&दूरसंचार कार्य)- रियल टाइम मानिटरिंग हेतु गुंटकल डिवीजन के निम्न 20 पीआरएस स्थानों पर एआई इनफ्रास्ट्रक्चर का प्रावधान। (वेन्डोडु, वेंकटगिरी, श्रीकालहस्ती, रेणीगुन्टा, तिरुपति, चंद्रैरी, पाकाला, चित्तुरु, पिलेर, कलिकिरि, वायलपाड, मदनापल्ले रोड, मुलाकलाचेरुवु, कदिरी, मुडीगुब्बा, धर्मवरम, अनंतपूर, कल्लुरु, प्रोद्दुरु, जम्मलमडुगु)। कार्य का विज्ञापित निविदा मूल्य रु.6,36,32,540.00, पूर्व धरोहर राशि रु.4,68,200.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने

**निविदा सं.-02**-एसएनटी-03-2026 कार्य विवरण (सिग्नल&दूरसंचार कार्य)- रियल टाइम मानिटरिंग हेतु गुंटकल डिवीजन के निम्न 24 पीआरएस स्थानों पर एआई इनफ्रास्ट्रक्चर का प्रावधान। (नावर, यादगिर, सैदापुर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनी, गुंटकल, ढोने, रंगापुरम, बेथमचेर्ला, बुग्गनीपल्ले, गूटी, रायलचेरुवु, ताडीपत्री, कोंडापुरम, मुद्दनुरु, येर्रागुन्टला, कमलापुरम, कडप्पा, नंदलुरु, राजमपेट, ओबुलावारिपल्ले, कोडुरु)।

कार्य का विज्ञापित निविदा मूल्य रु.7,63,59,048.00, पूर्व धरोहर राशि रु.5,31,800.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने

**निविदा सं.-03**-एसएनटी-03-2026 कार्य विवरण (सिग्नल&दूरसंचार कार्य)- तत्संबंधित के प्रति दूरसंचार व्यवस्थाएं-1. गुंटकल डिवीजन के 119 स्टेशनों पर कंप्युटर आधारित पैसेंजर एड्रेसिंग सिस्टम का प्रावधान। 2. गुंटकल डिवीजन के 119 स्टेशनों पर जीपीएस क्लाक्स का प्रावधान। 3. वेंकटगिरि (वीकेआइ) रेलवे स्टेशन पर सीआइबी & टीआईबी, डिजीटल क्लाक्स तथा पीए सिस्टम का प्रावधान। 4. गुंटकल डिवीजन के एस&टी विभाग हेतु डेस्कटाप कंप्युटर्स, प्रिन्टर्स (ब्लैक &व्हाइट, कलर) लैपटाप्स, एलसीडी प्राजेक्टर्स का प्रापण या प्रोक्युरमेंट । 5. गुंटकल डिवीजन पर वीएचएफ सेट्स के कार्यान्वयन सहित आडियो/वाईस रेकार्डिंग सुविधा तत्संबंधित दूरसंचार व्यवस्थाएं। कार्य का विज्ञापित निविदा मूल्य रु.7,40,11,943.76 पूर्व धरोहर राशि रु.5,20,100.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने

**निविदा सं.-04**-एसएनटी-03-2026 कार्य विवरण (सिग्नल&दूरसंचार कार्य)- (1) गुंटकल डिवीजन के ओएफसी हट्स् /स्टेशन्स/केबिन्स पर पुराने एसटीएम, पीडी मक्सेज के प्रतिस्थापन हेतु एस&टी प्रावधान तथा बिजली आपूर्ति के साथ उक्त डिवीजन पर कंट्रोल कम्युनिकेशंस (सेक्शन कंट्रोल, ट्रैक्शन पावर कंट्रोल तथा एलसी गेट कम्युनिकेशन) का सुधार कार्य एवम् सिग्नलिंग गेयर्स हेतु ओएफसी नेटवर्क्स व डार्क फाइबर की वृध्दि। (2) गुंटकल डिवीजन पर ओएफसी आधारित नेटवर्क के कंट्रोल कम्युनिकेशन की वृध्दि सहित आपरेशनल कमाण्ड कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) के उन्नयन हेतु एस&टी का प्रावधान तथा एमरजेंसी वार रूम हेतु कानफरंस हाल में टीवीज का प्रावधान, सेक्युरिटी कंट्रोल रूम में सीसीटीवी मानिटरिंग व जीपीएस क्लाक्स का इंस्टालेशन या स्थापना करना। कार्य का विज्ञापित निविदा मूल्य रु.7,49,16,088.16 पूर्व धरोहर राशि रु.5,24,600.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने

यदि निविदाएं खोलने की तिथि को तदनंतर अवकाश घोषित होता है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा। आफर या प्रस्ताव की वैधता जोकि, निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिनों तक होनी चाहिए। उपरोक्त निविदा सूचना के प्रति यदि आवश्यक होने पर, शुध्दिपत्र को, केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदा शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेज की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल & दूरसंचार अभियंता (रखरखाव), गुंटकल**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (http://ireps.gov.in द्वारा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु टेंडरिंग की एकल पैकेट प्रणाली में ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम स.01, एनआयटी सं.-सी/ई.29/टीआरडी/एससी/71/2025-26 कार्य विवरणः निविदा सं. सी/ई.29/टीआरडी/एससी/71/2025-26 दि.6-2-2026, एससी डिवीजन-एससी डिवीजन में डीएसडीसी की रनिंग हेतु सेफ्टी या सुरक्षा सहित तत्संबंधित इन्सुलेशन शीट अंडर लेस क्लीयरेंस ओवर-लाइन स्ट्रक्चर का प्रावधान। अनुमानित लागत रु.2,67,28,436.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 180 दिन, बंद करने की तिथिः 5-3-2026 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य जानकारी हेतु कृपया **वेबसाइटः**http://ireps.gov.in देखें।

निविदाकार, केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही भाग ले सकते हैं तथा किसी भी मैन्युएल आफर्स पर विचार नही किया जायेगा।

आईआरइपीएस **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में निविदा शर्ते/अन्य कार्य विवरण उपलब्ध हैं, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है, जिसमें भाग लिया जा सकता है तथा जिसमें कोई परिवर्तन होतो उसे देखा जा सकता है।

सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, केवल आनलाइन पेमेन्ट्स के माध्यम से ही निविदा प्रपत्र मूल्य व पूर्व धरोहर राशि-पूधरा को जमा करें।

इस निविदा सूचना को, सीनि. डीइइ/टीआरडी कार्यालय, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, सिकंदराबाद स्थित नोटिस बोर्ड पर भी दर्शाया गया है, जिसे सभी कार्यालयीन दिनों में देखा जा सकता है।

रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआइएन पहचान संख्यक प्राप्त करें तथा इसे अपने आफर्स सहित प्रस्तुत करें।

निविदाकार, कोई भी शुध्दिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद**

निविदा सूचना

कृते राष्ट्रपति भारतीय गणराज्य की ओर से व के लिए, मुख्य बिजली अभियंता (परियोजनाएं), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.-01,** निविदा संख्याः2x25केवी - इपीसी-पीएसआई-ओजीएल-जीडीआर-10, दि.06-02-2026 कार्य विवरणः विजयवाडा डिवीजन के ओंगोल (ओजीएल)-गुडूर (जीडीआर) सेक्शन में एससीओटीटी-कनेक्टेड ट्रांसफार्मर्स सहित 2x25केवी एटी सिस्टम में तत्संबंधित डिजाईन, आपूर्ति, इरेक्शन, परीक्षण तथा ट्रैक्शन सब-स्टेशन (टीएसएस), सेक्शनींग पोस्ट (एसपी) एवं सब-सेक्शनिंग तथा पैरालेलिंग पोस्ट्स (एसएसपी) की कमीशनिंग का कार्य। अनुमानित मूल्य रु.164,26,00,000.00, आनलाइन में जमा की जानेवाली पूर्व धरोहर राशि रु.83,63,000.00, निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य, कार्य पूरा करने की अवधिः 24 महिने (चौबीस महिने), निविदा खोलने की जगहः सिकंदराबाद

**क्रम सं.-01,** कार्य विवरणः ई-निविदा (आनलाइन) के माध्यम से निविदा बंद करने की तिथिः 08-04-2026 व समयः15.00 बजे

**क्रम सं.-02,** कार्य विवरणः ई-निविदा (आनलाइन) के माध्यम से निविदा खोलने की तिथिः 13-04-2026 व समयः16.00 बजे

यदि निविदा खोलने की तिथि को तदनंतर छुट्टी घोषित होती है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा।

निविदा शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदाओं की प्रस्तुति हेतु कृपया हमारे **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर जाएं।

निविदा दस्तावेजों के प्रति परिवर्तन/शुध्दिपत्र/जोड होने पर, यदि आवश्यक होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।

**मुख्य बिजली अभियंता, परियोजनाएं, सिकंदराबाद**

A2428

निविदा नियम शर्ते/विस्तृत विवरण एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scॲ.indianॲailways.gov.in देखें।



पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं.: eT-Central-WAT-01-2026 दिनांक: 03.02.2026

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल में वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/सेन्ट्रल/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 25T लोडिंग के RDSO मानक के अनुसार मौजूदा प्लेट गर्डर पुल के प्रतिस्थापन में PSC स्लैब को लोड (Load) करने के लिए पुलों की नींव, पियर, एबटमेंट एवं सबस्ट्रक्चर की मूलतत्वों (Element) की मज़बूती एवं संरचनात्मक पर्याप्तता (Structural Adequacy) का मूल्यांकन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 56,12,171.00, EMD : ₹ 1,12,300/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 (छह) महीने।

(2) सूचना सं.: eT-Central-WAT-02-2026 दिनांक: 03.02.2026

**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के KK लाइन में सहायक मण्डल अभियन्ता / कोरापुट के अधिकार क्षेत्र के अधीन कोरापुट में रनिंग रूम का संवर्धन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 2,62,54,793.83, EMD : ₹ 2,81,300/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 27.02.2026 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**दृष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-1112/Q/25-26



स्वतंत्र वार्ता

Email : svaarttha2006@gmail.com svaarttha@rediffmail.com svaarttha2006@yahoo.com

Epaper : epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement : swadds1@gmail.com






# इंडियन ओपनर अभिषेक शर्मा अस्पताल में भर्ती

## पेट में इन्फेक्शन, नामीबिया के खिलाफ खेलना मुश्किल

नई दिल्ली, 11 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट के इन्फेक्शन के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। उनका गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ खेलना मुश्किल है। पीटीआई ने बुधवार सुबह अपनी रिपोर्ट में बताया कि अभिषेक पिछले दो दिनों से अस्पताल में एडमिट हैं।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि अभिषेक को पेट के इन्फेक्शन के कारण दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समस्या की सही जानकारी के लिए कुछ जांच की जा रही हैं। यह अभी साफ नहीं है कि उन्हें आज डिस्चार्ज किया जाएगा या नहीं। फिलहाल, नामीबिया के खिलाफ मैच में उनका खेलना मुश्किल लग रहा है।




अभिषेक को पेट की समस्या होने की जानकारी पहले से थी। मुंबई में अमेरिका के खिलाफ मैच के दौरान वह बल्लेबाजी करने आए थे और पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। हालांकि वे फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतरे थे, तब भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने पुष्टि की थी कि वे पेट की परेशानी से उबर रहे हैं। डोशेट ने कहा था, उनके पेट में थोड़ी दिक्कत है। हमें उम्मीद है कि वे दो दिन में अगले मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।

### सैमसन और ईशान करेंगे ओपनिंग

अगर अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं हो पाते हैं तो भारत के पास संजू सैमसन से ओपनिंग कराने का विकल्प है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद संजू को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन ने रिप्लेस कर दिया था।

टेन डोशेट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम अभिषेक की फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं। उनकी उपलब्धता के आधार पर टीम संयोजन में कुछ बदलाव हो सकते हैं।

### बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर फिट

इस बीच भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि जसप्रीत बुमराह नामीबिया के खिलाफ मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। वह बीमारी के कारण अमेरिका के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। दिल्ली में टीम के अभ्यास सत्र में उन्होंने पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान लगी साइड स्ट्रेन से उबरकर टीम से जुड़ गए हैं। उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी की और सत्र के अंत में थ्रोडाउन पर बल्लेबाजी अभ्यास भी किया।

## मुंबई इंडियंस ने डीवाई पाटिल स्टेडियम देने से किया मना

# आरसीबी के नए होम वेन्यू का इंतजार बढ़ा

मुंबई, 11 फरवरी (एजेंसियां)। आईपीएल 2026 जल्दी ही शुरू होने वाला है मगर उससे पहले आरसीबी के होम ग्राउंड का कोई अता-पता नहीं है. आरसीबी को नए सीजन के लिए नए होम ग्राउंड की तलाश है. इसके लिए डी वाई पाटिल स्टेडियम उसकी पहली चॉइश थी. मगर बगैर मुंबई इंडियंस से एनओसी मिले वहां अपने घरेलू मैच खेलना आरसीबी के लिए संभव नहीं. डीवाई पाटिल को होम ग्राउंड बनाने के संदर्भ में आरसीबी ने जब मुंबई इंडियंस से बात की, तो उनकी ओर से आए जवाब में कहा कि पहले देश में मौजूद दूसरे ऑप्शन तलाश लें, फिर डीवाई पाटिल की सोचें. मतलब साफ है कि मुंबई इंडियंस अपना होम ग्राउंड आरसीबी को देने के मूड में नहीं दिख रही.




### आरसीबी को डीवाई पाटिल स्टेडियम देने के मूड में नहीं एमआई

मुंबई इंडियंस से जूड़े सूत्रों के हवाले से टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि, आरसीबी को डीवाई पाटिल स्टेडियम ही क्यों चाहिए? देश के दूसरे स्टेडियम क्यों नहीं? कई सारे दूसरे वेन्यू हैं. आरसीबी को पहले बाकी वेन्यू को ऑप्शन के तौर पर देखना चाहिए फिर डीवाई पाटिल पर फोकस करना चाहिए. देश में कई सारे नॉन-आईपीएल सेंटर हैं. उसके अलावा राजकोट, पुणे, रायपुर, वाइजैग, इंदौर जैसे सेंटर भी हैं, जहां आईपीएल के मुकाबले खेले जाते रहे हैं. मुंबई इंडियंस अगर आज डीवाई पाटिल के लिए आरसीबी को हां करेगी तो कल कोई दूसरी टीम आकर ब्रेबॉर्न स्टेडियम में खेलने की इच्छा जाहिर करेगी.

### डीवाई पाटिल नहीं, अब रायपुर और इंदौर हैं ऑप्शन

साफ है कि आरसीबी का होम ग्राउंड बनने की रेस से डीवाई पाटिल स्टेडियम अब बाहर हो चुका है. ऐसा माना जा रहा है कि 2 मैचों को रायपुर में कराने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से उनकी बातचीत हो चुकी है. वहीं बाकी के 5 मैच इंदौर में कराए जा सकते हैं.

### बेंगलुरु में मैच कराने पर बातचीत का दौर जारी

आरसीबी के आईपीएल 2025 का खिताब जीतने के बाद 4 जून को निकले विजय जुलूस के दौरान बेंगलुरु में भगदड़ मच गई थी, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे और कुछ की जान चली गई थी. उस हादसे के बाद कर्नाटक सरकार ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर क्रिकेट मैचों के आयोजन पर रोक लगाने का फैसला किया.

हालांकि, आरसीबी का बेंगलुरु में मैच कराने का प्रयास जारी है. इसे लेकर आरसीबी कर्नाटक के गृह मंत्री से मुलाकात भी की. मुलाकात में पॉजिटिव संकेत तो मिले हैं मगर आरसीबी के दूसरे ऑप्शन की तलाश भी जारी है. आरसीबी के लिए नए होम वेन्यू की तलाश खत्म करना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि आरसीबी मैचों का शेड्यूल भी जारी होना है.

# विवादित पाक गेंदबाज के समर्थन में अश्विन

## एक्शन पर सवाल उठाने वालों को दिया दो टूक जवाब

बेंगलुरु, 11 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को पाकिस्तान से मुकाबला खेलना है. लेकिन, उससे पहले अश्विन ने पाकिस्तान के विवादित गेंदबाज को लेकर बड़ा बयान दिया है. विवादित पाक गेंदबाज से यहां मतलब उस्मान तारिक से है, जिनके बॉलिंग एक्शन पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं. अश्विन ने उनके उसी एक्शन पर सवाल उठाने वालों को दो टूक जवाब दिया है. अश्विन के मुताबिक अगर उस्मान तारिक को टारगेट करना है तो फिर पहले क्रिकेट के नियम बदलने पड़ेंगे.




### श्रीवत्स के साधे निशाने के बाद अश्विन की दो टूक

अश्विन ने पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक को लेकर अपना जवाब पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी के उठाए सवाल पर दिया. श्रीवत्स गोस्वामी ने उस्मान तारिक के पर सवाल उठाते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा- फुटबॉल में भी पेनाल्टी रनअप लेने से पहले रुकने की इजाजत नहीं होती. क्रिकेट में ये चीज कैसे सही मानी जा सकती है? एक्शन सही हैं मगर रुकना? वो भी गेंद को हाथ से रिलीज करने के वक्त. सीरियसली ये क्रिकेट में नहीं चल सकता.

साफ है श्रीवत्स गोस्वामी को पाक गेंदबाज उस्मान तारिक के बॉलिंग एक्शन से परहेज नहीं है. गेंदबाजी के दौरान गेंद को हाथ से छोड़ने से पहले जो वो रुकते हैं, दिक्कत उससे हैं. लेकिन, अश्विन को वो दिक्कत भी दिक्कत नहीं लगती. उन्होंने श्रीवत्स गोस्वामी को आड़े हाथ लेते हुए पाकिस्तानी स्पिनर को डिफेंड किया है.

### उस्मान तारिक को लेकर अश्विन ने क्या कहा?

अश्विन ने श्रीवत्स गोस्वामी को जवाब देते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा- मान लिया कि फुटबॉल में रुकने की इजाजत नहीं. पर क्या बल्लेबाज के लिए बिना अंपायर या गेंदबाज को बताए स्विच हिट या रिवर्स मारना सही है, जबकि उसे पता है कि एक साइड से ही बल्लेबाजी करनी है. प्रतिबंध हमेशा सिर्फ गेंदबाजों तक ही सीमित क्यों हो? गेंदबाजों को बिना अंपायर को बताए आर्म बदलने की भी इजाजत क्यों नहीं होती? सबसे पहले तो उन्हें क्रिकेट के ये नियम बदलने चाहिए.

### 4 मैचों में 11 विकेट चटका चुके उस्मान तारिक

उस्मान तारिक अपने नए और अनोखे बॉलिंग एक्शन के चलते बल्लेबाजों के लिए मिस्ट्री बने हुए हैं.

उसी का नतीजा है कि पाकिस्तान के लिए अब तक खेले 4 टी20 इंटरनेशनल मैचों में वो 11 विकेट चटका चुके हैं. अपने करियर का 5वां मैच उस्मान तारिक भारत के खिलाफ खेलेंगे. देखना ये है कि स्पिन खेलने में महारत रखने वाले भारतीय बल्लेबाजों के सामने वो कितना सफल होते हैं?

# 41 साल के मोहम्मद नबी ने टी20आई में किया बड़ा कारनामा, रोहित शर्मा के खास क्लब में मारी एंट्री

अहमदाबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में मैदान पर उतरते ही अफगानिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. नबी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले अफगानिस्तान के पहले और दुनिया के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं. इसके साथ ही वह रोहित शर्मा के खास क्लब में शामिल हो गए हैं.

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 13वें मुकाबले में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान की टीमें आमने-सामने हैं. अहमदाबाद में खेले जा रहे इस मैच में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है. वहीं, इस मुकाबले में अफगानिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने मैदान पर उतरते ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.




इसी के साथ नबी अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के उस खास क्लब में शामिल हो गए हैं, जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का नाम दर्ज है.

दरअसल, 41 साल मोहम्मद नबी अफगानिस्तान के लिए अपना 150वां T20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे हैं. इसी के साथ नबी टी20आई में 150 मैच खेलने वाले अफगानिस्तान के पहले और दुनिया के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं. उनसे पहले पॉल स्टर्लिंग (162 मैच), रोहित शर्मा (159 मैच) और जॉर्ज डॉकरेल (155 मैच) यह मुकाम हासिल कर चुके हैं.

अब नबी भी इस खास लिस्ट में शामिल हो गए हैं. इतना ही नहीं, वह अब रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के काफी करीब हैं. हिटमैन से आगे निकलने के लिए उन्हें सिर्फ 10 और मैच खेलने होंगे.

### टी20आई में 150 या उससे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी

पॉल स्टर्लिंग – 162 मैच
रोहित शर्मा – 159 मैच
जॉर्ज डॉकरेल – 155 मैच
मोहम्मद नबी – 150 मैच

नबी अफगानिस्तान टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं. उनके करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2010 में अफगानिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था. नबी ने अब तक खेले 149 टी20I मैचों में 22.38 की औसत से 2440 रन बनाए हैं, जिसमें 7 अर्धशतक शामिल हैं. इसके अलावा, उन्होंने गेंद से भी काफी शानदार प्रदर्शन किया और अब तक 105 विकेट अपने नाम कर चुके हैं.

# 24 घंटे में चार खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर

## अब न्यूजीलैंड को लगा झटका

खेल डेस्क, 11 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अभी तक 12 मुकाबले खेले जा चुके हैं. टूर्नामेंट के शुरुआती राउंड में ही फैंस को जबरदस्त टक्कर देखने को मिल रही है. लेकिन कुछ टीमों की टेंशन भी बढ़ गई है. दरअसल, पिछले 24 घंटे में 4 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं. जिसमें नया नाम न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल हैं. माइकल ब्रेसवेल बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी हिस्से से बाहर हो गए हैं. यह चोट वॉर्म-अप के दौरान दोबारा लगी है, वह पहले से ही इसी चोट से उभर रहे थे.




न्यूजीलैंड को बड़ा झटका

ब्रेसवेल को यह चोट पिछले महीने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में लगी थी, जहां वह फील्डिंग नहीं कर सके थे. इसके बाद वह पांच मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर रहे थे. उन्होंने रिहैबिलिटेशन पूरा करके वर्ल्ड कप के लिए टीम में वापसी की थी, लेकिन अब दोबारा चोट लगने से स्कैन में दिक्कत की पुष्टि हुई. मेडिकल टीम के मुताबिक, उन्हें ठीक होने में करीब तीन हफ्ते लगेंगे, जिससे वह वर्ल्ड कप में कोई मैच नहीं खेल पाएंगे.

टीम मैनेजमेंट ब्रेसवेल की जगह ऑलराउंडर कोल मैककॉन्ची को स्क्वॉड में शामिल कर सकता है. उन्हें भारत में ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया जाएगा, जहां तेज गेंदबाज बेन सीयर्स भी रिजर्व हैं. बता दें, माइकल ब्रेसवेल इससे पहले भी चोट के चलते बड़े टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं. साल 2023 में वनडे वर्ल्ड कप से पहले भी उन्हें चोट का सामना करना पड़ा था. तब भी वह टूर्नामेंट का हिस्सा बनने से चूक गए थे.

24 घंटे में चार खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर

पिछले 24 घंटे में टूर्नामेंट से बाहर होने वाले माइकल ब्रेसवेल चौथे खिलाड़ी हैं. उन्हें पहले यूएसए के जसदीप सिंह चोट के चलते टूर्नामेंट से हट चुके हैं. वहीं, यूएसए के मोहम्मद जोहैब को अनुशासनहीनता के चलते टीम ने घर भेज दिया है. इनके अलावा श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है.

# टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने के फैसले पर 20 दिन के अंदर पलटा बांग्लादेश

ढाका, 11 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने के फैसले पर अब बांग्लादेश का यू-टर्न देखने को मिल रहा है. 20 दिन के अंदर ही बांग्लादेश अपने बयान से पलट चुका है. ताजा बयान में बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरूल ने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 से हटने का फैसला पूरी तरह से देश की क्रिकेट बोर्ड और उसके खिलाड़ियों का था. हैरानी की बात ये है कि ताजा बयान 22 जनवरी को कही बातों से ठीक उलट है.

22 जनवरी को कहा गया था कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 से हटने का फैसला पूरी तरह से बांग्लादेश सरकार का था. बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरूल ने 22 जनवरी को खिलाड़ियों से मुलाकात की थी, जिसके बाद लिट्टन दास ने खुलासा करते हुए कहा था कि वर्ल्ड कप से बाहर होने संबंधी किसी भी चर्चा में खिलाड़ी शामिल नहीं थे. जबकि, आसिफ नजरूल ने उस मीटिंग के बाद कहा था कि खिलाड़ियों को सरकार के फैसले के बारे में बता दिया गया है. उन्होंने 22 जनवरी को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि मीटिंग का मुख्य मकसद था खिलाड़ियों को सरकार के फैसले के बारे में बताना. उन्हें ये समझाना कि सरकार ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 से हटने का कदम क्यों उठाया? मुझे लगता है कि वो समझ गए होंगे.




लेकिन, अब जो उन्होंने कहा है, उससे लोगों को हैरान कर दिया है. आसिफ नजरूल ने 10 फरवरी को कहाकि T20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने का फैसला सरकार का नहीं बल्कि बीसीबी और खिलाड़ियों का था. उन्होंने देश की मर्यादा और उसकी क्रिकेट को बचाने के लिए ये बलिदान दिया है.

हालांकि, आसिफ नजरूल ने आईसीसी के हाल ही में बांग्लादेश के प्रति जताए रवैए की प्रशंसा की है. टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के बाद भी आईसीसी ने बांग्लादेश पर नरम रुख अपनाया और कोई प्रतिबंध नहीं लाया. साथ ही ये भी कहा कि बांग्लादेश को इंटरनेशनल मुकाबलों की मेजबानी मिलती रहेंगी.

# साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर में हराया

## 6 बॉल पर 24 रन चाहिए थे, अफगानिस्तान 19 रन ही बना सका

अहमदाबाद, 11 फरवरी (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच का मैच दूसरे सुपर ओवर में चला गया है। अफ्रीका ने अफगानों को 6 बॉल पर 24 रन का टारगेट दिया है। जवाब में अफगानिस्तान ने 4 बॉल पर 12 रन बना लिए हैं। दूसरी बॉल पर नबी आउट हो गए हैं। गुरबाज ने लगातार दो बॉल पर छक्के लगाए। पहले सुपर ओवर में दोनों टीमों ने एक समान 17-17 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी बॉल पर छक्का लगाकर पहले सुपर ओवर को टाई करा दिया। बुधवार को दोनों के बीच का मैच टाई हो गया। साउथ अफ्रीका ने पहले बैटिंग करते हुए 187 रन बनाए थे।



अफगानिस्तान की टीम भी 20 ओवर में 187 रन ही बना सकी।

अफगानी टीम को जीत के लिए 3 बॉल पर 2 रन की जरूरत थी। लेकिन, आखिरी ओवर की चौथी बॉल पर फजलहक फारूकी रनआउट हो गए। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन (61) और क्विंटन डी कॉक (59) ने अर्धशतक लगाए। डेविड मिलर 20 रन बनाकर नाबाद लौटे। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह उमरजई ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। फजलहक फारूकी को 1 विकेट मिला।

# ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से हराया

## जम्पा और एलिस ने 4-4 विकेट झटके, स्टोयनिस ने 45 रन बनाए

कोलंबो, 11 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप के 14वें मैच में आयरलैंड को जीत के लिए 183 रन का टारगेट दिया है। ग्रुप-बी के इस मैच में कंगारुओं ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए।




जवाब में आयरलैंड ने 16 ओवर में 8 विकेट पर 112 रन बना लिए हैं। बैरी मैकार्थी और मैथ्यू हम्फ्रीज क्रीज पर हैं। मार्क अडायर (12 रन) और जॉर्ज डॉकरेल (41 रन) को एडम जम्पा ने एक ही ओवर में आउट किया। जम्पा ने लोरकन टकर (24 रन) और गैरेथ डेलानी (11 रन) को भी आउट किया। नाथन एलिस ने बेंजामिन कैलिट्ज (2 रन), रॉस अडायर (12 रन) और कर्टिस कैम्फर (4 रन) को पवेलियन भेजा। हैरी टेक्टर (जीरो) को मैथ्यू कुहनेमन ने कैमरन ग्रीन के हाथों कैच कराया।

कप्तान पॉल स्टर्लिंग पहली बॉल पर रिटायर हर्ट हो गए हैं। उन्होंने जेवियर बार्टलेट की बॉल को फ्लिक किया। रन दौड़ने के प्रयास में उनके पैर में दिक्कत आई। ऑस्ट्रेलिया से मार्कस स्टोयनिस ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। जोश इंग्लिस और मैट रैनशॉ ने 37-37 रन बनाए। आयरलैंड की ओर से मार्क अडायर ने 2 विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज, जॉर्ज डॉकरेल और हैरी टेक्टर ने एक-एक विकेट लिए।

# जीएचएमसी का कार्यकाल समाप्त

## तीन निगमों के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) परिषद का मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही राज्य सरकार ने बुधवार को नगर निकाय को तीन अलग-अलग निगमों में पुनर्गठित करने के आदेश जारी किए। साथ ही एमए एंड यूडी के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन को तीनों निगमों का विशेष अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जयेश रंजन ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम, साइबराबाद नगर निगम और मलकाजगिरि नगर निगम के कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे। सरकार ने अलग-अलग आदेश जारी कर तीनों निगमों के आयुक्तों के नाम भी घोषित किए हैं। आर.वी. कर्णन ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के आयुक्त पद पर बने रहेंगे। जीएचएमसी की अतिरिक्त आयुक्त जी. श्रीजना को साइबराबाद नगर निगम का आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसी तरह जीएचएमसी के अतिरिक्त आयुक्त टी. विनय कृष्णा रेड्डी को मलकाजगिरि नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। आदेश जारी होने के बाद जयेश रंजन ने बुधवार सुबह जीएचएमसी मुख्यालय पहुंचकर तीनों निगमों के विशेष अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वहीं आर.वी. कर्णन, जी. श्रीजना और टी. विनय कृष्णा रेड्डी ने भी अपने-अपने पद का कार्यभार संभाल लिया।

## तीनों नगर निगमों में अतिरिक्त आयुक्तों की नियुक्ति

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के नगरपालिका प्रशासन के पुनर्गठन और तीन नए नगर निगमों के गठन के बाद एमए एंड यूडी विभाग ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी), मलकाजगिरि नगर निगम (एमएमसी) और साइबराबाद नगर निगम (सीएमसी) के लिए अतिरिक्त आयुक्तों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। पुनर्गठित जीएचएमसी में एन. रवि किरण को जोनल कमिश्नर एवं अतिरिक्त आयुक्त (स्वच्छता) के रूप में तैनात किया गया है, जबकि के. सत्यनारायण को अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) बनाया गया है। मलकाजगिरि नगर निगम में सी.एन. रघु प्रसाद को अतिरिक्त आयुक्त (स्वच्छता) और के. वेणुगोपाल को अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) नियुक्त किया गया है। साइबराबाद नगर निगम के लिए डॉ. एन. यदागिरी राव को अतिरिक्त आयुक्त (स्वच्छता) तथा बी. गीता राधिका को अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी बीच, अधीक्षण अभियंता (जन स्वास्थ्य) एस. भास्कर रेड्डी को मुख्य अभियंता (जन स्वास्थ्य) पद का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## मतपत्रों के क्रमांक बदलने से मंडल 45 में तनाव

महबूबनगर, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मतदान के दिन मतपत्रों के क्रमांक में बदलाव सामने आने के बाद महबूबनगर नगर निगम के मंडल 45 में उम्मीदवारों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। इस बदलाव से मतदाताओं में भी भ्रम फैल गया। नामांकन वापसी के बाद अधिकारियों ने उम्मीदवारों की क्रम संख्या स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए आदर्श मतपत्र जारी किए थे। लेकिन बुधवार को मतदान के दौरान इस्तेमाल किए गए मतपत्रों में क्रम संख्या बदली हुई पाई गई। इससे कई उम्मीदवार हैरान रह गए और उन्हें आशंका हुई कि इससे उनके चुनाव परिणाम पर प्रभाव पड़ सकता है। मामले को चुनाव अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, फिर भी संशोधित क्रमांक वाले मतपत्रों से मतदान जारी रहा। बताया गया कि मतपत्र मुख्यालय से पहले ही प्राप्त हो चुके थे, इसलिए तत्काल कोई बदलाव संभव नहीं था। आदर्श मतपत्रों में प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को पहले क्रम में रखा गया था, जबकि जन सेना पार्टी के उम्मीदवार बाद में थे। हालांकि, मतदान के दिन उपयोग किए गए मतपत्रों में जन सेना पार्टी के उम्मीदवार आगे दिखाई दिए। क्रम संख्या में इस फेरबदल से उम्मीदवारों के बीच असंतोष और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

# हैदराबाद नगर प्रशासन का पुनर्गठन

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कई महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए राज्य सरकार ने बुधवार को हैदराबाद नगर प्रशासन के पुनर्गठन के आदेश जारी कर दिए। इसके तहत मौजूदा ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) को तीन अलग-अलग नगर निगमों में बांट दिया गया है। अब शहर में साइबराबाद नगर निगम, मलकाजगिरि नगर निगम और ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के नाम से तीन निगम काम करेंगे। साइबराबाद नगर निगम में सेरिलिंगमपल्ली, कुकटपल्ली और कुतुबुल्लाहपुर जोन शामिल होंगे। मलकाजगिरि नगर निगम में मलकाजगिरि, उप्पल और एलबी नगर जोन को शामिल किया गया है। वहीं ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के अंतर्गत शमशाबाद, राजेंद्रनगर, चारमीनार, गोलकोंडा, खैरताबाद और सिकंदराबाद क्षेत्र रहेंगे।

जीएचएमसी परिषद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार ने एमए एंड यूडी के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन को तीनों निगमों का विशेष अधिकारी नियुक्त किया है। वे ग्रेटर हैदराबाद, साइबराबाद और मलकाजगिरि नगर निगम के कार्यों की निगरानी करेंगे। सरकार ने तीनों निगमों के लिए आयुक्तों की भी नियुक्ति की है। आर.वी. कर्णन ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के आयुक्त बने रहेंगे। जी. श्रीजना को साइबराबाद नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। टी. विनय कृष्णा रेड्डी को मलकाजगिरि नगर निगम का आयुक्त नियुक्त किया गया है। आदेश जारी होने के बाद जयेश रंजन ने जीएचएमसी मुख्यालय पहुंचकर विशेष अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इसी तरह तीनों आयुक्तों ने भी अपने-अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

## छिटपुट घटनाओं के तेलंगाना में नगरपालिका चुनाव संपन्न

### मतगणना 13 को सुबह 8 बजे 136 केंद्रों पर शुरू होगी



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में बुधवार को नगरपालिका चुनावों का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। राज्यभर में सात नगर निगमों और 116 नगरपालिकाओं में मतदान हुआ। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हुई। मतगणना 13 फरवरी को सुबह 8 बजे 136 केंद्रों पर शुरू होगी। नगर निगमों के महापौर और उपमहापौर तथा नगरपालिकाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव 16 फरवरी को होंगे। मतदान समाप्त होते ही मतपेटियों को चुनाव अभिकर्ताओं की उपस्थिति में सील कर कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। दोपहर 3 बजे तक लगभग 62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार नगरपालिकाओं में मतदान प्रतिशत नगर निगमों की तुलना में अधिक रहा। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र कोडंगल में स्थित कोडंगल जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्र पर मतदान किया। उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का ने भी अपने निर्वाचन क्षेत्र मधिरा के इंदिरा डेयरी मतदान केंद्र पर वोट डाला। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने करीमनगर के ज्योतिनगर स्कूल स्थित 361वें मतदान केंद्र पर आम मतदाता की तरह पंक्ति में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# तेलंगाना में कांग्रेस का शासन आठ और वर्षों तक तय : उत्तम कुमार रेड्डी

## विधायक पत्नी एन. पद्मावती रेड्डी के साथ मंत्री ने किया मतदान



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी ने मजबूत जनाधार तैयार किया है और इसी समर्थन के बल पर राज्य में कम से कम आठ और वर्षों तक कांग्रेस की सरकार बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस को भारी बहुमत मिलने का भरोसा है। बुधवार को कोदाद नगर में अपनी पत्नी एवं कोदाद विधायक एन. पद्मावती रेड्डी के साथ मतदान करने के बाद मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव जीतना तय है और कांग्रेस सरकार तेलंगाना को देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल कर राज्य की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनावों के परिणाम कांग्रेस की लगातार सफलता की संभावनाओं को और मजबूत करेंगे। दिसंबर 2023 के विधानसभा चुनावों से लेकर हालिया ग्राम पंचायत चुनावों तक कांग्रेस की जीत का सिलसिला जारी है, जिससे स्पष्ट है कि कोई भी राजनीतिक दल कांग्रेस का निकटतम प्रतिद्वंद्वी नहीं है। मंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव परिणाम तेलंगाना के राजनीतिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होंगे। यह कांग्रेस की निरंतर चुनावी सफलताओं की शृंखला में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा, जिसकी शुरुआत 2023 के विधानसभा चुनावों से हुई थी। विपक्षी दलों के दुष्प्रचार को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद कैंटोनमेंट, एमएलसी चुनाव, हालिया लोकसभा चुनाव, जुबली हिल्स उपचुनाव और ग्राम पंचायत चुनावों में मिली सफलता के बाद अब नगर निकाय चुनावों के परिणाम भी राज्य में कांग्रेस के पक्ष में चल रही सकारात्मक लहर को दर्शाएंगे। राज्यव्यापी मतदान रुझानों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 90 प्रतिशत से अधिक शहरी स्थानीय निकायों में जीत दर्ज करेगी और सात नगर निगमों सहित 123 शहरी स्थानीय निकायों में लगभग क्लीन स्वीप करेगी। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि यह सकारात्मक माहौल प्रभावी शासन, कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों और पारदर्शी प्रशासन का परिणाम है, जो कांग्रेस सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल की पहचान है।

## बोधन में फर्जी मतदान के प्रयास में दो गिरफ्तार

### एक लाख रुपये जब्त

निजामाबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने बुधवार को बोधन नगरपालिका के दो अलग-अलग मतदान केंद्रों पर फर्जी वोट डालने की कोशिश करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को राकासिपेट स्थित मतदान केंद्र संख्या 24 और गौशाला क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 78 पर पकड़ा गया। बताया गया कि मतदान से पहले सत्यापन के दौरान उन्होंने कथित रूप से फर्जी पहचान पत्र प्रस्तुत किए। मतदान केंद्र के कर्मचारियों और एजेंटों को संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पूछताछ और पहचान पत्रों की जांच के दौरान दोनों ने फर्जी मतदान का प्रयास करने की बात स्वीकार की। चुनाव नियमों के उल्लंघन के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक अन्य घटना में जयशंकर भूपालपल्ली कस्बे के 22वें वार्ड में एक मतदान केंद्र के पास से पुलिस ने एक लाख रुपये जब्त किए। दो राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर मतदाताओं को पैसे बांटने का आरोप लगाने के बाद वहां कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

## जुबली हिल्स में 1.3 करोड़ की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस ने टास्क फोर्स के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए नंदगिरी हिल्स स्थित एक महंगे घर में हुई बड़ी चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी हुए गहनों का बड़ा हिस्सा भी बरामद कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूपेंद्र शाही उर्फ भुवन (22) और कृष्ण चंद (23) के रूप में हुई है। दोनों को भारत-नेपाल सीमा के पास चोरी की संपत्ति के साथ पकड़ा गया। यह वारदात 5 फरवरी को हुई थी। पुलिस के अनुसार, एक घरेलू कामगार ने घर के मालिकों की गैरमौजूदगी में अपने साथियों को घर में प्रवेश दिलाकर चोरी में मदद की। आरोप है कि बदमाशों ने चौकीदारों और एक रसोइए को नशीला पदार्थ खिलाया और करीब 1.3 करोड़ रुपये के सोने व हीरे के आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

# एससीसीएल के नए चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने ज्योति बुद्ध प्रकाश

## 10 आईएएस अधिकारियों के भी तबादले

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। तेलंगाना राज्य सरकार ने 10 आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की हैं। ज्योति बुद्ध प्रकाश, एसईडी विभाग में सचिव, को सिंगारेणी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल ) का नया चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया। डी. कृष्ण भास्कर को एफएसी पद से मुक्त किया गया।

सव्यसाची घोष, वर्तमान में प्रमुख कल्याण और विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन के विशेष मुख्य सचिव, को एसईडी विभाग और एससी विकास आयुक्त पदों के लिए आफिसर आन स्पेशल ड्यूटी(एफएसी ) नियुक्त किया गया। इसके साथ ही वे ट्राइबल वेलफेयर विभाग और ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर के एफएसी पदों को भी बनाए रखेंगे। संदीप कुमार सुलतानिया, वित्त विभाग के प्रधान सचिव, को योजना विभाग और टेलंगाना टूरिज्म निदेशक के कार्यकारी अधिकारी के एफएसी पद पर नियुक्त किया गया।

डी. दिव्या, एसईआरपी की सीईओ , को पंचायत राज और ग्रामीण विकास आयोग के एफएसी पद पर नियुक्त किया गया, जिससे श्रुति ओझा की जिम्मेदारियां मुक्त हुईं। पी. कात्यायनी देवी, एसईआरपी की अतिरिक्त सीईओ , को प्रजावाणी के राज्य नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया गया और वे राज्य वित्त निगम की संयुक्त प्रबंध निदेशक एफएसी पद को भी बनाए रखेंगी। मयंक मित्तल, एचएमडब्लूएसएंडएसबी के कार्यकारी निदेशक, को अब एचएमडब्लूएसएंडएसबी का संयुक्त प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया।

यू. रघुराम शर्मा, आईटी , उद्योग और विधायी मामलों के मंत्री के विशेष अधिकारी, को अब उद्योग और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया। वे आईटी , उद्योग और विधायी मामलों के मंत्री के एफएसी पद को भी संभालेंगे। राज्य सरकार ने बुधवार को इन तबादलों और नियुक्तियों के आधिकारिक आदेश जारी किए।

## पुरानीपेट मतदान केंद्र पर दो स्थानों पर झड़प, हल्का तनाव

जगतियाल, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पुरानीपेट मतदान केंद्र पर बुधवार को उस समय हल्का तनाव उत्पन्न हो गया जब दो निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थक आपस में भिड़ गए। स्वतंत्र उम्मीदवार वीरबथिनी पद्मजा के परिवार के सदस्यों की स्वतंत्र उम्मीदवार पुली रामा के पुत्र पुली श्रीधर से तीखी बहस हो गई। आरोप था कि श्रीधर फोन पर बातचीत कर फर्जी मतदान को सुविधाजनक बनाने का प्रयास कर रहे थे। बहस के दौरान पद्मजा समर्थकों ने कथित तौर पर श्रीधर से मोबाइल फोन छीन लिया और उसे पुलिस को सौंप दिया। घटना से व्यथित होकर श्रीधर रोने लगे। एक अन्य घटना में दो समूहों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई जब एक समूह ने मतदाताओं से बातचीत करने का प्रयास किया। 31वें वार्ड के मतदान केंद्र पर बीआरएस और एमआईएम के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टियों के झंडों के रंग से मिलते-जुलते स्कार्फ पहनकर पहुंचे थे।

## भारी मात्रा में गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। शहर में एक बड़े एंटी-ड्रग ऑपरेशन के तहत कमिश्नर टास्क फोर्स (वेस्ट ज़ोन) और एसआर नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 70 किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओडिशा निवासी 30 वर्षीय किसान मनियल दलाबहेरा और मेडचल निवासी 48 वर्षीय इस्माइल रैता के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दलाबहेरा आर्थिक तंगी के चलते गांजा की खेती कर रहा था, जबकि रैता हैदराबाद में रोजगार की तलाश में आने के बाद अपने रिश्तेदारों के संपर्क में आकर गांजा की तस्करी में शामिल हो गया।

अतिरिक्त डीसीपी मोहम्मद इकबाल सिद्दीकी ने बताया कि आरोपियों के पास से 70 किलो गांजा के अलावा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

कमिश्नर टास्क फोर्स ने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि मादक पदार्थ करियर, परिवार और भविष्य को बर्बाद कर देते हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को 100 नंबर पर कॉल कर दें। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर च. यादेंदर और एसआईपी डी. रवि राज के नेतृत्व में वेस्ट ज़ोन टास्क फोर्स टीम और एसआर नगर पुलिस द्वारा की गई।

## महाशिवरात्रि पर आरटीसी चलाएगा 2,243 विशेष बसें

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) राज्य भर के 43 प्रमुख शिव तीर्थ स्थलों के लिए 2,243 विशेष बसें चलाएगा। ये विशेष बस सेवाएं 14 से 16 फरवरी तक संचालित की जाएंगी। अधिक मांग वाले प्रमुख स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है। निगम श्रीशैलम के लिए 781 बसें, वेमुलवाड़ा के लिए 416, एदुपायाला के लिए 249, कीसरगुट्टा के लिए 326 और कालेश्वरम के लिए 71 बसें चलाएगा। इसके अलावा कोमुरावेली, अलमपुर, उमामहेश्वरम, पालकुर्थी और रामप्पा जैसे प्रमुख मंदिरों के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। अधिकारियों ने बताया कि विशेष बस सेवाओं पर संशोधित किराया लागू होगा, जो सामान्य किराए का अधिकतम 1.5 गुना तक हो सकता है।

## बीआरएस उम्मीदवार पर हमले के प्रयास से क्याथनपल्ली में तनाव

मंचेरियल, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मंगलवार देर रात क्याथनपल्ली नगरपालिका क्षेत्र में एक बीआरएस उम्मीदवार पर कथित हमले के प्रयास के बाद कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। नगर निगम के 20वें वार्ड से चुनाव लड़ रहे बीआरएस उम्मीदवार मंडा वेणुगोपाल उस स्थान पर पहुंचे, जहां कथित रूप से कुछ कांग्रेस नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांट रहे थे। वेणुगोपाल ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इसका विरोध किया। बताया जाता है कि उनके पास मतदाताओं की एक सूची भी थी, जिसे नेताओं द्वारा तैयार किया गया था।

आरोप है कि इस दौरान दोनों पक्षों में बहस हुई और वेणुगोपाल का विरोध करने पर उन्हें पीटने की कोशिश की गई। हालांकि, संबंधित नेताओं ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वे आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कर रहे थे और वेणुगोपाल ने निराधार आरोप लगाए हैं। एक अन्य घटना में क्याथनपल्ली कस्बे में निरीक्षण के दौरान पुलिस ने एक बीआरएस नेता की कार से 34 हजार रुपये जब्त किए। इस कार्रवाई के विरोध में समर्थकों ने सड़क पर धरना दिया, जिससे कुछ समय के लिए हल्का तनाव उत्पन्न हो गया। समर्थकों का आरोप था कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है। इसी बीच, बीआरएस के जिला अध्यक्ष बल्का सुमन ने पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मूला राजी रेड्डी की नजरबंदी को लेकर पुलिस की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पुलिस पर सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी का समर्थन करने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी नेताओं को डराया-धमकाया जा रहा है।

# सभी नगर निगमों में कांग्रेस की जीत होगी: कोमटिरेड्डी



हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर गरीब परिवार तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने और नलगोंडा शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बुधवार को नलगोंडा नगर निगम चुनाव में मतदान करने के बाद मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि ये चुनाव जमीनी स्तर पर शासन को मजबूत करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस उम्मीदवार निर्णायक जीत हासिल करेंगे। पूर्व बीआरएस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं की अनदेखी की गई और नए राशन कार्ड जारी नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को पुनर्जीवित किया है और शिक्षा व बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है। मंत्री ने बताया कि महात्मा गांधी विश्वविद्यालय में नए भवनों के लिए 200 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं तथा नए फार्मेसी पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी गई है, जो उच्च शिक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। नलगोंडा के विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि वे बुनियादी ढांचे के विस्तार के माध्यम से 'जनता के विश्वास का कर्ज चुकाएंगे।' उन्होंने आश्वासन दिया कि वे हर समय गरीबों के साथ खड़े रहेंगे और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे। उन्होंने बताया कि मेयर चुनाव के बाद प्रत्येक डिवीजन में प्रजा दरबार आयोजित किए जाएंगे, जहां निर्वाचित पार्षदों के माध्यम से जनता की शिकायतों का सीधे समाधान किया जाएगा। उन्होंने खुलासा किया कि नगर निगम क्षेत्र में आवास परियोजनाओं के लिए 100 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। देवरकोंडा रोड और नरकेटपल्ली रोड पर 75 वर्ग गज के प्लॉट पर 4,000-4,000 इंदिरम्मा आवास बनाने की योजना है। तेलंगाना में चल रहे शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर आशावाद जताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सातों नगर निगमों में जीत दर्ज करेगी और नगरपालिकाओं में भी बहुमत हासिल करेगी।

## एचएमडब्ल्यूएसएसबी में संयुक्त प्रबंध निदेशक की नियुक्ति

### तीन कार्यकारी निदेशक तैनात

हैदराबाद, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) के चार दशक के इतिहास में पहली बार संयुक्त प्रबंध निदेशक की नियुक्ति की गई है। एमए एंड यूडी विभाग ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। एचएमडब्ल्यूएसएसबी के कार्यकारी निदेशक मयंक मित्तल को संयुक्त प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। वहीं के. अशोक रेड्डी एचएमडब्ल्यूएसएसबी के प्रबंध निदेशक के रूप में पूर्ववत अपने पद पर बने रहेंगे। इसके साथ ही एमए एंड यूडी ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम, मलकाजगिरि नगर निगम और साइबराबाद नगर निगम से संबंधित कार्यों के लिए तीन कार्यकारी निदेशकों की नियुक्ति की है। शहरी सामुदायिक विकास (यूसीडी) की अतिरिक्त आयुक्त एस. पंकजा का तबादला कर उन्हें मलकाजगिरि नगर निगम में एचएमडब्ल्यूएसएसबी की कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। सम्राट अशोक नामा को एचएमडब्ल्यूएसएसबी, हैदराबाद का कार्यकारी निदेशक बनाया गया है। रंगा रेड्डी जिले के पंजीकरण एवं स्टाम्प विभाग के जिला रजिस्ट्रार एम. संतोष का तबादला कर उन्हें एचएमडब्ल्यूएसएसबी, साइबराबाद का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

## कुएं में गिरने से 12 वर्षीय बालक की मौत

करीमनगर, 11 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वीनावंका मंडल के मल्लारेड्डीपल्ली गांव में पेड़ से भारतीय बेर तोड़ते समय 12 वर्षीय बालक कुएं में गिर गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान ईरनाला राजू के रूप में हुई है, जो छठी कक्षा का छात्र था। बताया गया है कि मंगलवार शाम वह कुएं के समीप स्थित पेड़ से फल तोड़ रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह पास के कुएं में जा गिरा और गहरे पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। बुधवार को कुएं से उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.